

केरल : पीएम मोदी का त्रिशूर में रोड शो कहा-अगली सरकार हमारी - 12




ईंधन, एलपीजी आपूर्ति के लिए सरकार ने तेज किए प्रयास - 12



पश्चिम एशिया में विश्वविद्यालय भी निशाने पर - 13



ब्रेक से तरोताजा होकर वापसी में मदद मिली : विराट कोहली- 14





एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष द्वादशी 07:09 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 30 मार्च 2026, वर्ष 7, अंक 124, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये




अमेरिका के सेंट पॉल में 'नो किंग्स' मार्च के दौरान मिनेसोटा स्टेट कैपिटल के बाहर नारे लगाते प्रदर्शनकारी।

## अमेरिका में ट्रंप के खिलाफ भड़का आक्रोश

### 'नो किंग्स प्रोटेस्ट' में पद से हटाने की मांग, यूरोप-ऑस्ट्रेलिया समेत 12 देशों में भी विरोध-प्रदर्शन

सेंट पॉल (अमेरिका), एजेंसी

**50** अमेरिकी राज्यों में हुआ प्रदर्शन | **3300** जगहों पर जुटे प्रदर्शनकारी | **80** लाख लोग विरोध मार्च में शामिल

अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रंप की नीतियों के खिलाफ 'नो किंग्स प्रोटेस्ट' हुआ। अमेरिका के सभी 50 राज्यों के अलावा यूरोप, आस्ट्रेलिया समेत 12 देशों में लाखों लोगों ने प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कराया।

यह विरोध प्रदर्शन विशेष रूप से ईरान के साथ जारी युद्ध और कड़े इमिग्रेशन कानूनों के खिलाफ हो रहे है। अमेरिका में नो किंग्स रैली' में 80 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पूरे अमेरिका के 3,300 से ज्यादा जगहों पर ये प्रदर्शन आयोजित किए गए। अमेरिका का मिनेसोटा प्रांत इस आंदोलन का मुख्य केंद्र बनकर उभरा, जहां हजारों लोगों ने एकजुटता दिखाते हुए ट्रंप की सख्त आव्रजन नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। सेंट पॉल में कैपिटल लॉन में आयोजित मुख्य रैली में प्रसिद्ध गायक ब्रूस स्प्रिंगस्टीन भी शामिल हुए। ब्रूस और अन्य वक्ताओं ने भीषण सर्दी के बावजूद सड़कों पर उतरकर अमेरिकी आव्रजन एजेंसी की कार्रवाई का विरोध करने के लिए प्रांत के लोगों की सराहना की। ब्रूस स्प्रिंगस्टीन ने संघीय एजेंटों की गोलीबारी में रिनी गुड और एलेक्स प्रेट्टी की मौत पर विरोध प्रकट करते हुए अपना गीत स्ट्रीट्स ऑफ मिनियापोलिस प्रस्तुत किया। इस गीत के माध्यम से उन्होंने गहरा शोक व्यक्त किया और कहा कि मिनेसोटा के लोगों द्वारा आव्रजन एजेंसी के खिलाफ किया गया प्रतिरोध पूरे देश के लिए आशा की किरण बन गया है। उन्होंने कहा, आपकी ताकत और प्रतिबद्धता ने हमें यह एहसास कराया कि यह अब भी वही देश है। और यह रूढ़ीवादी भयावह दौर तथा अमेरिकी शहरों में इस तरह की कार्रवाई अधिक समय तक नहीं चलेगी। 85 लाख की आबादी वाले न्यूयॉर्क शहर से लेकर दो हजार से भी कम आबादी वाले ड्रिग्स कस्बे तक लोग सड़कों पर उतर आए। अमेरिका के अलावा, यूरोप, लातिन अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया समेत कम से कम 12 देशों में भी विरोध-प्रदर्शन हुए।

## ब्रीफ न्यूज

### 100 रुपये के लेन-देन को लेकर व्यक्ति की पीट पीटकर हत्या

**बड़वानी (मप्र)।** मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले में महज 100 रुपये के लेन-देन के विवाद में 35 वर्षीय व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई और इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार फूल सिंह (35) ने मनीष सोलंकी (23) को कुछ वक्त पहले 100 रुपये उधार दिए थे और जब उसने यह रकम वापस मांगी, तो शनिवार और रविवार की दरमियानी रात सोलंकी का उससे विवाद हो गया। सोलंकी ने अपने दो के साथ मिलकर फूल सिंह को बुरी तरह पीटा। छाती, गुप्तांग और अन्य अंगों में गंभीर चोटों से फूल सिंह की मौत हो गई।

### श्रीलंका के राष्ट्रपति ने ईंधन भेजने के लिए पीएम मोदी को दिया धन्यवाद

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण ईंधन आपूर्ति में उत्पन्न व्यवधान के बीच भारत द्वारा तेल से भरा टैंकर भेजने के लिए रविवार को भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया। आपातकालीन सहायता के रूप में, 20,000 मीट्रिक टन डीजल और 18,000 मीट्रिक टन पेट्रोल सहित 38,000 मीट्रिक टन ईंधन की एक खेप शनिवार को भारत से कोलंबो पहुंची। दिसानायके ने कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी से पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण श्रीलंका में ईंधन आपूर्ति में हो रही दिक्कतों के बारे में बात की थी।

### नेपाल में 4.5 तीव्रता का आया भूकंप, काठमांडू से 80 किमी दूर था केंद्र

**काठमांडू।** नेपाल के सिंधुपालचौक जिले में शनिवार रात को 4.5 तीव्रता का भूकंप आया। झटके काठमांडू तक महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी और अनुसंधान केंद्र ने यह जानकारी दी। भूकंप से किसी प्रकार की क्षति या जानमाल के नुकसान की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। रात करीब 11.35 बजे आए भूकंप का केंद्र सिंधुपालचौक के नुलथला खारका क्षेत्र के पास स्थित था, जो काठमांडू से लगभग 80 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में है।

## युद्ध के कारण स्थिति चुनौतीपूर्ण संकट के राजनीतिकरण से बचें

### मन की बात में प्रधानमंत्री मोदी बोले- जंग से गहरा रहा पेट्रोल-डीजल का संकट

- भारत चुनौती से निपट रहा, अफवाहों में न आएं, सरकार की जानकारी पर ही भरोसा करें
- मोदी बोले- पश्चिम एशिया से उपजी चुनौतियों का मिलकर सामना करें देशवासी



नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के सभी नागरिकों से पश्चिम एशिया में जारी भीषण युद्ध के कारण पैदा हुई चुनौतीपूर्ण स्थिति से पार पाने के लिए एकजुट होने का आग्रह किया। मोदी ने वर्तमान संकट का राजनीतिकरण करने वालों को आगाह करते हुए कहा कि मौजूदा हालात में स्वार्थ भरी राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में कहा कि अफवाहें फैलाने वाले लोग देश को बहुत बड़ा नुकसान पहुंचा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, वर्तमान में हमारे पड़ोस में एक माह से भीषण युद्ध जारी है। यह निश्चित तौर पर चुनौतीपूर्ण समय है। मैं आज मन की बात के माध्यम से सभी देशवासियों से फिर यह आग्रह करूंगा कि हमें एकजुट होकर इस चुनौती से बाहर निकलना है। उन्होंने कहा कि जो लोग इस विषय पर भी राजनीति कर रहे हैं, उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह देश के 140 करोड़ देशवासियों के हित से जुड़ा विषय है और इसमें स्वार्थ भरी राजनीति का कोई स्थान नहीं है।अफवाह फैला रहे लोग देश का बहुत बड़ा नुकसान कर रहे हैं। मैं सभी देशवासियों से अपील करूंगा कि वे जागरूक रहें, अफवाहों के बहकावे में न आएं। सरकार की तरफ से आपको जो निरंतर जानकारी दी जा रही है, उसी पर विश्वास करके कोई कदम उठाएं। मोदी ने कहा कि उन्हें हर बार की तरह इस बार भी विश्वास है कि जैसे हमने देश के 140 करोड़ देशवासियों के सामर्थ्य से पुराने संकटों को हराया था, इस बार भी हम सब मिलकर इन कठिन हालात से विजयी बनकर बाहर निकल जाएंगे। खाड़ी देशों में रह रहे और वहां काम कर रहे एक करोड़ भारतीयों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए वह उन देशों के अत्यंत आभारी हैं। युद्ध वजह से दुनिया भर में पेट्रोल और डीजल को लेकर संकट की स्थिति बनती जा रही है। हमारे वैश्विक संबंध, अलग-अलग देशों से मिल रहा सहयोग और पिछले एक दशक में देश का जो सामर्थ्य बना है, इनकी वजह से भारत इन परिस्थितियों का डटकर मुकाबला कर रहा है।


### मोटापे से बचने के लिए चीनी का सेवन करें कम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने देशवासियों से चीनी का सेवन कम करने और खाना पकाने के तेल का उपयोग 10 प्रतिशत तक घटाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे छोटे प्रयास लोगों को मोटापे और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से दूर रखेंगे। मोदी ने कहा कि इंस्टाग्राम कंटेंट क्रिएटर युवराज दुआ के पोस्ट पर कई लोगों ने टिप्पणी की है, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री से अपने पिता को चीनी का सेवन कम करने के लिए कहने का अनुरोध किया था। प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे खुशी है कि मेरी अपील का उनके पिता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि चीनी का सेवन कम करें, और जैसा कि मैंने पहले भी कहा है, हमें खाना पकाने के तेल का उपयोग भी 10 प्रतिशत तक कम करना होगा। ये छोटे प्रयास आपको मोटापे और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाएंगे।

### पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का प्रभाव पूरे भारत में

**नई दिल्ली।** मोदी ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभों पर प्रकाश डाला और कहा कि इसका प्रभाव देश के हर कोने में देखा जा रहा है। घरेलू छतों पर सौर ऊर्जा लगाने की यह योजना, जिसे दुनिया की सबसे बड़ी ऐसी पहल कहा जाता है, का लक्ष्य मार्च 2027 तक एक करोड़ घरों को सौर ऊर्जा की आपूर्ति करना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर कोई आज किसी भी शहर, चाहे वह बड़ा हो या छोटा, का दौरा करे तो उसे निश्चित रूप से एक बदलाव नजर आएगा कि बड़ी संख्या में घरों की छतों पर सौलर पैनल लगाए गए हैं।

## अमेरिका के 2500 सैनिक पश्चिम एशिया पहुंचे, हमले में सऊदी में अमेरिकी एयरबेस को बड़ा नुकसान



ईरान के हमले में ध्वस्त हुआ अमेरिका का अत्याधुनिक ई-3 सेंट्री विमान।

दुबई, एजेंसी

- 1000 अमेरिकी पैराट्रूपर्स जल्द पहुचेंगे अत्याधुनिक अमेरिकी ई-3 सेंट्री विमान तबाह
- इजराइली व अमेरिकी विश्वविद्यालयों को निशाना बनाने की धमकी

पश्चिम एशिया में एक माह से जारी संघर्ष के बीच अमेरिका के लगभग 2,500 मरीन सैनिक युद्ध क्षेत्र में पहुंच गए हैं और इसके साथ ही यहां पिछले दो दशकों में अमेरिका की सबसे बड़ी सैन्य तैनाती हो गई है। इसके अलावा, 82वीं 'एयरबोर्न डिवीजन' के 1,000 'पैराट्रूपर्स' को भी पश्चिम एशिया भेजने का आदेश दिया गया है, जो दुश्मन के इलाके में उतरकर अहम ठिकानों और हवाई पट्टियों को सुरक्षित करने में सक्षम हैं।

वहीं, ईरान ने शुक्रवार को सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर मिसाइल और ड्रोन से बड़ा जवाबी हमला किया। ईरानी मीडिया का दावा है कि इस हमले में अमेरिका का अत्याधुनिक ई-3 सेंट्री विमान काफी हद तक नष्ट हो गया। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि अमेरिका जमीनी बल उतारने के साथ ही अपने सभी उद्देश्यों को हासिल कर सकता है। इस बीच, रविवार को ईरान ने क्षेत्र में स्थित इजराइली और अमेरिकी विश्वविद्यालयों को निशाना बनाने की धमकी दी। ऐसा पहली बार है जब ईरान ने शिक्षण संस्थानों को निशाना बनाने की खुले तौर पर धमकी दी है। अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड ने चेतावनी दी कि यदि ईरानी विश्वविद्यालयों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की गई, तो क्षेत्र में मौजूद इजराइली विश्वविद्यालयों और अमेरिकी विश्वविद्यालयों के परिसर को सीधे तौर पर निशाना बनाया जाएगा।

### पाकिस्तान ने मिस्र और तुर्किये से जारी तनाव पर की चर्चा

**इसलामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री इसहाक डार ने चतुर्भुज शिखर सम्मेलन से पहले रविवार को यहां मिस्र और तुर्किये के विदेश मंत्रियों से मुलाकात कर पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और क्षेत्र में शांति वार्ता के प्रयासों पर चर्चा की। विदेश कार्यालय ने बताया कि सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान अल सऊद, तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान और मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलत्ती, डार के निमंत्रण पर इस्लामाबाद की यात्रा पर हैं। विदेश कार्यालय ने रविवार को कहा कि डार और अब्देलत्ती के बीच हुई बैठक के दौरान पाकिस्तान और मिस्र ने द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की।

### इरबिल में ड्रोन हमले तेज अमेरिकी ठिकाने निशाने पर

**दुबई।** जारी युद्ध के बीच उत्तरी इराक के अर्ध-स्वायत्त कुर्द क्षेत्र की राजधानी इरबिल में शनिवार रात भर अमेरिकी वाणिज्य दूतावास एवं अन्य स्थानों को निशाना बनाकर कई ड्रोन हमले किए गए लेकिन उन्हें उनके लक्ष्य पर पहुंचने से पहले की रोक दिया गया। इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया समूहों ने हाल के दिनों में अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले तेज कर दिए हैं। इरबिल भी लगातार इन हमलों का निशाना बन रहा है, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी हालात और अधिक संवेदनशील हो गए हैं। अमेरिका ने एक बयान में ईरान समर्थित सशस्त्र समूहों के हमलों की कड़ी निंदा करते हुए इन्हें घृणित आतंकी हमले बताया।

## दो और एलपीजी जहाज होर्मुज से सुरक्षित पार

- एक दिन की रसोई गैस का भंडार, जल्द भारतीय तटों पर पहुंचने की उम्मीद
- बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम जहाज में है 94,000 टन एलपीजी



**नई दिल्ली।** दो और भारतीय ध्वज वाले एलपीजी टैंकर युद्ध-प्रभावित होर्मुज से सुरक्षित निकल चुके हैं और कुछ दिन में भारतीय तटों पर पहुंचने की उम्मीद है। इन पर एक दिन के इस्तेमाल का रसोई गैस का भंडार है।

दो एलपीजी जहाज बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम, में 94,000 टन एलपीजी हैं। बीडब्ल्यू टीवाईआर मुंबई की ओर बढ़ रहा है और इसके 31 मार्च को पहुंचने की उम्मीद है, वहीं बीडब्ल्यू ईएलएम न्यू मंगलौर की ओर जा है और इसके एक अप्रैल को आने की उम्मीद है। होर्मुज मार्ग खाड़ी देशों से दुनिया में तेल और गैस के निर्यात का रास्ता है। हालांकि, ईरान ने पिछले सप्ताह कहा था कि जो देश शत्रु नहीं हैं उनके जहाज ईरानी अधिकारियों के साथ समन्वय के बाद इस मार्ग से निकल सकते हैं। इससे पहले चार भारतीय झंडे वाले एलपीजी टैंकर सुरक्षित रूप से इस मार्ग से निकल चुके हैं।

## यूपी में आज से गेहूं खरीद शुरू 48 घंटे में होगा भुगतान

**लखनऊ।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए प्रदेश में गेहूं खरीद आज यानी सोमवार से शुरू होकर 15 जून तक चलेगी। खरीद शुरू होने से पहले ही अब तक 2.24 लाख से अधिक किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए प्रदेश में खोले जाने वाले कुल 6500 क्रय केंद्रों में से 3574 क्रय केंद्र स्थापित कर दिए गए हैं। सरकार ने इस वर्ष गेहूं का एमएसपी 2585 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 160 रुपये अधिक है। योगी ने निर्देश दिए हैं कि खरीद प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रहे तथा किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

## डीसीएम की टक्कर से मां-बेटी की मौत, चालक को बांधकर पीटा

संवाददाता, बेहजम (लखीमपुर खीरी)

- दर्दनाक हादसे में पति घायल, शादी में शामिल होने जा रहा था परिवार
- पुलिस ने संभाले हालात, चालक को मुक्त कराकर हिरासत में लिया

**अमृत विचार :** सिकंदराबाद-भटूरा मार्ग पर फरधान थाना क्षेत्र में रविवार को भीषण सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। तेज रफ्तार डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति गंभीर घायल हो गया। गुस्सायी भीड़ ने डीसीएम चालक को पकड़कर पेड़ से बांधकर बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हालात संभाले और चालक को मुक्त कराया।

पठान पुरवा गांव निवासी इसराइल पत्नी सहमीन (32) और छह माह की पुत्री सायस्ता के साथ बाइक से नीमगांव कस्बे में रिश्तेदारी की शादी में शामिल होने जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सिकंदराबाद की ओर से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ने सामने से बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ी और तीनों सवार दूर जा गिरे। महिला और मासूम बच्ची वाहन की चपेट में आ गईं, जिससे दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद वहां से गुजर रहे राहगीरों ने शोर मचाया, जिससे आसपास के गांवों के लोग भी जुट गए। गुस्साए ग्रामीणों ने डीसीएम चालक को पकड़ लिया और पेड़ से बांधकर पीटना शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर फरधान पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने भीड़ को समझाने के साथ ही सख्ती दिखाई तब चालक को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ाया गया और उसे हिरासत में लिया गया।

हादसे में घायल इसराइल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल ओयल रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने बताया कि मृतका के पति की तहरीर के आधार पर डीसीएम चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

**कार्यक्रम** संकट के समय दुष्प्रचार राष्ट्रहित के खिलाफ, लोगों से सतर्क रहने की अपील, 665 नवनियुक्त नर्सिंग अधिकारियों को मिले नियुक्ति पत्र

## जनता ने नकार दिया तो अब बन गए हैं अफवाहबाज : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**लखनऊ :** लोकभवन में एक अभ्यर्थी को नियुक्ति पत्र देते मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनता द्वारा नकारे जाने के बाद कुछ लोग अब अफवाह और दुष्प्रचार के सहारे समाज को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से ऐसे लोगों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि संकट के समय दुष्प्रचार करना राष्ट्रहित के खिलाफ है।

मुख्यमंत्री योगी रविवार को लोक भवन में आयोजित 665 नवनियुक्त नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने डीजल-पेट्रोल और रसोई गैस को लेकर अफवाह और दुष्प्रचार फैलाने वाले विपक्षी नेताओं पर तीखा प्रहार किया। वैश्विक परिस्थितियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया के कई देशों में आर्थिक अस्थिरता और संकट की स्थिति है, पेट्रोलियम उत्पादों के दाम बढ़ रहे हैं। इसके बावजूद भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्थिति नियंत्रित है। केंद्र सरकार ने एक्साइज ड्यूटी में कमी कर 145 करोड़ देशवासियों को राहत दी है, जिसका लाभ सभी वर्गों को मिल रहा है। योगी ने अफवाहों के उदाहरण देते हुए कहा कि कुछ लोग गैस सिलेंडर में कम गैस मिलने या देश में लॉकडाउन लगने जैसी झूठी बातें फैला रहे हैं। उन्होंने इसे बचकानी हरकत बताते हुए कहा कि ऐसी अफवाहें केवल भ्रम पैदा करती हैं, जबकि प्रदेश में सभी कार्य सामान्य रूप से चल रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि बिना आवश्यकता पेट्रोल-डीजल या गैस के लिए लाइन में न लगें और अफवाहों से दूर रहें। कहा कि जब टंकी भरी है तो बार-बार लाइन में खड़े होने की जरूरत नहीं है। यह भी कहा, कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के दौरान सरकार ने हर स्तर पर जनता की सहायता की थी। आज भी सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ लोगों के साथ खड़ी है।

### अपराध के साथ भ्रष्टाचार पर भी जीरो टॉलरेंस

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति सिर्फ अपराध के प्रति ही नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार के खिलाफ भी है। भर्ती प्रक्रिया में मानव हस्तक्षेप को समाप्त कर पारदर्शिता सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज तेजी से आर्थिक प्रगति कर रहा है और देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है।

### नौ लाख युवाओं को मिली सरकारी नौकरी

योगी ने बताया कि पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में नौ लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। पूरी प्रक्रिया मेरिट और आरक्षण के नियमों के अनुसार पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई है। अब भर्ती प्रक्रियाएं इतनी निष्पक्ष हैं कि न्यायालयीय हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं पड़ती।

## न्यूज ब्रीफ

### शातिर अपराधी गिरफ्तार अवैध असलहा बरामद

**पीलीभीत, अमृत विचार :** गश्त के दौरान पूरनपुर पुलिस ने शातिर गोमांस तस्कर ग्राम जादौपुर गहलुईया निवासी मोहम्मद नूर उर्फ पड्डा पुत्र संगीर खां को कढ़ेरचौराहा से धर्मापुर जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया। उसके पास से तमंचा कारतूस बरामद हुआ। कोतवाल पूरनपुर पवन कुमार पांडेय ने बताया कि पकड़े गए आरोपी पर मारपीट, जानलेवा हमला, गैंगस्टर एक्ट, गोकशी, गुंडा एक्ट आदि के कई मुकदमे दर्ज हैं। चालान कर कोर्ट में पेश करके आरोपी को जेल भेज दिया है।

### घर में घुसकर किशोरी से छेड़छाड़, रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** घर पर अकेली किशोरी से युवक ने छेड़छाड़ की। न्यूरिया थाने में दी तहरीर में ग्रामीण ने बताया कि 24 मार्च को दोपहर साढ़े बारह बजे गांव का रामचंद पुत्र सेवाराम उसके घर में घुस आया। परिवार के लोग किसी कार्य से बाहर गए हुए थे। घर पर उसकी 16 वर्षीय पुत्री अकेली थी। आरोपी ने पुत्री को अकेला देखकर छेड़छाड़ की। विरोध करने पर जाने से मारने की धमकी दी गई। आसपास के लोगों के जमा होने पर आरोपी भाग गया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### महिला की मौत मामले में एफआईआर दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बालपुर पटटी निवासी दुर्गाप्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पत्नी रामकली तीन मार्च की रात नौ बजे पीलीभीत बरेली मार्ग पर पैदल ललौरीखेडा ब्लॉक की तरफ जा रही थी। तभी अज्ञात वाहन की टक्कर से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### किशोरी को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जहानाबाद थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री 27 मार्च की रात घर से बिना बताए कहीं चली गई। उस समय परिवार के लोग सो रहे थे। सुबह चार बजे जब परिवार के लोग जागे तो उसकी पुत्री घर पर नहीं थी। परिजनों ने उसकी काफी तलाश भी की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बाद में पता चला कि करीब दस दिन पूर्व गांव के ही एक दस वर्षीय बालक को भटटे के समीप खड़े दो युवकों ने एक मोबाइल देकर बच्चे से भिजवाकर पुत्री को दिलाया था। उक्त बच्चा उन दोनों युवकों को नहीं जानता है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# शूटिंग प्रतियोगिता में डीएम-एसपी ने आजमाए हाथ

## जिला रायफल क्लब की ओर से आयोजित की प्रतियोगिता, पुलिस लाइन स्थित शूटिंग रेंज में रविवार को हुई शुरुआत

- अधिकारियों, सीनियर सिटीजन और महिलाओं ने भी साधा निशाना

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** जिला रायफल क्लब के तत्वावधान में रविवार से तीन दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता का आगाज हो गया। डीएम-एसपी ने फीता काटकर प्रतियोगिता का आरंभ किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने शूटिंग में भी अपने हाथ आजमाए। इस दौरान अधिकारियों, सिटी सिटीजन, महिलाओं एवं बालक-बालिकाओं ने भी निशाना साधा।



शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेती युवतियां। ● अमृत विचार



प्रतियोगिता के दौरान टारगेट पर निशाना साधते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

पुलिस लाइन स्थित शूटिंग रेंज में तीन दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता को लेकर पिछले दिनों से तैयारी चल रही थी। इधर रविवार को डीएम ज्ञानेंद्र सिंह एवं एसपी सुकीर्ति माधव ने दीप प्रज्जवलित कर एवं फीता काटकर तीन दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान डीएम ने कहा कि खेलकूद को बढ़ावा दिया चाहिए। इसको लेकर स्थानीय स्टेडियम में व्यवस्थाएं दुरुस्त की गई है। ताकि खेल से जुड़ी प्रतिभाओं में निखार आ सके। ग्रामीण स्तर पर इसको बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इस शूटिंग प्रतियोगिता का भी यही संदेश है। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छी शुरुआत हो रही है। आने वाले समय में यह परंपरा निरंतर बनी रहे, इसको लेकर रायफल क्लब को और मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा। संचालन मंसूर अहमद शम्सी ने किया। इस मौके पर ललौरीखेड़ा ब्लाक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, एडीएम न्यायिक रोशनी यादव, डीडीओ संजय कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, बीएसए रोशनी सिंह, सहायक निबंधक सहकारिता डॉ. प्रदीप कुमार, जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी, मैच रेफरी अय्याज अली खां, राइफल क्लब के सदस्य मोहम्मद जहांगीर, अजय सिंह भदौरिया, सैफुल इस्लाम, मोहम्मद मियां फिरोज, दीपेंद्र सिंह चौहान, पीयूष शुक्ला, सिद्धार्थ शुक्ला, महेंद्र सरीन, अब्दुल जाहिद समेत एनसीसी कैडेट्स मौजूद रहे।

.22 बोर रायफल से निशाना लगाकर शानदार प्रदर्शन किया

एसपी ने ने शूटिंग प्रतियोगिता के आयोजन पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान में मिशन शक्ति 5.0 को दूसरा फेज चल रहा है। हम चाहते हैं कि बच्चियां और महिलाएं आगे आए और प्रतियोगिता में प्रतिभाग करें। इस दौरान डीएम एवं एसपी ने .22 बोर रायफल से निशाना लगाकर शानदार प्रदर्शन किया। पहले दिन प्रतियोगिता में अधिकारियों के अलावा सीनियर सिटीजन, महिलाओं एवं बालक-बालिकाओं ने भी हिस्सा लेकर प्रदर्शन किया।



प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने भी एयरगन से निशाना साधा। ● अमृत विचार

## धूमधाम से निकाली शोभायात्रा, बरसे फूल

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** कस्बे में तीन दिवसीय श्रीराम नवमी मेले का समापन हो गया। धूमधाम से शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें आकर्षक झाकियां सजाई गई। मेला कमेटी की ओर से तीन दिवसीय मेला श्री राम नवमी उत्सव 27 मार्च को शुरू किया गया था। रविवार को मेले का समापन किया गया। लीला ग्राउंड से दोपहर बाद शोभा यात्रा बैंड बाजे के साथ शुरू हुई, जोकि विभिन्न मार्गों से गुजरी। इसमें शंकर पार्वती, राधा कृष्ण, गणेश, हनुमान, साई बाबा, सुदामा आदि की मनमोहक झांकियां सजाई गई। शोभा यात्रा देखने के लिए भीड़ जुटी रही। इस मौके पर मेला कमेटी के अध्यक्ष कैलाश चंद्र मौर्य, पूर्व मेला कमेटी अध्यक्ष ध्रुव कुमार पांडेय, भीमसेन भारती, खेमकरन लाल भोजवाल, अमरजीत यादव, रोशन लाल गंगवार, अभिषेक गोस्वामी, दीनदयाल, बाबूराम, मनोज रस्तोगी, लक्ष्मीकांत भोजवाल आदि मौजूद रहे।



शोभायात्रा में सजाई गईं झांकी।

# नए सत्र में बदलेगा माध्यमिक शिक्षा का स्वरूप, मोबाइल लाने पर रहेगी रोक

- 1 अप्रैल से शुरू हो रहे शैक्षिक सत्र का कैलेंडर जारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** एक अप्रैल से शुरू हो रहे शैक्षिक सत्र के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद ने नया कैलेंडर जारी कर दिया है। इस बार शिक्षा व्यवस्था में कई अहम बदलाव किए गए हैं, जिनमें स्कूल परिसर में मोबाइल फोन पर पूर्ण प्रतिबंध और शिक्षण कार्य को नए प्रारूप में संचालित करना प्रमुख रखा है।

बता दें कि माध्यमिक विद्यालयों में एक अप्रैल से नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत होगी। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने इस बार पूरे सत्र को 22 के बजाय 15 भागों में विभाजित करते हुए शिक्षण कार्य को अधिक सुव्यवस्थित बनाने का प्रयास किया है। नए सत्र की सबसे बड़ी पहल स्कूल परिसर में छात्र-छात्राओं के मोबाइल के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध है। अब केवल शिक्षक और विद्यालय के कर्मचारी ही मोबाइल साथ ला सकेंगे। शिक्षा विभाग ने स्कूल चलो अभियान को इस बार माध्यमिक स्तर तक विस्तारित किया है। डीआईओएस राजीव कुमार सिंह के अनुसार जिले के 35 राजकीय, 22 सहायता प्राप्त और 132 वित्तविहीन कॉलेजों में कक्षा छह से 12वीं तक के विद्यार्थियों के नामांकन के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य कक्षा आठ पास करने वाले छात्रों का शत-प्रतिशत प्रवेश कक्षा नौ में सुनिश्चित करना और ड्रॉपआउट दर को कम करना है।पंजीकरण प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए कक्षा नौ के छात्रों के विवरण का विद्यालयीय अभिलेखों से मिलान अनिवार्य किया गया है। वहीं, हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा आवेदन से पहले अभिभावकों से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना भी जरूरी होगा। साथ ही कक्षा नौ और 11 के विद्यार्थियों के लिए रचनात्मक प्रोजेक्ट कार्य को भी कैलेंडर में शामिल किया गया है। वार्षिक परीक्षा के बाद छात्रों को उनकी रुचि के अनुसार प्रोजेक्ट दिए जाएंगे, जिन्हें नए सत्र में प्रस्तुत करना होगा। निरीक्षण के दौरान अधिकारी इनकी गुणवत्ता का मूल्यांकन करेंगे।

डीआईओएस राजीव कुमार सिंह ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों, अभिभावकों और विद्यालय प्रबंध समितियों का सहयोग लिया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जा सके।

# प्रगतिशील किसान के गन्ने के खेत का किया निरीक्षण

- अपर गन्ना आयुक्त क्रय ने की बसंत कालीन गन्ना बुवाई की प्रगति की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** अपर गन्ना आयुक्त क्रय एवं नोडल अधिकारी बरेली परिक्षेत्र ने जनपद में भ्रमण कर बसंतकालीन गन्ना बुवाई एवं पुरानी अनुपयोगी गन्ना किस्मों के विस्थापन की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बीसलपुर में प्रगतिशील किसान के गन्ने के खेत का भी निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों से पुरानी एवं कम उत्पादक किस्मों की बुवाई न कर उन्नत एवं अधिक उपज देने वाली किस्मों को अपनाने की अपील की।



बीसलपुर में गन्ने के खेत का जायजा लेते अपर गन्ना आयुक्त विशेष कनौजिया व अन्य।

जनपद में इन दिनों बसंतकालीन गन्ना बुवाई चल रही है। जिसके अंतर्गत जनपद में अब तक 29,268 हेक्टेयर में गन्ना बुवाई का कार्य पूरा हो चुका है, जोकि निर्धारित लंक्ष्य का 53 फीसदी है। इधर, रविवार को अपर गन्ना आयुक्त क्रय एवं नोडल अधिकारी बरेली परिक्षेत्र विशेष कनौजिया जनपद दौरे पर पहुंचे और उन्होंने भ्रमण कर र बसंतकालीन गन्ना बुवाई एवं पुरानी अनुपयोगी गन्ना किस्मों के विस्थापन की प्रगति की समीक्षा की। भ्रमण के दौरान उन्होंने किसान सहकारी चीनी मिल बीसलपुर के गांव भसूड़ा में प्रगतिशील किसान डॉ. हरमीत सिंह के कृषि फार्म का निरीक्षण किया। प्रगतिशील किसान द्वारा नवीनतम गन्ना किस्मों का बीज उत्पादन कर इच्छुक किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही, उनके द्वारा सिंचाई प्रबंधन के लिए नमी मापक यंत्र का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि फसल में सिंचाई केवल आवश्यकता के अनुसार ही करनी चाहिए, जिससे जल की बचत के साथ-साथ फसल की गुणवत्ता एवं उत्पादन में सुधार होता है। प्रगतिशील किसान द्वारा अब तक 46 गन्ना किसानों को उन्नत गन्ना बीज उपलब्ध कराया जा चुका है तथा उन्हें तकनीकी मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है। अपर गन्ना आयुक्त ने जनपद के किसानों से अपील की कि वे पुरानी एवं कम उत्पादक किस्मों का शीघ्र विस्थापन कर उन्नत एवं अधिक उपज देने वाली किस्मों को अपनाएं तथा वैज्ञानिक विधियों के अनुसार गन्ना खेती कर अपनी आय में वृद्धि करें। इस मौके पर उप गन्ना आयुक्त राजेश मिश्रा, जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव, जिला गन्ना अधिकारी शाहजहांपुर, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बीसलपुर, सचिव एवं मुख्य गन्ना अधिकारी बीसलपुर आदि मौजूद रहे।

# टीईटी की अनिवार्यता कभी स्वीकार नहीं करेंगे शिक्षक

- शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक में बोले टीएफआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय सिंह
- बोले - 4 अप्रैल को दिल्ली में होने वाली महारैली में करें बड़ी संख्या में प्रतिभाग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वाहन पर 4 अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रदेश के बेसिक शिक्षक महारैली में भाग लेने जाएंगे। इसी क्रम में रविवार को टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय सिंह ने शहर के एक बरात घर में शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों संग बैठक की।



बैठक में टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय सिंह व अन्य।

बैठक के दौरान सभी संगठनों ने तय किया कि बसों के माध्यम से दिल्ली कूच करेंगे। टीएफआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने शिक्षकों, सभी शिक्षक संगठनों को संबोधित करते हुए कहा कि टीईटी की अनिवार्यता को प्रदेश और देश के शिक्षक कभी स्वीकार नहीं करेंगे। जिस समय शिक्षकों की नियुक्तियां हुई थी, उस समय वह सरकार की ओर से निर्धारित सभी योग्यताएं पूरी कर रहे थे। तभी तो सरकार ने नियुक्तियां की। अचानक शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता क्यों थोपी जा रही है। सभी शिक्षक संगठनों को एक मंच पर आकर देश की सरकार को अपनी ताकत का एहसास कराना होगा। टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि शिक्षक शिक्षिकाएं अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली रामलीला मैदान पहुंचे। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष दयाशंकर ने कहा कि शिक्षक,शिक्षिकाओं ने बहुत दिनों तक आश्वासन का इंतजार किया, अब अपनी ताकत का प्रदर्शन कर सरकार से शिक्षक पात्रता परीक्षा से मुक्ति दिलाए जाने की मांग कर रहा है। ममता गंगवार, निरंजना शर्मा चंद्रशेखर विद्रोही ,गोविंद पाल सिंह , संतोष पासवान ने भी विचार व्यक्त किए। बैठक में प्राथमिक शिक्षक संघ जिला मंत्री उमेश गंगवार,जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष लालकरन,जिला मंत्री नंदकिशोर गंगवार , यूटा के जिला अध्यक्ष राजेश मिश्रा ,जिला मंत्री मोहम्मद अकरम ,जिला कोषाध्यक्ष केके सागर, विमल कुमार ,चंद्रमोहन गंगवार, बाबूराम गंगवार, मियां मोहम्मद मनाज़िर, अंकित भारती, जितेंद्र कुमार, सुरेश चंद्र सागर, मोहनलाल आदि मौजूद रहे।

# किताबी ज्ञान ही नहीं, जीवन के मूल्य और अनुशासन से सिखाता है शिक्षक

- सेवानिवृत्त शिक्षक व प्रधानाचार्यों को कार्यक्रम में किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) के तत्वाधान में वीरांगना अवंती बाई जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज में सेवानिवृत्त शिक्षक, प्रधानाचार्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। 31 मार्च को सेवा निवृत्त होने वाले शिक्षक, प्रधानाचार्य राजाराम भारती, टीएच खान, डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी, पूर्व में सेवानिवृत्त अनीता मिश्रा को सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में पुरस्कृत किए शिक्षक। ● अमृत विचार

वक्ताओं ने कहा कि सेवानिवृत्ति एक अत्यंत भावुक और गौरवपूर्ण क्षण होता है, जिसमें सेवानिवृत्ति के बाद अपने शैक्षणिक प्रशासनिक सफर के बाद एक नए अध्याय की शुरुआत करते हैं।

सभी साथियों ने अपने शैक्षणिक सफर में सिर्फ किताबी ज्ञान न देकर जीवन के मूल्य और अनुशासन को सिखाया। विद्यार्थियों को एक बेहतर इंसान बनने के लिए प्रेरित किया और स्वस्थ समाज की नींव डाली। मुख्य अतिथि डीआईओएस राजीव कुमार रहे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकांत शर्मा, नरेंद्र सिंह, सतीश चंद्र गंगवार,रोहिताश कुमार,राजेश कुमार गंगवार,शोभा देवी,गुंजन,शालिनी श्रीवास्तव, योगेश कुमार,नरेंद्र सिंह, राकेश बाबू, राकेश प्रजापति, दिनेश चंद्र, सुरेंद्र यादव, शोभा वर्मा, युधिष्ठिर कुमार,तेजेंद्र पाल सिंह, अनुराग गंगवार, अनुज मिश्रा, शरद सक्सेना, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

## कार में आग लगने से मची खलबली

**पीलीभीत, अमृत विचार :** खड़ी कार में अचानक आग लग गई। हादसा पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के सरवनपुरी कॉलोनी में हुआ। बताते हैं कि रविवार शाम अचानक एक कार में अचानक आग की लपटें उठी और कुछ ही देर में कार आग का गोला बन गई। शोर मचते ही तमाम लोग जमा हो गए। आसपास कई अन्य वाहन भी खड़े हुए थे, जिन्हें लोगों ने वहां से हटवाया। इसके बाद एकजुट होकर बमुश्किल आग पर काबू किया गया। हालांकि कार पूरी तरह जल गई। आग लगने की वजह को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं रही। कोई शार्ट सर्किट तो कोई कूड़ा करकट से निकली चिंगारी से आग लगने की बात कहता रहा। पुलिस भी पहुंची और जानकारी की। वीडियो तेजी से वायरल होता रहा।

# कस्बे में धूमधाम से निकाली कलशयात्रा

- दौलतपुर मार्ग स्थित बरात घर में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ शुरू

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार :** दौलतपुर मार्ग पर स्थित एक बरात घर में शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में चार दिवसीय नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ, श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा एवं नव दम्पत्ति युवा सम्मेलन का रविवार को आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम बिहारी भोजवाल रहे। उन्होंने विधि-विधान के साथ दीप प्रज्ज्वलित एवं पूजन-अर्चना कर शुरुआत कराई।



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

पहले दिन रविवार को दोपहर बाद कस्बे में भव्य कलश यात्रा धूमधाम से निकाली गई। कलश यात्रा के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा श्रद्धालुओं के लिए फल एवं जलपान की व्यवस्था कराई गई। कलश यात्रा बरात घर से शुरू हुई, जोकि विभिन्न मार्गों से गुजरी। महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर अपने सिर पर कलश लेकर चल रही थी। मुख्य अतिथि ने कहा कि यज्ञ एवं कथा जैसे आयोजन भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं को सुदृढ़ करते हैं। नैतिक मूल्यों, संस्कारों और आपसी भाईचारे को मजबूत बनाते हैं। युवा पीढ़ी को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। मुख्य संचालक पंडित श्रीराम आचार्य, जगदीश शरण आचार्य, दीपानंद महाराज, जगदीश भोजवाल ने अहम भूमिका निभाई। इस मौके पर ठाकुरदास, दीपचंद मौर्या, विकास, सोनू भोजवाल, लालता प्रसाद, दीनदयाल, विजयपाल गंगवार, कन्हईलाल मौर्य, अनुराग गंगवार, दीनदयाल गंगवार, ओमपाल, देवीदयाल मौर्य, माखन लाल मौर्य, बृजेश, सतेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# एलएच मिल ने जारी किया बंदी का दूसरा नोटिस

- नो-केन में बार-बार बंद हो रही मिल 1 अप्रैल तक गन्ना सप्लाई के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** एलएच चीनी मिल ने रविवार को मिल बंदी का दूसरा नोटिस जारी कर दिया। दरअसल, मिल को पर्याप्त गन्ना नहीं मिल रहा है। ऐसे में मिल बार-बार नो केन में बंद हो रही है। ऐसे में अब मिल प्रबंधन ने किसानों को पहली अप्रैल तक अवशेष गन्ने की सप्लाई करने को निर्देशित किया है।

सहकारी चीनी मिल पूरनपुर, सहकारी चीनी मिल बीसलपुर और बरखेड़ा की हिन्दुस्थान चीनी मिल गन्ना पेराई का बंद हो चुकी है। एकमात्र एलएच चीनी मिल पीलीभीत का संचालन किया जा रहा था। मिल द्वारा बीते 31 मार्च को पहला बंदी का नोटिस जारी किया था। मगर इसके बाद किसान गन्ने की आपूर्ति नहीं कर रहे है। ऐसे में मिल को धीमी गति पर चलाने के बाद भी पेराई क्षमतानुसार गन्ने की उपलब्धता न होने के कारण मिल प्रतिदिन नो-केन में बंद हो रही है तथा अपनी पेराई क्षमता से बहुत कम गन्ने की पेराई कर रही है। ऐसे में अब एलएच चीनी मिल ने रविवार को मिल बंदी को दूसरा नोटिस जारी कर दिया। इसको लेकर चीनी मिल अध्यासी की ओर से सहकारी गन्ना विकास समिति के प्रभारी सचिव को पत्र भेजा गया है। भेजे गए पत्र में कहा गया है कि मिल गेट सहित सभी बाह्य क्रय केंद्रों पर मिल को आपूर्ति योग्य जो भी गन्ने की मात्र अवशेष रह गई है, उसके लिए अपने स्तर से किसानों में व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए उसे प्रत्येक दशा में एक अप्रैल तक आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

# साधकों ने किया योगाभ्यास, बताए फायदे



योग करतीं साधिकाएं। ● अमृत विचार

- तीन दिवसीय योग शिविर की हुई शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** भारतीय योग संस्थान की ओर से रविवार को अस्थि रोग निवारण शिविर बल्लभनगर कॉलोनी स्थित पार्क में आयोजित किया गया। इसमें 50 साधक शामिल हुए और योगाभ्यास किया।

तीन दिवसीय योग शिविर की शुरुआत साधिकाओं द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना करके की गई। योग की क्रियाएं की गई। अस्थि रोग में लाभदायक विभिन्न आसन बहुत ही दक्षता, पूर्ण खिचाओ एवम ठहराव के साथ संस्थान के शिक्षकों द्वारा करवाए गए। उनके लाभ भी बताए गए। हास्यासन, ताली की क्रिया, प्राणायाम, ध्यान योग कराया गया। मुख्य वक्ता डॉ. आदित्य पांडे रहे। उन्होंने अस्थि रोगों के कारण एवं उपचार पर प्रकाश डाला। बताया कि प्रातः पांच बजे के आसपास वायुमंडल में अधिकतम प्राण वायु रहती है। अतः प्रातः जल्दी जाग कर ऊषापान करना चाहिए, जिससे पेट साफ रहता है। आयुर्वेद के अनुसार ज्यादातर रोग खराब पेट के कारण ही होते हैं। शक्कर, मैदा, रिफाइंड, प्रोसेस फूड से बचने की सलाह दी। मीना कटियार ने संचालन किया। जिला प्रधान सतीश शर्मा, संगठन मंत्री मोहित अग्रवाल, क्षेत्रीय प्रधान डॉ. डीपी त्रिपाठी, देवेंद्र कुमार शर्मा, निर्मला धामेजा, उषा भसीन, नेहा असावा, मीना कटियार, नूतन आहूजा, रेणु शर्मा, जीएल शर्मा, सुनील अग्रवाल, संजय चंद्रा आदि रहे।

## शहर में आज

- गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय पूरनपुर में संगोष्ठी सुबह 11 बजे से।
- दौलतपुर रोड पर बरात घर में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ व कथा सुबह 07 बजे से।
- पूरनपुर ब्लॉक परिसर में सुपरवाइजर भर्ती शिविर सुबह 10 बजे से।

## न्यूज ब्रीफ

### युवती को ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** क्षेत्र के रहने वाले एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 28 मार्च को उसकी 18 वर्षीय पुत्री को अज्ञात युवक बहला फुसलाकर ले गया। काफी तलाशने के बाद भी पुत्री का पता नहीं चल सका है। अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### एसपी के आदेश पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट

**बिलसंडा, अमृत विचार :** एसपी के आदेश पर पुलिस ने कस्बा निवासी राजीव कुमार पुत्र बाबूराम की ओर से धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें कस्बे के ही राजेश बाबू उर्फ राजेश कुमार गुप्ता, अचल कुमार गुप्ता, विकास गुप्ता और अर्पित गुप्ता को आरोपी बनाया है। आरोप है कि उक्त लोगों ने उनकी मां के हिस्से की जगह को धोखाधड़ी कर बैनामा करा लिया। विरोध करने पर झगड़ा फसाद कर मारने की धमकी दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### समय रहते जांच और इलाज जरूरी : डॉ. जीके अनेजा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ .जीके अनेजा ने बताया कि लीवर शरीर का महत्वपूर्ण अंग है, जो शरीर को डिटॉक्स करने का काम करता है। गलत खानपान और जीवनशैली से इस पर दबाव बढ़ता है, जिससे फैटी लीवर और अन्य बीमारियां तेजी से बढ़ती हैं। समय रहते जांच और परहेज जरूरी है, नहीं तो स्थिति गंभीर हो सकती है। शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज करना खतरनाक साबित हो सकता है। थकान, भूख न लगना, पेट में भारीपन और पीलापन जैसे संकेत दिखने पर तुरंत जांच करानी चाहिए। इतना ही नहीं मेडिकल कॉलेज में संचालित डायलिसिस यूनिट में किडनी के मरीजों में भी तीस फीसदी युवा है, जोकि 30 से 35 साल के हैं।

# मंथन कई बार...सड़कों पर अतिक्रमण का ग्रहण बरकरार

## जाम में फंसकर परेशान हो रहे राहगीर, जिम्मेदार समाधान करना भूले, नगरपालिका की टीम झांकने भी नहीं गई, जिम्मेदार करते रहे विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** स्मार्ट सिटी के रूप में शहर को विकसित करने की तैयारी चल रही है। पार्कों से लेकर चौराहों के सौंदर्यीकरण कराए जा चुके हैं। जर्जर सड़कों की सूरत बदली जा रही है। इन सब प्रयासों और दावों के बीच एक सवाल दशकों बाद भी बरकरार है।

वह ये कि आखिर मुख्य सड़कें कब अतिक्रमण मुक्त होंगी और शहरवासियों को जाम की समस्या से निजात मिलेगी। एक दशक से अधिक समय हो चुका है, लेकिन हर साल अतिक्रमण हटाने के लिए सिर्फ मंथन ही किया जा सका है। सवाल उठने के बाद प्लानिंग की गई और फिर टीम कभी-कभार कार्रवाई के लिए उतरी भी तो व्यापारी नेताओं के विरोध के बाद मुहिम पस्त पड़ गई।

फिर बैठकों का दौर चला और अतिक्रमण हटाने की जिम्मेदारी व्यापारियों को ही सौंप दी गई। अफसरों के सामने हामी भर दी गई और फिर अभियान चलना तो दूर की बात, जिन स्थानों पर छिटपुट कार्रवाई हुई थी। उसे भी बरकरार नहीं रखा जा सका। नतीजतन वर्तमान में हालात बद से बदतर हो चुके हैं।

**पुरानी तहसील :** शहर के सुनहरी मस्जिद चौराहा से ड्रमंडगंज चौराहा को जाने वाली सड़क बाजार क्षेत्र का इलाका है। पुरानी तहसील भी है। यहां जूते चप्पल, किताबें आदि की दुकानें अधिक हैं।

व्यस्ततम मार्ग होने के साथ ही दिनभर भीड़ के बीच बेतरतीब तरीके से खड़े वाहन और अतिक्रमण जाम का सबब बने हैं। नो एंट्री जोन होने के बाद भी वाहनों की आवाजाही और फैली अव्यवस्था लंबे समय से जाम की समस्या का कारण बनी है। कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।


मुख्य बाजार में दुकानों के आगे फुटपाथ घेरकर रखा सामान। ● अमृत विचार

### मुख्य बाजार

शहर के मुख्य बाजार की सड़क की असल चौड़ाई देखे एक दशक से अधिक समय बीत चुका है। यहां पर दिन में कई बार जाम लगता है। चार पहिया वाहनों की इंट्री बंद की गई है, लेकिन इसका पालन नहीं होता। कभी जिम्मेदारों की गाड़ियां बीच सड़क खड़ी के दी जाती है, तो कभी खरीदारों की। पार्किंग सुविधा आसपास नहीं है। अतिक्रमण की बात करें तो दुकान से अधिक सामान फुटपाथ से सड़क तक सजा रहता है। कई बार अतिक्रमण अभियान चले और विरोध के बाद मुख्य बाजार पहुंचकर पस्त पड़ गए। व्यापारी संगठनों संग होने वाली बैठक में निर्देश दिए जाते और हामी भरी जाती है। बस ..फिर कागजों में सब दुरुस्त। धरातल की तस्वीर बाद से बदतर है। शहरवासी 2015 में तत्कालीन सिटी मजिस्ट्रेट जितेंद्र शर्मा की अगुवाई में चले अतिक्रमण हटाओ अभियान को याद करते हैं। इस वक्त जब कार्रवाई हुई तो अवैध निर्माण ही नहीं पूरी की पूरी नाले पर बनाई गई दुकानें भी ढहा दी गई थी और सड़क की वो चौड़ाई दिखी, जिसका आकलन भी नहीं किया गया था। अब तो नगरपालिका और प्रशासनिक अफसर एक दूसरे पर टालमटोल कर जिम्मेदारी से बच रहे है। अतिक्रमण मुक्त सड़कें, एक सपना बनकर रह गई हैं।

### पुरानी तहसील


पुरानी तहसील के पास अतिक्रमण के चलते इस तरह गुजरते हैं लोग। ● अमृत विचार


जेपी रोड पर दुकानों के बाहर अतिक्रमण और जाम में फंसे राहगीर। ● अमृत विचार

### जेपी रोड

शहर के मुख्य जेपी रोड पर तस्वीर बेहद बदतर है। इस मार्ग पर बर्तन, कपड़ों का बाजार है। पिछली गली में किराना और अनाज मंडी है। दिनभर शहर के साथ ही ग्रामीण अंचलों से हजारों लोग खरीदारी को पहुंचते है। नो एंट्री जोन होने के चलते दोनों तरफ चौराहा पर पुलिस के बैरियर लगे हैं और ड्यूटी भी है। मगर ट्रैफिक पुलिस नहीं, अधिकांश समय होमगार्ड लगाए जाते हैं। वह किसी को रोके तो रौब झाड़कर वाहन लोग ले जाते है। दुकानों पर कोई पार्किंग की जगह नहीं। फुटपाथ तक समान सजा है और फिर बेतरतीब वाहन। जिसके चलते दिन में कई बार जाम लगता है और राहगीर परेशान।

### नींबू मंडी

अतिक्रमण और जाम की हकीकत बयां करती तस्वीर देखनी है तो नींबू मंडी काफी है। यहां पैदल गुजरने के लिए भी मशक्कत करनी पड़ती है। दुकानों का सड़क पर सामान लगता है। इसके बाद ठेले और फड़ लगे है। कई बार दुकानदार और ठेले वालों का भी ग्राहकों के वाहन खड़ा कराने को लेकर विवाद मारपीट में तब्दील हो चुका है। इसके पास की चूड़ी और पटाखा वाली गली भी अतिक्रमण की जद में है। कई बार अतिक्रमण हटाने को प्रयास डीएम एसपी भी कर चुके, लेकिन मातहतों की लापरवाही रही और फिर हालात बदतर हुए। पुलिस या कभी अफसरों की गाड़ी जाम में फंसी तो सख्ती हुई और फिर भूल गए। राहगीर की परेशानी का समाधान करने की सुध नहीं ली जा सकी है।


मुख्य बाजार में नींबू मंडी के पास अतिक्रमण। ● अमृत विचार

सालों से समाधान के नाम पर यही आश्वासन चलते रहे कि ठेले फड़ लगाने वालों के लिए अलग कहीं जगह तलाशी जा रही है। हालांकि ये बयानबाजी तक ही सीमित रहा। शहर की सड़कों की सुंदरता पर अतिक्रमण का ग्रहण बरकरार है।

> सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए कार्रवाई कराई जाएगी। इसे लेकर नगरपालिका के साथ मिलकर रणनीति बनाई जाएगी। जल्द ही समस्या के समाधान को अभियान चलाया जाएगा। **–विजय वर्धन तोमर, सिटी मजिस्ट्रेट**

# खेत में घुसकर गेहूं की फसल रौंदी, किसान के साथ मारपीट

- **पुलिस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच में जुटी**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** गांव के ही कुछ लोगों ने खेत में खड़ी गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचाया। विरोध करने पर किसान के साथ मारपीट की गई। जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना अमरिया क्षेत्र के ग्राम नगरिया कॉलोनी निवासी प्रफुल्ल सरकार ने बताया कि 27 मार्च की सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे गांव के नरायणपाल, श्यामपाल, होरीलाल और रोबिन पाल उसके खेत पर पहुंच गए। आरोप है कि सभी ने खेत में खड़ी गेहूं की फसल को जानबूझकर रौंदना और नष्ट करना शुरू कर दिया। जानकारी मिलने पर जब वह मौके पर पहुंचे और विरोध किया तो गालीगलौज शुरू कर दी। उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचने लगे, जिसके बाद आरोपी वहां से भाग गए। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## पुलिस से शिकायत के बाद दोबारा किया हमला

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना गजरौला क्षेत्र के ग्राम उगनपुर निवासी नेमचंद ने तहरीर में बताया कि 23 मार्च को गांव के ही जितेंद्र ने अपने भाई भानू प्रताप और हरीश के साथ मिलकर उसके साथ गालीगलौज करते हुए मारपीट और पथराव किया था। जिससे वह घायल हो गए थे। शिकायत गजरौला पुलिस से की थी। 28 मार्च को खेत पर तीनों आरोपियों ने रंजिश घेर लिया और लाठी-डंडों से पिटाई की। धारदार हथियार से वार किए गए। जिसमें उसका बायां कान भी कट गया। शोर पर आसपास खेतों में काम कर रहे लोग जमा हुए और बचाया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# प्रतिदिन संचालित होगी टनकपुर अछनेरा स्पेशल ट्रेन

- **जिलेवासियों की मांग पर केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने किए थे प्रयास**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** सप्ताह में पांच दिन टनकपुर अछनेरा के बीच संचालित होने वाली स्पेशल ट्रेन अब नियमित रूप से चलेगी। पिछले कई दिनों से इसकी मांग जिलेवासियों की ओर से की जा रही थी। जिसके लिए केंद्रीय मंत्री एवं पीलीभीत सांसद लगातार प्रयासरत थे। अब आदेश जारी किए जाने के बाद लोगों ने केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया है।

बता दें कि टनकपुर से अछनेरा के बीच संचालित होने वाली स्पेशल गाड़ी संख्या 05061/05062 अब तक सप्ताह में पांच दिन संचालित होती थी। इसे अब रेल मंत्रालय द्वारा नियमित रूप से संचालित कराने के आदेश जारी कर दिए गए है।

इसकी लंबे समय से मांग की जा रही थी। स्पेशल रेलगाड़ी को प्रतिदिन चलवाने के लिए केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद लगातार प्रयासरत थे। अब उनके किए प्रयासों के चलते स्पेशल रेलगाड़ी को प्रतिदिन संचालन की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। अब यह स्पेशल रेलगाड़ी 15093/15094 टनकपुर-अछनेरा एक्सप्रेस के नाम से अपने पूर्व निर्धारित समय से ही चलेगी।

जिससे टनकपुर, पीलीभीत, बरेली, शाहजहांपुर, कासगंज, हाथरस एवं मथुरा सहित मार्ग के विभिन्न स्टेशनों के यात्रियों को लाभ मिलेगा। इस रेल सेवा के नियमित संचालन से उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के यात्रियों को प्रतिदिन आवागमन में सुविधा मिलेगी। विशेष रूप से व्यापारियों, छात्रों, नौकरीपेशा एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आने-जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। इसे लेकर जिलेवासियों ने केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद का आभार जताया है।



> इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हृदय से आभार। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में आधारभूत संरचना, विशेषकर रेलवे में आधारभत सुधार हो रहे हैं। केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का भी धन्यवाद, जिन्होंने जनहित को प्राथमिकता देते हुए इस मांग को स्वीकार किया। भविष्य में भी पीलीभीत/पूरनपुर के लिए नई ट्रेनों के संचालन को प्रयास किए जाते रहेंगे।
> – **जितिन प्रसाद**, केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद

# 98 करोड़ से बने फोरलेन फ्लाईओवर का ट्रायल शुरू

- **डीएम ने किया निरीक्षण, छिटपुट कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** चार साल के इंतजार के बाद आखिरकार व्यस्ततम असम चौराहे पर नवनिर्मित फ्लाईओवर को ट्रायल के लिए आधिकारिक रूप से खोल दिया गया है। करीब 98 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस एक किलोमीटर से अधिक लंबे फोरलेन फ्लाईओवर पर वाहनों का आवागमन शुरू हो गया। जिससे शहरवासियों को जाम की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी।

शहर के बाहरी इलाके में यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के लिए असम चौराहे पर फ्लाईओवर निर्माण को मंजूरी मिली थी। असम रोड चौराहा पर 1.08 मीटर लंबे फ्लाईओवर का निर्माण कार्य वर्ष 2022 से कराया जा रहा था। करीब चार साल से फ्लाईओवर का कार्य चल रहा है। इसके निर्माण को लेकर कई अड़चनें भी आई। कभी अतिक्रमण रोड़ा बनातो बिजली की लाइन बीच में आ गई। जिससे काम गति नहीं पकड़ सका। पुलिस चौकी भी हटाई गई। एक मंदिर भी दूसरे स्थान पर शिफ्ट कराया गया था। मार्च के अंत तक इसको पूरा कराने की तैयारी चल रही थी और अंतिम दिनों में इसे चालू करदिया गया है। रविवार को ट्रायल के लिए इसकी शुरुआत करा दी गई। नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा विधिवत हवन-पूजन कराया गया। कार्यदायी संस्था के मुख्य अभियंता दिलीप बनर्जी ने पूजन अनुष्ठान संपन्न कराया। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर फ्लाईओवर की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया। डीएम ने पूरे पुल का भ्रमण कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांची और शेष बचे छोटे-मोटे कार्यों को अविलंब पूरा करने के निर्देश दिए।

डीएम ने कार्यदायी संस्था के कार्यालय में बैठक कर प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान में इसे ट्रायल के तौर पर खोला गया है ताकि यातायात व्यवस्था का आकलन किया जा सके। बताया कि फ्लाईओवर का औपचारिक उद्घाटन जल्द ही गरिमामय ढंग से किया जाएगा, जिसके लिए समय निर्धारित किया जा रहा है। फ्लाईओवर के शुरू होने से न केवल स्थानीय यातायात सुगम होगा, बल्कि नेशनल हाईवे पर लंबी दूरी तय करने वाले वाहनों को भी असम चौराहे के भारी जाम से निजात मिलेगी।


फ्लाईओवर का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम ज्ञानेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

## पुरानी रंजिश में युवक पर बांके से किया हमला

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम खरूआ निवासी विजय पाल पुत्र नरेंद्र पाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 28 मार्च की सुबह करीब साढ़े सात बजे उसका भाई चमन प्रकाश खेत पर मौजूद परिजनों के लिए चाय लेकर जा रहा था।

आरोप है कि रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे गांव के रिंकू, चंद्रपाल और दरोतन ने उसे रोक लिया। पुरानी रंजिश को लेकर गालीगलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर हमला कर पिटाई की। बांके से वार करके घायल कर दिया। शोर सुनकर अन्य ग्रामीण जमा हुए तो आरोपी धमकी देकर भाग गए। जहानाबाद इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार विश्नोई ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# 25 हजार के दो इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

- **अवैध असलहा बरामद होने पर अलग से दर्ज की गई रिपोर्ट**

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार :** गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे दो अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इनके पास से अवैध असलहा बरामद होने पर अलग से आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। दोनों अपराधियों पर 25-25 हजार रुपये इनाम घोषित था।

बता दें कि बीते दिनों बरखेड़ा थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने नामजद किए गए अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी कर जेल भेज दिया था। इस मामले में बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बढ़ेपुरा निवासी रजनीश पुत्र धर्मपाल और बिलसंडा क्षेत्र के ग्राम कैंचुआ निवासी योगेंद्र पुत्र तोताराम फरार चल रहे थे। इन पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया था। एक सूचना के आधार पर पुलिस ने देवहा नदी के पास दबिश दी और दोनों आरोपियों को धर दबोचा। इंस्पेक्टर प्रमेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपियों के पा से दो तमंचे और चार कारतूस बरामद हुए। चालान कर कोर्ट में पेश करके दोनों को जेल भेज दिया है।


बरखेड़ा पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए आरोपी। ● अमृत विचार

# सेहत पर शौक भारी, युवाओं में बढ़ रही लीवर की बीमारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** बदलती जीवनशैली युवाओं की सेहत पर भारी पड़ रही है। 25 से 30 वर्ष आयु वर्ग के लोग तेजी से लीवर की बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। मेडिकल कॉलेज की ओपीडी से लेकर निजी अस्पतालों तक रोजाना ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है, जो चिंता का विषय बन चुकी है।

जिले के मेडिकल कॉलेज की ओपीडी और शहर के निजी अस्पतालों में इन दिनों लीवर संबंधी मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा देखा जा रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक, कुल मरीजों में लगभग 25 से 30 फीसदी युवा हैं, जिनकी उम्र 25 से 30 वर्ष के बीच है। जिला पुरुष अस्पताल के सीएमएस डॉ.रमाकांत सागर ने बताया कि पहले लीवर की बीमारियां अधिकतर 40 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में पाई जाती थीं, लेकिन अब कम उम्र के युवक-युवतियां भी तेजी से इसकी चपेट में आ रहे हैं। मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में प्रतिदिन फैटी लीवर, लीवर इंफेक्शन और शुरुआती सिरोसिस जैसे लक्षणों वाले मरीज पहुंच रहे हैं। निजी अस्पतालों में भी यही स्थिति बनी हुई है। डॉक्टरों के अनुसार, युवाओं की अनियमित दिनचर्या इस समस्या की सबसे बड़ी वजह बन रही है। देर रात तक जागना, फास्ट फूड और डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों का अधिक सेवन, शराब की बढ़ती लत, शारीरिक श्रम की कमी और बढ़ता तनाव लीवर पर सीधा असर डाल रहे हैं। मोटापा और डायबिटीज जैसी समस्याएं भी लीवर को कमजोर बना रही हैं। ओपीडी में प्रतिदिन करीब 1200 से 1400 मरीज आते हैं। इनमें 30 फीसदी में लीवर की समस्या है।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, वीडियो बना किया ब्लैकमेल

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जहानाबाद थाना क्षेत्र की एक युवती ने तहरीर देकर बताया कि गांव मिलकसंरैदा पट्टी निवासी अरुण पुत्र पप्पू ने उसे प्रेमजाल में फंसाया और शादी का झांसा देता रहा। आरोपी ने कई बार शारीरिक संबंध बनाए। आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने चुपके से आपत्तिजनक वीडियो भी बना ली।

जब भी वह शादी करने की बात कहती, आरोपी किसी न किसी बहाने से टालमटोल करता रहा। आरोपी ने शादी करने से साफ इनकार कर दिया। आरोप है कि शिकायत करने पर आरोपी ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। जहानाबाद इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार विश्नोई ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कराई जा रही है।

# गुन्हान में 60 से अधिक शीशम के पेड़ काटे

- **शारदा नदी पार अतिक्रमण की आड़ में चल रहा अवैध कटान का खेल**
- **भूमि की स्थिति स्पष्ट न होने पर रुकी जांच, अब सीमांकन के बाद होगी कार्रवाई**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** शारदा नदी के पार तराई के बीहड़ में अवैध कब्जों और बेशकीमती पेड़ों के कटान का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। अतिक्रमणकारी खेती योग्य जमीन तैयार करने के लिए न केवल झाड़ियों को काट रहे हैं, बल्कि खड़े पेड़ों का सफाया कर रहे हैं। ताजा मामला बराही रेंज के अंतर्गत गुन्हान क्षेत्र का है, जहां करीब 60 से अधिक शीशम के पेड़ों को काट दिया गया। मामला उजागर होने के बाद जांच टीम गठित कर जांच भी शुरू करी दी गई है। मगर संबंधित जमीन का सीमांकन न होने के कारण जांच भी अटक गई है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की बराही रेंज का यह इलाका नेपाल की शुक्ला फांटा सेंचुरी से सटा हुआ है। यहां वन विभाग के अलावा राजस्व एवं सिंचाई विभाग की भी जमीन हैं। यह इलाका काफी बीहड़ होने के कारण अतिक्रमणकारी यहां लंबे अरसे से जमींन पर अवैध कब्जे करते आ रहे हैं। एक जानकारी के मुताबिक इस इलाके में अब तक करीब दो हजार जमीन अवैध कब्जेदारों के चंगुल में चली आ रही है। खास बात यह है कि अवैध कब्जेदार कार्रवाई से बचने के लिए कोर्ट की शरण लेते हैं और इसी की आड़ में धीरे-धीरे जमीनों को खेतों में तब्दील कर रहे हैं। इधर हाल ही में शारदा नदी पार गुन्हान क्षेत्र में शीशम के पेड़ों के अवैध कटान का मामला सामने आया है। इसमें 60 से अधिक शीशम के पेड़ों के कटान कर लकड़ी गायब कर देने की बात कही जा रही है। इधर शीशम के पेड़ों के अवैध कटान का मामला सामने आने के बाद पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसको लेकर प्रशिक्षु आईएफएस हिमांशु के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम गठित की गई है। टीम ने पिछले दिनों मौके पर पहुंचकर जांच भी की, मगर सबसे बड़ी बाधा जमीन को लेकर आ रही है। वन एवं राजस्व विभाग के बीच जमीन का संयुक्त सीमांकन न होने के कारण यह तय नहीं हो पा रहा है कि पेड़ किस विभाग की जमीन पर कटे हैं। ऐसे में अब जांच भी अधर में लटक गई है। फिलहाल जिम्मेदार जल्द संयुक्त सीमांकन कराने की बात कह रहे हैं। जांच टीम ने बताया कि संबंधित क्षेत्र में जाकर जांच की गई थी। चूंकि वहां राजस्व और वन विभाग की जमीन सटी हुई है, इसलिए संयुक्त सीमांकन के लिए पत्र लिखा जा रहा है। सीमांकन के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# फर्जी चेक से उड़ाए दो लाख साइबर सेल ने कराए वापस

- **पूरनपुर कोतवाली में दर्ज की अज्ञात के खिलाफ एफआईआर**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** फर्जी चेक की मदद से निकाले गए दो लाख रुपये की धनराशि सर्विलांस सेल की मदद से पीड़ित को वापस कराई गई। पूरे मामले में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

पूरनपुर कोतवाली में दी गई तहरीर में वार्ड नंबर चार मोहल्ला बमनपुरी निवासी दलविंदर सिंह पुत्र गुरदीप सिंह ने बताया कि उनका पुत्र गुरजेन्ट सिंह वर्तमान में विदेश में है। उसका पूरनपुर की एक्सिस बैंक शाखा में एकाउंट है। 10 मार्च को उसके पुत्र के मोबाल नंबर पर खाते से दो लाख रुपये कटने का मेसेज मिला। इस पर पुत्रने उन्हें जानकारी दी। फिर वह बगं्क गए और पता चला कि चेक के माध्यम से निकासी हुई है, जबकि पुत्र के पास संबंधित नंबर की कोई चेकबुक है ही नहीं। फर्जी चेकबुक तैयार करके दो लाख रुपये की निकासी की है। पीड़ित के पुत्र ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दस मार्च को दर्ज कराई थी। ये भी बताया कि पुत्र ने बीते साल अप्रैल 2025 में नयी चेकबुक जारी करने के लिए भी प्रार्थना पत्र दिया था। पूरनपुर इंस्पेक्टर पवन कुमार पांडेय ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। साइबर सेल की मदद से बैंक से लगातार पत्राचार करके संपूर्ण धनराशि दो लाख रुपये सफलतापूर्वक वापस करा दी गई है।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर

डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक

सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754



ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana, Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली


# गर्मियों में मिलेगी बेहतर बिजली आपूर्ति

## नकटादाना सब स्टेशन पर दिनभर चले सुधार कार्य के चलते बंद रही सप्लाई, रखवाया ट्रांसफार्मर

- साप्ताहिक अवकाश के दिन उपभोक्ताओं को झेलनी पड़ी परेशानी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



नकटादाना सब स्टेशन पर रखा जाता ट्रांसफार्मर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गर्मी की दस्तक के बीच आगामी दिनों में ओवरलोड के चलते संशाधनों में खराबी आने के बाद बिजली संकट की दिक्कत न झेलनी पड़े, इसके लिए पावर कॉरपोरेशन की ओर से सुधार कार्य जारी है। साप्ताहिक अवकाश के दिन सुबह से ही नकटादाना सब स्टेशन पर संसाधनों का लोड बढ़ाने का काम चलता रहा। हालांकि इसके चलते एक दिन की समस्या जरूर संबंधित क्षेत्र के उपभोक्ताओं के सामने खड़ी हो गई। दोपहर तक कार्य पूरा कर सप्लाई चालू करा दी गई है। जिम्मेदारों का दावा है कि इसका लाभ आगामी दिनों में गर्मी बढ़ने पर मिल सकेगा।

बता दें कि ग्रामीण अंचल ही नहीं शहरी क्षेत्र में बिजली की अघोषित कटौती की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। गर्मी के दिनों में लोड बढ़ने के बाद लोकल फाल्ट व्यवस्था को बिगाड़ देते हैं। कई बार तो पूरे दिन या रात भर बिजली गुल रहती है। इस बार भी गर्मी की दस्तक के साथ ही पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों की ओर से शासन की सख्ती के बाद बेहतर बिजली आपूर्ति देने को काम शुरू कराया है। रविवार को साप्ताहिक अवकाश के दिन सुबह से ही टीमें जुटी रही। नकटादाना सब स्टेशन पर पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर रखवाया गया है। इसके अलावा तारों की समस्या का भी समाधान करने के लिए टीमें लगाई गई। जिसके चलते सुबह से ही बिजली गुल हो गई। एकता नगर कॉलोनी, अशोक कॉलोनी, निरंजनकुंज कॉलोनी, दुर्गाप्रसाद, मुख्य बाजार, कमल्ले चौराहा बेनहर कॉलेज रोड, भूरे खां, किराना बाजार, साई धाम कॉलोनी, जेपी रोड समेत कई इलाकों के हजारों उपभोक्ता बिना बिजली के परेशान हो गए। छुटटी के दिन घरेलू कामकाज निपटाने की तैयारी की गई थी। मगर सुबह से ही बिजली सप्लाई बंद कर दी गई। जिसके चलते लोगों को परेशानी हुई। अधिकांश घरों में पानी की सप्लाई विद्युत संचालित मोटरों पर आधारित है। ऐसे में बिजली नहीं आई तो मोटर चल नहीं सकी और पानी की समस्या का भी सामना करना पड़ा। इसे लेकर उपभोक्ता पावर कॉरपोरशन की ओर से सूचनाओं के आदान प्रदान को बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप पर अपडेट लेते रहे। शाम करी साढ़े चार बजे सभी स्थानों की सप्लाई चालू की जा सकी। तब जाकर लोगों को राहत हुई। हालांकि इसके बाद भी कई बार बिजली आती-जाती रही। फिलहाल पावर कॉरपोरेशन के जिम्मेदारों का कहना है कि आगामी दिनों में गर्मी बढ़ने पर दिक्कत न आए। इसे देखते हुए कार्य कराया जा रहा है। इसका लाभ आगामी दिनों में उपभोक्ताओं को मिलेगा।

> नकटादाना सब स्टेशन के पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई गई है। अब नया एडिश्नल पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर रखवाया गया है। इससे बस स्टेशसन कीओवरलोडिंग खत्म होगी। गर्मियों में उपभोक्ताओं को अच्छी सप्लाई मिलेगी।
>
> – **जहांगीर आलम**, जेई पावर कॉरपोरेशन

# कई जिम्मेदारों की भूमिका संदिग्ध...फिर भी नहीं आई आंच !

## सरकारी रकम के गोलमाल में पूरा गिरोह

**पीलीभीत, अमृत विचार :** अभी तक की कार्रवाई पर गौर करें तो इल्हाम और उसकी पत्नी अर्शी खातून पर कानूनी कार्रवाई हुई है। जबकि इस पूरे खेल में सरकारी धनराशि का गोलमाल करने में एक तरह से सक्रिय गिरोह के तौर पर कई जिम्मेदारों की भूमिका पर सवाल उठ रहा है।

चर्चा तो ये भी है कि इस प्रकरण की जांच आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) को देनेकी तैयारी चल रही है। कई पूर्व अधिकारियों के समय में भी रकम का गोलमाल चला। ऐसे में सख्ती और गंभीरता से जांच हुई तो शासन स्तर से बड़ी कार्रवाई तय मानी जा रही है।

## करोड़ों की जांच सुस्त

- डीआईओएस कार्यालय में नियम विरुद्ध तरीके से बाबूगिरी कर रहे चपरासी और उसकी पत्नी पर हुई थी एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** डीआईओएस कार्यालय में नियम विरुद्ध तरीके से बाबूगिरी करते हुए करोड़ों की सरकारी रकम का गोलमाल करने वाला निलंबित चपरासी इल्हाम उर्रहमान शम्सी पर प्रकरण उजागर होने के कई दिन बाद भी पूर्णतया शिकंजा नहीं कस सका है।

दर्जनों अन्य अकाउंट ऐसे सामने आ चुके हैं, जिनमें सरकारी रकम भेजी गई। इसके बावजूद अभी तक इस पूरे मामले में इल्हाम और उसकी पत्नी अर्शी के अलावा अन्य संदिग्ध जिम्मेदारों के चेहरे बेनकाब नहीं हो सके हैं। शासन स्तर से गठित की गई कमेटी भी जांच के लिए नहीं पहुंची है। कोतवाली पुलिस की कार्यशैली पर शुरुआत से ही सवाल उठ रहे हैं। फिलहाल अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही अन्य कई लोग भी कार्रवाई की जद में आएंगे। गैंगस्टर एक्ट के तहत शिकंजा भी कसा जा सकता है।

बता दें कि बीसलपुर के जनता टेक्निकल इंटर कॉलेज में चपरासी इल्हाम उर्रहमान शम्सी पर माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारी इस कदर मेहरबान हुए कि पहले तो अटैचमेंट के नाम पर उसे डीआईओएस कार्यालय में सात साल से अधिक समय तक बाबूगिरी कराते हुए महत्वपूर्ण पटल पर काम कराया जाता रहा। उसने फर्जीबाड़ा करके करोड़ों की सरकारी रकम फर्जी शिक्षकों के वेतन के नाम पर परिचित और रिश्तेदारों के खाते में स्थानांतरित कराई। खास बात ये रही कि डीआईओएस से लेकर कोषागार तक के अधिकारी अंजान बने रहे। उनकी संलिप्तता की चर्चाएं जगजाहिर हो चुकी है और उन पर कार्रवाई भी तय मानी जा रही है। 14 फरवरी को डीएम की सख्ती के बाद इल्हाम और उसकी पत्नी अर्शी पर एफआईआर हुई।

आरोपी अर्शी जमानत पर छूट चुकी है और इल्हाम हाइकोर्ट से अग्रिम जमानत पर है। इस मामले में शासन स्तर से कमेटी गठित हो चुकी है। कमेटी को दस दिन में जांच रिपोर्ट देने को निर्देशित किया गया था लेकिन उससे अधिक समय बाद भी अभी तक कमेटी के आने का इंतजार चल रहा है। कोतवाली पुलिस ने बीते दिनों डीआईओएस कार्यालय पहुंचकर संबंधित अफसर कर्मचारियों के बयान भी लिए थे। इस पूरे गोलमाल के बाद तीन दर्जन संदिग्ध खाते फ्रीज किए जा चुके हैं। डीआईओएस से लेकर कोषाधिकारी कार्याल्य के जिम्मेदार आरोपों में घिर रहे हैं, लेकिन सरकारी धनराशि से जुड़ा संगीन मामला होने के बाद भी ठोस एक्शन नहीं लिया जा सका है।

करोड़ों की रकम एक चपरासी के फैलाए जाल से आसानी से कैसे स्थानांतरित की जाती रही। इसने सवाल तो कई उठा दिए लेकिन इसका जवाब देने के बजाय जिम्मेदारों की चुप्पी बनी हुई है। खुद पर लगे आरोपों से बचते हुए सिर्फ शासन स्तर से चल रही जांच का हवाला दिया जा रहा है। इतना ही नहीं, इल्हाम की तरह नियम विरुद्ध तरीके से अटैचमेंट पर चल रहे अन्य कर्मचारियों पर भी कोई सख्ती नहीं की जा सकी है। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि मामले की विवेचना चल रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
NABH PRE ACCREDITED
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777


## कुल शरीफ के साथ उर्स संपन्न उमड़े अकीदतमंद

**अमरिया, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के बरादुन्नवा गांव में हजरत दादा मियां रहमतुल्लाह अलैह का उर्स रविवार को मनाया गया। दोपहर करीब एक बजे कुल शरीफ के साथ अकीदत और शानो-शौकत के साथ उर्स संपन्न हुआ। दूर-दराज़ से पहुंचे ज़ायरीन ने दरगाह पर हाज़िरी दी और चादरपोशी कर मुल्क में अमन-चैन व खुशहाली की दुआ मांगीं। बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे। जामा मस्जिद के इमाम हाफिज सईद ने दुआ की। कव्वाली, फातिहा और लंगर का आयोजन किया गया। इस मौके पर नूरी मस्जिद के हाफिज शरीफ, हाफिज मोहम्मद हसन, हाफिज नूर-उल-हक, इरशाद हुसैन, हाफिज अकरम मलिक, शब्बू मलिक, रेहान मलिक आदि रहे।

# भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण महाभियान संपन्न

संवाददाता, पूरनपुर


प्रशिक्षण अभियान में भाजपा नेता।

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा लक्ष्य डिग्री कालेज पूरनपुर में मंडल स्तरीय दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का आयोजन किया गया। इसमें सात सत्र आयोजित किए गए। पूरनपुर नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रशिक्षण सत्र में जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्या, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता, जिला महामंत्री अनुराग अग्निहोत्री, नगर अध्यक्ष भाजपा हर्ष प्रधान, पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, पूर्व विधायक किशन लाल राजपूत, पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, पूर्व जिला सोशल मीडिया संयोजक अभिमन्यु गंगवार, मंडल अध्यक्ष संजीव त्रिवेदी, विजय सिंह, भगवती सिंह की मौजूदगी रही। संचालन नवनीत मिश्रा ने किया। लक्ष्य डिग्री कालेज के प्रबंधक रवि गुप्ता, रितुराज पासवान, हर्ष गुप्ता, मुकेश खंडेलवाल, ब्रजेश गुप्ता, नितिन गुप्ता, सत्य पाल सिंह चौहान, विवेक तिवारी, मुनेन्द्र पाल सागर, प्रियंका मिश्रा, संतोष सिंह, उमा शंकर शुक्ला, सभासद सौरभ सक्सेना, विकास गुप्ता, गौरव जायसवाल, शेर सिंह यादव, राहुल सक्सेना, हरगोविंद बाजपेई आदि मौजूद रहे।

# नाबार्ड को भेजी 20 कंप्यूटर लैब की मांग

- सहकारी बैंक के अशंधन में हुई 5.53 करोड़ की वृद्धि
- सामान्य निकाय की बैठक में कई बिंदुओं पर की चर्चा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



बैठक को संबोधित करते भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह।

**अमृत विचार :** जिला सहकारी बैंक की 31वीं वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक रविवार को शहर के एक बरात घर में संपन्न हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि, पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह विशिष्ट अतिथि रहे। डीडी नाबार्ड सीपी त्रिवेदी, एआर कोऑपरेटिव डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, बैंक प्रबंधक कमेटी के संचालक शामिल हुए।

बैंक के जीएम आशीष कुमार ने वित्तीय आंकड़े और लाभ-हानि की स्थिति प्रस्तुत की गई। बताया कि बैंक की लाभ प्रदत्ता में निरंतर वृद्धि हो रही है। इस वर्ष 6.35 करोड़ रुपये का लाभ कराया गया। टैक्स व अन्य प्रोविजन के बाद बैंक का शुद्ध लाभ 1.51 करोड़ रहा। बैंक के अंशधन में करीब 5.53 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। इसी के साथ कुल अंशधन 50.85 करोड़ रुपये हो गया है। ये भी बताया कि इस वर्ष बैंक की 76 पैक्स में 26 पैक्स की वसूली शत प्रतिशत रही है। सीएम युवा योजना के तहत बिना सिक्योरिटी के 25 लाख रुपये से अधिक का ऋण वितरण किया गया। बैंक सभापति सत्यपाल गंगवार ने आभार व्यक्त किया। एआर कोऑपरेटिव ने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए 24 नई पैक्स का गठन किया गया है। इसमें से नौ नई पैक्स में उर्वरक कार्य शुरू हो चुका है। दो नई पैक्स कंजानाथ पट्टी और पचपेड़ा ताल्लुके महाराजपुर में ऋण वितरण का कार्य हो चुका है। बैंक द्वारा 20 कंप्यूटर लैब की मांग नाबार्ड को भेजी गई है। इस पर डीडीएम नाबार्ड ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इसकी स्थापना कराई जाएगी। इस मौके पर प्रबंध तंत्र के संचालक डालचंद्र, शांति स्वरुप सोनकर, संतराम राठौर, जसवंत सिंह आदि मौजूद रहे।

# जनसभा : जब मंत्री ही अपमानित, तो जनता का हाल कौन पूछे

## मंत्रियों की अनदेखी को बताया सरकार की विफलता, बदलाव का आह्वान, लखीमपुर रैली में चंद्रशेखर आजाद का तीखा हमला

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** शहर के विलोबी मैदान में आयोजित आजाद समाज पार्टी की बहुजन भाईचारा संकल्प महारैली रविवार को हजारों की संख्या में पहुंचे समर्थकों के बीच पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने मंच से प्रदेश सरकार पर तीखा प्रहार किया और सामाजिक न्याय, सम्मान व अधिकारों के मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने कहा कि सरकार दलित, शोषित और पिछड़े वर्गों के हितों की बात तो करती है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। हालात इतने खराब हैं कि सरकार के अपने मंत्री भी सम्मान से वंचित नजर आ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार दलित, शोषित और पिछड़े वर्गों के हितों की बात तो करती है, लेकिन हकीकत में इन वर्गों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में बैठे लोगों की प्राथमिकता आम जनता नहीं, बल्कि अपने करीबी और प्रभावशाली लोग हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पिछड़े वर्ग के एक मंत्री जनसभा में रोते नजर आए और खुले मंच से अपनी बेबसी जाहिर करते हुए कहा कि उनकी बहन-बेटियों पर अत्याचार हो रहा है, लेकिन वह कुछ नहीं



बहुजन भाईचारा संकल्प महारैली को संबोधित करते सांसद चंद्रशेखर आजाद।

कर पा रहे हैं। यह स्थिति अपने आप में बताती है कि सरकार के भीतर ही व्यवस्था कितनी कमजोर हो चुकी है। इसके अलावा उन्होंने एक दलित मंत्री का जिक्र करते हुए कहा कि वह आगरा में दो दिनों तक बैठी रहीं, लेकिन उन्हें कोई प्रोटोकॉल नहीं मिला। अंततः उन्हें अपमानित होकर लौटना पड़ा। उन्होंने कहा कि अगर वह ऐसी स्थिति में होते तो उस कुर्सी को ठुकरा देते और कुर्सी में आग लगा देते।

चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि जब सरकार के अपने मंत्री ही सम्मान और अधिकार के लिए संघर्ष कर रहे हैं, तो आम जनता खासतौर पर दलित, पिछड़े और शोषित वर्ग की स्थिति का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है।


महरौली में मौजूद महिलाओं की भीड़।

उन्होंने आवाहन करते हुए कहा कि वोट की ताकत को पहचानों। अपनी वोट की ताकत को पहचानों और बदल जाओ और ठान लो तो उत्तर प्रदेश का विकास बदल जाएगा। वर्ष 2027 में मुख्यमंत्री को बोरिया बिस्तर बांधना पड़ेगा। वर्ष 2027 में सत्ता में आने पर तानाशाही सरकार से एक-एक जुल्म का हिसाब लिया जाएगा। उनकी सरकार बनते ही जो वादे करेंगे वह पूरा करके दिखाएंगे। इस देश में आज भी अंग्रेजों जैया व्यवहार किया जा रहा है।

पांच किलो राशन के लिए यदि वोट देते हो तो अपने लिए ही गड्ढा खोद रहे हो। धर्म के नाम पर बेवकूफ बनाकर वोट लेने वाले जीतने के बाद वापस नहीं आते। जनता भी अब समझ चुकी है और समय आने पर वोट के जरिए

● अमृत विचार


विलोबी मैदान में चंद्रशेखर आजाद की झलक पाने को मशक्कत करते युवा। ● अमृत विचार

जवाब देना जानती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने अधिकारों के लिए एकजुट हों और लोकतांत्रिक तरीके से बदलाव लाने का संकल्प लें। महारैली में जिले के विभिन्न क्षेत्रों के अलाना बहराइच, पीलीभीत, सीतापुर आदि जिलों से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक पहुंचे। पूरे मैदान में नारेबाजी और जोश देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान संगठन को मजबूत करने, सामाजिक भाईचारा बढ़ाने और राजनीतिक भागीदारी को बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।

### पुलिस-प्रशासन पर कसा तंज

सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि लखीमपुर में आयोजित कार्यक्रम के लिए प्रशासन उन्हें अनुमति ही नहीं दे रहा था। अनुमति मिली तो उसे शनिवार की देर शाम तक दबाए रखा। उन्होंने चेतावनी भरे सख्त लहजे में कहा कि आजाद समाज पार्टी हमेशा इस हालत में नहीं रहेगी। हालात बदल जाएंगे तो माहौल भी बदल जाएगा। जो परमीशन नहीं दे रहे थे या रोकते हैं। तब वही सैल्यूट भी आपको करेंगे।

### महारैली में गूंजा थप्पड़ कांड और तिकुनिया हिंसा का मुद्दा

भाईचारा संकल्प महारैली में राजनीतिक गर्मी साफ देखने को मिली। रैली के दौरान 'थप्पड़कांड' और तिकुनिया हिंसा का मुद्दा जोर-शोर से गूंजा। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चंद्रशेखर आजाद ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में दलित, पिछड़े और शोषित समाज की कोई इज्जत नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछड़े वर्ग के लखीमपुर के ही एक विधायक के साथ खुलेआम अभद्रता की गई और थप्पड़ तक मारे गए, लेकिन आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, क्योंकि आरोपी मुख्यमंत्री के सजातीय हैं। तिकुनिया में किसानों के साथ अन्याय हुआ। वहां उन्हें कुचल कर शहीद कर दिया गया। लखीमपुर की जनता ने लोकतंत्र की ताकत से ऐसे गुंडों को सत्ता से बाहर कर दिया।

### आंबेडकर प्रतिमा पर नहीं किया माल्यार्पण

नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद करीब एक घंटे रैली को संबोधित किया। इससे पहले उन्होंने मंच पर महापुरुषों की तस्वीरों पर पुष्प अर्पित किए, लेकिन विलोबी मैदान के सामने स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण नहीं किया और सभा को समाप्त कर वह वापस चले गए। इसको लेकर लोग तंज कसते नजर आए और पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के बीच इसको लेकर खासी चर्चा रही।

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा नेता के दो कोल्हुओं पर चोरी

**पसगवां, अमृत विचार :** मकसूदपुर गांव में भाजपा नेता यश वर्मा के दो कोल्हूओं पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। लगभग ढाई लाख रुपये का सामान चुरा ले गए। पूर्व सांसद रेखा अरुण वर्मा के करीबी भाजपा नेता यश वर्मा के गांव से लगे दो कोल्हू हैं। शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने आठ ब्रास 80 किलो, दो अल्टीनेटर पांच के डब्ल्यू, दो पुली, दो गरारी, व लोहे का सामान चुरा ले गए। चोरों ने गोदाम के ताले भी तोड़े। पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। इसी गांव के भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष नागेश्वर चंद्र वर्मा के कोल्हू पर भी चोरी हो चुकी है जिसका राजफाश नहीं हो सका।

### हनुमान जन्मोत्सव पर पद यात्रा दो अप्रैल को

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** हनुमान जन्मोत्सव पर श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर से कंजा बाबा देवस्थान तक नवम पदयात्रा दो अप्रैल गुरुवार को निकाली जाएगी। पदयात्रा का विश्राम संकट मोचन हनुमान मंदिर में होगा। संकट मोचन हनुमान मन्दिर (ट्रस्ट) के आयोजको ने बताया कि दो अप्रैल गुरुवार को हनुमत अर्चन दोपहर बाद तीन बजे से चार बजे तक और पं. मुनेन्द्र शुक्ल द्वारा सुन्दरकाण्ड का पाठ सायं चार बजे से प्रारंभ होगा। श्रद्धालओं से हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित नवम् पदयात्रा में प्रतिभागी बनकर यात्रा को सफल बनाने की अपील है।

### संदिग्ध हालात में युवक की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना पलिया क्षेत्र के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी शाहिद (20) करीब एक साल पहले घर से बिना बताए छत्तीसगढ़ चला गया था। पिता साहिद बताते हैं कि शाहिद आठ दिन पहले आग से झुलसा हुआ घर आया था। इसके बाद उसका यहां इलाज शुरू कराया। शनिवार को पलिया सीएचसी में उसकी हालत गंभीर हो गई। डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचते ही शाहिद की मौत हो गई।

### वाहन की टक्कर से महिला की मौत

**सिंगाही, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव निबौरिया निवासी नन्दकिशोर ने बताया कि उनकी पत्नी आशा देवी (60) रात में घर से खेत की ओर जा रही थीं। इसी दौरान पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ीं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# लखीमपुर खीरी में 3.39 लाख कॉपियों का मूल्यांकन पूरा

- जिले के दो केंद्रों पर शत प्रतिशत कार्य संपन्न

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन में जिले ने तेज प्रगति दर्ज की है। अब तक 3,39,756 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा किया जा चुका है, जबकि केवल 9,427 कॉपियां शेष रह गई हैं। खास बात यह है कि जिले के दो मूल्यांकन केंद्रों पर 100 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। मंडल स्तर पर भी मूल्यांकन 91.79 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

जिले में मूल्यांकन कार्य अब अंतिम चरण में है। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज और गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज में मूल्यांकन कार्य पूरी तरह समाप्त हो चुका है। मंडलीय कंट्रोल रूम के नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि लखीमपुर खीरी सहित पूरे लखनऊ मंडल में मूल्यांकन कार्य तेजी से चल रहा है। उनके अनुसार मंडल में कुल 23,03,095 उत्तर पुस्तिकाओं में से 21,14,101 की जांच पूरी हो चुकी है, जो 91.79 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि मंडल के पांच केंद्रों पर मूल्यांकन कार्य पूर्ण हो चुका है, जिनमें खीरी के दो केंद्र भी शामिल हैं। वहीं, जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र ने शेष दोनों केंद्रों को निर्देश दिए हैं कि गोपनीयता और गुणवत्ता बनाए रखते हुए बची हुई कॉपियों का मूल्यांकन शीघ्र पूरा किया जाए।

# एसपी ने लापरवाही पर दरोगाओं को लगाई फटकार

- तीन दरोगाओं को लाइन हाजिर करने की दी गई चेतावनी
- लंबित जांचों पर दिखाई सख्ती कार्यप्रणाली सुधारने के निर्देश

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचार:** क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने कोतवाली निघासन का औचक निरीक्षण किया। उनके अचानक पहुंचने से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और अधिकारी-कर्मचारी सतर्क नजर आए। आगमन पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

एसपी ने कोतवाली परिसर के हर पहलू को गंभीरता से परखा। उन्होंने कार्यालय के अभिलेखों की जांच की, मालखाने की स्थिति देखी। हवालात की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया और मैस में सफाई व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि रिकॉर्ड का रखरखाव व्यवस्थित और अद्यतन रखा जाए तथा थाने


कोतवाली का निरीक्षण करतीं एसपी डॉ. ख्याति गर्ग। ● अमृत विचार

की साफ-सफाई और सुरक्षा मानकों में कोई कमी न रहे। सबसे अधिक सख्ती लंबित विवेचनाओं को लेकर देखने को मिली। एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने तिकुनिया के दरोगा गुलाब चंद और पढ़ुआ के दो दरोगाओं को फाइलों में ढिलाई बरतने पर कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट किया कि लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द निस्तारित किया जाए, अन्यथा कड़ी कार्रवाई होगी।

पढ़ुआ के ब्रह्मानंद, तिकुनिया के गुलाबचंद और निघासन के अर्जुन को लाइन हाजिर करने की चेतावनी भी दी गई। एसपी ने पुलिस कर्मियों को जनता के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाने में आने वाले हर फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुना जाए और समयबद्ध तरीके से उसका समाधान किया जाए। कानून-व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परेड के दौरान अनुशासन की भी जांच की गई। इस दौरान निघासन के दीवान मिनेंद्र के गलत तरीके से मुड़ने पर एसपी ने नाराजगी जताई और कोतवाली प्रभारी को निर्देश दिया कि पुलिस कर्मियों की नियमित ट्रेनिंग कराई जाए, ताकि अनुशासन और कार्यकुशलता में सुधार हो। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी शिवम कुमार, कोतवाली प्रभारी अवधराज सिंह सेंगर, सिंगाही, तिकुनिया और पढ़ुआ थानों के प्रभारी सहित समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

# आतंक का अंत: पिंजरे में कैद हुआ खूंखार तेंदुआ

- बच्ची की मौत के बाद चला ऑपरेशन, देर रात मिली सफलता
- ग्रामीण बोले-एक और तेंदुआ क्षेत्र में अब भी घूम रहा

संवाददाता, सिंगाही

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव सिन्हौना के पास शनिवार देर रात वन विभाग को बड़ी सफलता मिली। कई दिनों से दहशत का कारण बना तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए को पिंजरे सहित ट्रॉली में लादकर रेंज कार्यालय बेलरायां ले जाया गया।

बुधवार शाम फूटहा फार्म निवासी जोगा सिंह की सात वर्षीय पुत्री सिमरन कौर की तेंदुए के हमले में मौत के बाद पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ था। घटना के बाद


पिजरे में बंद तेंदुआ। ● अमृत विचार

वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए अलग-अलग स्थानों पर पांच पिंजरे लगाए थे। हर पिंजरे के पास कैमरों से निगरानी की जा रही थी, जबकि ड्रोन कैमरों के जरिए भी लगातार नजर रखी जा रही थी।

सुरक्षा के मद्देनजर गश्त भी बढ़ा दी गई थी। पूरे अभियान की निगरानी सीडीओ मनोज तिवारी स्वयं कर रहे थे। इसी अभियान के तहत शनिवार रात करीब 11:05 बजे चुन्ना कश्यप के घर के पास सुखराम कश्यप के खेत में लगे पिंजरे में तेंदुआ फंस गया। तेंदुए के पकड़े जाने की खबर मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर जुट गए। वन विभाग की टीम ने भीड़ को नियंत्रित करते हुए तेंदुए को सुरक्षित रेंज कार्यालय पहुंचाया। रेंजर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि पकड़ा गया तेंदुआ नर है और उसकी उम्र करीब छह वर्ष आंकी गई है। उसे जल्द ही किसी बड़े जंगल में छोड़ने की तैयारी की जा रही है।

हालांकि तेंदुए के पकड़े जाने के बाद भी ग्रामीणों में डर पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। रामू कश्यप समेत कई ग्रामीणों का कहना है कि शनिवार शाम करीब 6 बजे एक और तेंदुआ देखा गया था, जो पास में लगे पिंजरे तक आया भी था, लेकिन शायद खतरा भांपकर वह फिर खेतों की तरफ चला गया। इससे साफ है कि अभी भी इलाके में तेंदुआ मौजूद है। रविवार सुबह भी उसी स्थान पर तेंदुए के देखे जाने की सूचना वन विभाग को दी गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इलाके में लगातार गश्त जारी रखी जाए और यदि दूसरा तेंदुआ है तो उसे भी जल्द पकड़कर लोगों को इस खौफ से राहत दिलाई जाए।

# करंट लगने से वृद्धा की गई जान

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** पौधों में पानी डालते समय करंट लगने से बुजुर्ग महिला की हालत बिगड़ गई। परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। सीतापुर के थाना लहरपुर क्षेत्र के भदफर निवासी शिवदत्त पांडेय की 65 वर्षीय पत्नी शिव देवी रविवार की सुबह पौधों में पानी डाल रही थी। बताते हैं कि सिर के ऊपर बिजली तार निकला था। वह अचानक तार की चपेट में आ गई। इससे उनकी हालत अत्यधिक खराब हो गई। परिजन उन्हें नकहा सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में शिव देवी की इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# 30 साल में नहीं मिला ओबीसी को मौका

- मुख्यमंत्री, पंचायती राज व्यवस्था मंत्री को पत्र भेजकर प्रधानी सीट ओबीसी के लिए आरक्षित करने की मांग

संवाददाता, बांकेगंज

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायत ग्रंट नंबर-10 की प्रधान पद की सीट पर अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को अब तक आरक्षण न मिलने का मामला एक बार फिर चर्चा में है। करीब 40 प्रतिशत ओबीसी आबादी वाले इस गांव में 1993 से पंचायती राज व्यवस्था लागू होने के बावजूद आज तक यह सीट कभी भी ओबीसी के लिए आरक्षित नहीं की गई।

इसे लेकर गांव कोठीपुर निवासी राजेंद्र प्रसाद सहित अन्य ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए मुख्यमंत्री और पंचायती राजमंत्री को पत्र भेजकर आगामी पंचायत चुनाव में इस सीट को ओबीसी के लिए आरक्षित करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि हर बार यह सीट सामान्य या


राजेंद्र प्रसाद।

अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित होती रही है, जिससे चुनाव दो ही प्रमुख दावेदारों के बीच सिमट कर रह जाता है। इससे अन्य वर्गों के संभावित प्रत्याशियों को मौका नहीं मिल पाता और लोकतांत्रिक प्रतिस्पर्धा प्रभावित होती है।

राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि पिछले तीन दशकों में कई लोगों ने दावेदारी की, लेकिन आरक्षण व्यवस्था के चलते उन्हें हार का सामना करना पड़ा। गांव में यह धारणा बन गई है कि चुनाव में तीसरे उम्मीदवार को वोट देने से मत व्यर्थ चला जाएगा, जिससे नए चेहरों की संभावनाएं कमजोर हो जाती हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि पिछले पंचायत चुनाव के दौरान 24 घंटे के लिए सीट कंप्यूटर पर ओबीसी के लिए आरक्षित दिखाई गई थी, जिससे दावेदारों में उत्साह बढ़ गया था। लेकिन अगले ही दिन इसे बदलकर सामान्य वर्ग महिला के लिए आरक्षित कर दिया गया, जिससे पूरा चुनाव फिर सीमित दायरे में सिमट गया। ग्रामीणों का मानना है कि दो दशक से दो ही प्रत्याशियों के बीच सिमटते आ रहे चुनाव का सिलसिला तभी टूटेगा, जब इस सीट को ओबीसी के लिए आरक्षित किया जाएगा।

# असम विधानसभा चुनाव के इकबाल बने कंट्रोल रूम प्रभारी


अब्दुल वकील उल्ला खान।


इकबाल अहमद खान।

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने असम विधानसभा चुनाव के लिए इकबाल अहमद खान को कंट्रोल रूम प्रभारी, अब्दुल वकील उल्ला खान को जिला सचिव व लखीमपुर का पर्यवेक्षक बनाया है। इकबाल अहमद खान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, इमरान प्रतापगढ़ी का शुक्रिया अदा किया। कहा पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उस पर खरा उतरुंगा। कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष प्रह्लाद पटेल व पार्टी पदाधिकारियों ने खुशी जताई।

# पालिकाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं संग देखा मन की बात कार्यक्रम


गोला में प्रधानमंत्री के मन की बात सुनते पालिकाध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

- गोशाला स्थित कैंप कार्यालय में कार्यकर्ता हुए एकत्र

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने गोशाला स्थित कैंप कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को देखा।

छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष विजय वाजपेयी, वरिष्ठ नेता अशोक सक्सेना, नगर मंत्री धीरज वाजपेयी, नामित सभासद गीता विश्वकर्मा, विजय मिश्रा, नगर महामंत्री हिमांशु सिंह, रेखा मिश्रा, रवि प्रजापति, प्रदीप खतौलिया, मनोज बाथम आदि मौजूद रहे।

# विद्युत संयंत्र बंद कर मनाया अर्थ आवर

**खंभारखेड़ा, अमृत विचार:** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड, आसवनी एवं बजाज एनर्जी में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विश्व के सबसे बड़े जन-आंदोलनों में से एक अर्थ आवर के तहत विद्युत संयंत्र की जरूरी लाइटें एवं बिजली से संचालित उपकरण निर्धारित समय पर बंद कर कार्यक्रम मनाया गया। इस दौरान रात्रि में एक घंटे गैर-ज़रूरी विद्युत उपकरण बंद रखकर ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया गया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए पृथ्वी को स्वच्छ और सुरक्षित बनाए रखने का संकल्प लिया। अर्थ आवर के अवसर पर दुनिया के 190 से अधिक देशों और क्षेत्रों में करोड़ों लोग एक साथ एक घंटे के लिए गैर-ज़रूरी बिजली बंद करते हैं।



# अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ. आर.एस. सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)

स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ

30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त

ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic

★ पतले-दुबले ★ गाल पिचके ★ कमजोर स्त्री-पुरुष ★ मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।

**चिकित्सा जानकारी**
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

**किसी भी प्रकार का नशा जैसे**
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

**स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं**
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना

वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 22 मार्च 2026, रविवार 5 अप्रैल 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर सिया के राम का मंचन

## दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य अतिथि सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा, ऐतिहासिक चैती मेला जनपद की धरोहर

- रामायण मंचन का सजीव चित्रण देख दर्शक हुए भाव विभोर

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** 121वें ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर शनिवार रात मंच पर सिया के राम, रामायण नृत्य नाटिका का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया गया, जिसमें प्रभु श्रीराम के जन्म उत्सव से लेकर रावण वध, प्रभु श्रीराम के अयोध्या वापसी का प्रसंग कथक नृत्य के माध्यम से दिखाया गया।

छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य अतिथि सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि ऐतिहासिक चैती मेला नगर ही नहीं जनपद की धरोहर है, इसे सभी को सफल बनाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग ने चैती मेला को निडर होकर देखने की बात कही। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि चैती मेला छोटी काशी की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर है।



गोला के ऐतिहासिक चैती मेले के सांस्कृतिक मंच का दीप प्रज्वलित कर आरंभ करते सीडीओ अभिषेक कुमार व अन्य। ● अमृत विचार

शनिवार देर शाम ऐतिहासिक चैती मेले का शुभारंभ होने पर सांस्कृतिक मंच पर नृत्यांजलि फाउंडेशन द्वारा सिया के राम, रामायण नृत्य नाटिका का सजीव चित्रण नृत्य, संगीत के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

रामायण मंचन में प्रभु श्रीराम के जन्म उत्सव से लेकर रावण वध, श्रीराम के अयोध्या वापसी का प्रसंग कथक नृत्य के माध्यम से दिखाया गया। नृत्य नाटिका में श्रीराम के पात्र में अनंत शर्मा, सीता का श्वेता गुप्ता, रावण का अंश पांडे, लक्ष्मण का अनुभव, मंथरा का रितिका, सूर्पनखा, मृग, जटायु, अहिल्या का पर्णिका श्रीवास्तव, राजा जनक और दशरथ का विशाल, विश्वामित्र का आयुष, केकई का वर्षा, कौशल्या और सुनयना, वीर हनुमान का पात्र विशाल ने निभाया। नृत्य में अनुराधा दुबे, वरदा, पर्णिका, रितिका मिश्रा, कीर्ति ने सुंदर मनमोहक प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक मंच दीप प्रज्वलित होने से पूर्व श्री सुंदरकांड का पाठ नगर के बृजेश तिवारी, महेश तिवारी, राजेश तिवारी, मिथलेश तिवारी एण्ड पार्टी द्वारा किया गया।



सांस्कृतिक मंच पर रामायण मंचन के कलाकारों के साथ पालिकाध्यक्ष एवं अतिथि। ● अमृत विचार

आईएएस मनीषा धार्वे, एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी, ईओ संजय कुमार, मेला मैदान ट्रस्टी डॉ. अभिषेक मेहरोत्रा, छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष विजय वाजपेयी, सभासद इजरान अहमद, धर्मेन्द्र जायसवाल, धर्मेन्द्र बाल्मीकि, आनंद सोनी, हर्ष अवस्थी, धर्मेन्द्र तिवारी टीटू, सौरभ तिवारी, साहिद अंसारी, सुफियान खान, अनिल गुप्ता, रियाजुद्दीन, नानक चन्द्र वर्मा, राजेश वर्मा, दीपिका सैनी, शत्रोहन मिश्रा, गीता विश्वकर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार, बार एसोसिएशन महामंत्री संदीप अवस्थी, भाजपा नेता सुर्जनलाल वर्मा, श्रीकांत तिवारी, द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, अशोक सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### अतिथियों ने किया राजेंद्र गिरि की प्रतिमा पर माल्यार्पण

ऐतिहासिक चैती मेला का फीता काटकर उद्घाटन करने के बाद मेला मैदान में स्थापित स्वर्गीय विधायक अरविंद गिरि के पिता और वर्तमान विधायक अमन गिरि के बाबा राजेंद्र गिरि की प्रतिमा पर सीडीओ अभिषेक कुमार, एसपी डॉ. ख्याति गर्ग, पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने माल्यार्पण किया।

### चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर आज

ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर सोमवार 30 मार्च को मनोहरी कला केंद्र एवं पल्लवी आर्ट ग्रुप द्वारा सुंदर झांकियां शाम सात बजे से।

# रैली निकाल कर किया महिलाओं को जागरूक

**संवाददाता, मैलानी, अमृत विचारः** मिशन शक्ति 5 के तहत नगर में पुलिस कर्मियों ने पैदल एवं बाइक रैली निकाल कर महिलाओं को जागरूक किया। रैली का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करना था। बाइक रैली पुलिस एवं पैदल रैली दामोदरपुर में मार्केट, चमन चैराहा, मैलानी गांव तिराहा, गौतम नगर होते हुए भीरा मार्ग पर पहुंची। यहां से बाईपास तिराहा होते हुए वापस थाने पहुंचकर समाप्त हुई। रैली में पुलिसकर्मियों के अलावा छात्राएं भी शामिल हुईं। रैली में शामिल पुलिसकर्मी और छात्राएं वूमेन पॉवर लाइन, महिला हेल्पलाइन, पुलिस, चाइल्ड, साइबर हेल्पलाइन, स्वास्थ्य सेवा, एंबुलेंस सेवा आदि के नंबर लिखे पंपलेट हाथों में लिए थीं। बालिकाओं को गुड टच और बेड टच के बारे में बताया गया। मिशन शक्ति का उद्देश्य मिलकर हाथ बढ़ाएं, मिशन शक्ति को सफल बनाएं के संकल्प को साकार करना, महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, घरेलू हिंसा से सुरक्षा संबंधी कानूनी प्रावधानों, विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के प्रभावी तरीकों की जानकारी दी गई।

# आग से चार पोल्ट्री फार्म जल कर राख

- 6500 चूजे और मुर्गी दाना जला 30 लाख से ज्यादा का नुकसान
- आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया

संवाददाता, बिझौली

**अमृत विचारः** गोला थाना क्षेत्र के बिझौली फार्म में पोल्ट्री फार्म में अज्ञात कारणों से आग लग गई, जिससे चार पोल्ट्री फार्म जल कर राख हो गए। आग से लगभग 30 लाख से ज्यादा का नुकसान हुआ है। आग लगने से फार्म में 6500 चूजे और मुर्गी दाना जलकर खाक हो गए।

आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। स्थानीय लोगों ने मिलकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। चारों पोल्ट्री फार्म जलकर राख हो गए। फार्म में 7200 चूजे थे, जिसमे लगभग 500 चूजे बचा पाए थे, बाकी सब कुछ जल कर राख हो गया।



बिझौली में जलता पोल्ट्री फार्म। ● अमृत विचार

### कई फोन करने के बाद भी नहीं पहुची दमकल टीम

पोल्ट्री फार्म स्वामी रोहित ने बताया कि फायर ब्रिगेड को कई फोन किये, लेकिन दमकल की टीम नहीं आई। जब सब कुछ जल कर राख हो गया तब टीम आयी थी।

पॉल्ट्री फार्म के मालिक रोहित चैधरी ने बताया कि आग लगने से करीब 6500 से अधिक मुर्गे के चूजे, मुर्गी दाने से भरे कई बोरे और चार फार्म का सारा ढांचा जलकर राख हो गया। रोहित ने बताया बड़ी मुश्किल से चार फार्म बनवाये थे, उसमे लगभग 12 दिन पहले 7200 चूजे आये थे। अब सब कुछ राख हो गया।


# ...बीवी बोली सुनो जी, अब तो कुछ काम करो

- कवियों ने अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में बांधा समां तालियां बटोरीं
- देशभक्ति, हास्य, शृंगार और सामाजिक सरोकारों से सजी महफिल

संवाददाता, सिंगाही

**अमृत विचारः** सिंगहा खुर्द गांव में मां शतचंडी महायज्ञ के समापन के उपलक्ष्य में मां दुर्गा महाशत चंडी यज्ञ समिति के तत्वावधान में अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन आयोजित हुआ। शुभारंभ समिति अध्यक्ष मुनीश प्रसाद शुक्ला, प्रबंधक श्याम मोहन दीक्षित, आलोक श्रीवास्तव एवं राज कुमार पटवा ने मां सरस्वती के पूजन के साथ किया।

शनिवार देर शाम शुरू हुआ यह कवि सम्मेलन रात भर साहित्यिक रसधारा में डूबा रहा। दूर-दराज से पहुंचे कवियों और कवयित्रियों ने अपने काव्य पाठ से ऐसा समां बांधा कि श्रोता देर रात तक मंत्रमुग्ध होकर तालियां बजाते रहे। पंडाल खचाखच भरा रहा और हर प्रस्तुति पर श्रोताओं ने खुलकर सराहना की। स्थानीय हास्य कवि आलोक शुक्ला ने महंगाई पर व्यंग्य करते हुए गैस सिलेंडर पर चुटीली कविता सुनाई, जिसने श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। उनकी पंक्तियों पर पूरा पंडाल ठहाकों से गूंज उठा।



कार्यक्रम की शुरुआत करते समिति अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

बरेली से आए कवि कमला कांत तिवारी ने अपनी देशभक्ति से ओतप्रोत पंक्तियों वतन की मिट्टी से बढ़कर कोई दौलत नहीं होती, शहीदों की कुर्बानी कभी बेकार नहीं होती से से श्रोताओं में जोश भर दिया। राय बरेली से आये नीरज पांडेय ने सामाजिक सरोकारों को उठाते हुए कहा कि आईनों से पूछता हूं आजकल मैं हाल अपना, चेहरे बदल गए मगर बदला नहीं सवाल अपना, जिस पर खूब तालियां बजीं। बाराबंकी से के हास्य कवि प्रमोद पंकज ने अपने अंदाज में ठहाके लगवाए। उन्होंने कहा कि बीवी बोली सुनो जी अब तो कुछ काम करो, मैंने कहा मोबाइल है, उसी से आराम करो। इससे पूरा पंडाल हंसी से गूंज उठा। लखनऊ से आये चेतराम अज्ञानी ने ग्रामीण जीवन की झलक पेश करते हुए सुनाया कि माटी की खुशबू में बसती है अपनी पहचान, गांव की गलियों में मिलता सच्चा हिंदुस्तान।

बदायूं से आये कवि मिलन कुमार मिलन ने श्रृंगार रस में कहा कि तेरी मुस्कान में जैसे चांद उतर आया हो, रात भी तेरे बिना अधूरी सी नजर आया हो। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिंगाही प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार चौबे भी मौजूद रहे। इस अवसर पर संकटा प्रसाद मौर्य, यशोदा नंदन मिश्र, रामकैलाश सोनी, दिनेश गुप्ता, गया प्रसाद विश्वकर्मा, राम प्रीत गुप्ता, सोनू तिवारी, फरीद, अंकित वर्मा, सोनू वर्मा, राम मोहन, सोनू दीक्षित, संतोष वर्मा, अधिवक्ता मधुरा शुक्ला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# संदिग्ध हालात में महिला की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव मूडपुरवा मजरा मूसेपुरकला निवासी राजेन्द्र प्रसाद ने अपनी 20 वर्षीय बेटी मोहिनी की शादी थाना खीरी क्षेत्र के गांव पिथवापुर निवासी राम पाल के बेटे संदी कुमार के साथ तीन साल पहले की थी। राजेन्द्र बताते हैं कि उन्होंने अपनी हैसियत के अनुसार बेटी को दान दहेज दिया था। आरोप है कि अब ससुराली अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे। मांग पूरी होने पर बेटी को फंदे से लटका दिया। इसके बाद इलाज के जिला अस्पताल लेकर गए। मृतका अपने पीछे एक दो साल की मासूम बेटी छोड़ गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# छात्रों की कानपुर में एंटरप्रेन्योरशिप कॉन्क्लेव

- रीजनल ट्रेड शो में प्रतिभाग कर जानी नेटवर्किंग
- पायी उद्यमिता एवं स्वरोजगार की जानकारी

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय कैम्पस जमुनाबाद के बीएससी के विद्यार्थियों ने कानपुर में आयोजित ट्रेड शो में टेक्सटाइल, हैंडलूम एवं एक जिला एक उत्पाद आधारित उत्पादों प्रदर्शनी में नेटवर्किंग, उद्यमिता एवं स्वरोजगार की जानकारी प्राप्त की।

युवाओं को आत्मनिर्भर एवं रोजगार सृजन के नए अवसरों की दिशा देने के उद्देश्य से कृषि महाविद्यालय के बीएससी तृतीय, चतुर्थ वर्ष के 56 छात्रों ने 27 से 29 मार्च तक कानपुर विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित एंटरप्रेन्योरशिप कॉन्क्लेव एंड रीजनल ट्रेड शो में सक्रिय सहभागिता कर तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण में वहां लगी प्रदर्शनी में 150 से अधिक स्टॉल्स के माध्यम से उत्पाद प्रदर्शन, नेटवर्किंग एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अनिल कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार की वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट पहल के अंतर्गत आयोजित कॉन्क्लेव का उद्देश्य युवाओं को उद्यमिता एवं स्वरोजगार के प्रति प्रेरित करना है। डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में उद्योग जगत के विशेषज्ञ, नीति निर्माता, वित्तीय संस्थान, स्टार्टअप इकोसिस्टम से जुड़े संगठन एवं विभिन्न सरकारी विभागों की सहभागिता रही, जिससे छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान के साथ टेक्सटाइल, हैंडलूम एवं एमएसएमई आधारित उत्पादों की आवश्यक जानकारी प्राप्त हुई। डॉ. आनंद कुमार पांडे ने कहा कि कॉन्क्लेव के दौरान नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म, नॉलेज सेशंस, एक्सपर्ट टॉक्स, युवा पिच टैंक जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। शैक्षणिक भ्रमण में विद्यार्थियों के साथ सह प्राध्यापक गेस्ट फैकल्टी डॉ. रणधीर यादव, डॉ. अनूप कुमार यादव, डॉ. संदीप कुमार मौजूद रहे।



कानपुर विश्वविद्यालय में प्राध्यापकों संग जमुनाबाद कृषि महाविद्यालय के छात्र। ● अमृत विचार

# मारवाड़ी युवा मंच की निकली भव्य निशान यात्रा

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचारः** मारवाड़ी युवा मंच, पलिया द्वारा रविवार प्रातः नगर में भव्य निशान यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में युवक, समाजसेवी और श्रद्धालु महिलाएं शामिल हुईं।

सुबह संपूर्णानगर रोड स्थित रानी सती दादी मंदिर से शुरू होकर यात्रा मोहल्ला किसान द्वितीय स्थित खाटू श्याम मंदिर तक निकाली गई। यात्रा में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर बाबा श्याम के चरणों में आस्था अर्पित की। मार्ग में हारे के सहारे, बाबा श्याम हमारे के गूंजते जयकारों, भजन-कीर्तन और भक्तों की श्रद्धा ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। यात्रा में मारवाड़ी युवा मंच के सचिन बंसल, मनीष गर्ग, मोहित गर्ग, दिनेश गर्ग, प्रांशु जैन, पिंकी गर्ग एवं समाजसेवी आलोक मिश्रा आदि थे।



निशान यात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# उत्तर प्रदेश ने नागालैंड को हराकर गोल्ड जीता



झारखंड राजभवन में राज्यपाल के साथ यूपी की सेपक टाकरा टीम। ● अमृत विचार

- रांची में हुई 28वीं सब जूनियर नेशनल सेपक टाकरा चैंपियनशिप

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** झारखंड के रांची में हुई 28वीं सब जूनियर नेशनल सेपक टाकरा चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की टीम ने पदकों की झड़ी लगाकर इतिहास रच दिया है। इस गौरवशाली सफलता के बाद पूरी टीम ने राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से भेंट की, जहां राज्यपाल ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों का सम्मान किया।

रांची में हुई 28वीं सब जूनियर नेशनल सेपक टाकरा चैंपियनशिप के सेमी फाइनल में उत्तर प्रदेश की टीम ने मणिपुर को हराकर इतिहास रच दिया। फाइनल में उत्तर प्रदेश बालक रेगू टीम ने नागालैंड को 15-13 और 15-12 से हराकर गोल्ड मेडल जीता। गोला के खिलाड़ी अभिमान कश्यप् ने कांस्य पदक जीता। राजभवन में राज्यपाल ने 27 सदस्यीय दल के साथ संवाद किया और तान सिंह सहित कोच मीना कुमारी एवं रामकुमार के समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि सेपक टाकरा जैसे खेलों में उत्तर प्रदेश का उभार प्रदेश के खेल कौशल की नई गाथा लिख रहा है। खिलाड़ियों का प्रदर्शन आने वाले समय में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की पहचान बनेगा। राज्यपाल ने विजेताओं को आशीर्वाद दिया।

# ग्रीन फील्ड एकेडमी में मेधावियों को सम्मान

- विज्ञान, कला और संस्कृति का अद्भुत संगम बना अनंतम कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** ग्रीन फील्ड एकेडमी में 29 मार्च 2026 को अनंतम कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर प्रतिभा दिखाई। मेधावी विद्यार्थियों को मेडल, स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। मेधावी बच्चों को मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष विनीत मनार, दीपक पुरी आदि ने स्मृति चिन्ह, मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने विद्यार्थियों को शिक्षा, अनुशासन, संस्कार एवं आत्मविश्वास के महत्व के बारे में बताते हुए निरंतर परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय परिसर में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न मॉडलों, परियोजनाओं और रचनात्मक कलाकृतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

अनंतम कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा संगीत, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्होंने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं दर्शकों ने इन प्रस्तुतियों की सराहना की।



मेधावी बच्चों को सम्मानित करने के दौरान डीसीबी अध्यक्ष विनीत मनार, दीपक पुरी व स्कूल संचालक आलोक मिश्र। ● अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### वार्षिक परीक्षाफल वितरण आज

**गोला गोकर्णनाथ।** लखीमपुर रोड स्थित सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार त्रिपाठी में बताया कि सोमवार 30 मार्च को वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। बताया कि वर्ष 2025 के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के टॉपटेन विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही विद्यालय स्तर पर प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय, कक्षा प्रमुख, उपकक्षा प्रमुख, स्वच्छ वेश शत प्रतिशत उपस्थिति, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग देने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

### बाइक से गिरी महिला गंभीर रूप से घायल

**खुटार, अमृत विचार :** पीलीभीत के थाना सेहरामऊ उत्तरी के गांव नजरियागंज निवासी नौशाद पत्नी साफिया खातून (28) के साथ लखीमपुर खीरी के कस्बा गोला से बाइक से घर लौट रहे थे। रविवार सुबह 11 :00 बजे खुटार-गोला रोड पर बीडीआर ईंट भट्ठे के पास बाइक पर पीछे बैठी साफिया खातून अचानक नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। नौशाद की सूचना पर 108 सेवा एंबुलेंस कर्मी शैलेश कुमार, रामेंद्र दुबे मौके पर पहुंचे और घायल को खुटार सीएचसी लेकर आये। डॉक्टर ने घायल को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### बस सर्विस के ऑफिस में कर्मचारी को पीटा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के मोहल्ला छोटा चौक निवासी धीरज मिश्रा ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह गोल्डी बस सर्विस के ऑफिस में काम करता है। 19 मार्च को वह कार्यालय में था। शाम छह बजे बरेली मोड़ स्थित ऑफिस में जैद समेत कई लोग आए और गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी जैद, ताबीज, फैसल, मुल्ला, कादिर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### लाभ देने की बात कहकर 22 लाख ठगे

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** साइबर ठगी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। चौक कोतवाली के मोहल्ला घूरन तलैया निवासी आकाश खन्ना ने साइबर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि पिछले साल 28 नवंबर को उनके मोबाइल पर एक मैसेज आया। फिर व्हाट्सएप नंबर मांगा। मना करने के बाद भी उसे किसी तरह एड कर लिया। लिंक भेजकर ज्वाइन करा लिया गया। आरोप है कि लाभ देने की बात कहकर धीरे-धीरे 22 लाख रुपये लिए गए। अब 6 लाख रुपये और मांगे जा रहे है।

# दुर्घटना में महिला-बच्चे की मौत, युवक गंभीर

## ट्रक ने स्कूटी में मारी जोरदार टक्कर, चालक ट्रक लेकर फरार

- ग्राम मंसूरी फार्म महंगापुर निवासी हरमन सिंह स्कूटी से अपने घर जा रहा था

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचारः** नगर के मंडी गेट के सामने शनिवार देर रात सड़क हादसे में महिला और उसके करीब आठ माह के मासूम बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि स्कूटी चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

पलिया क्षेत्र के ग्राम मंसूरी फार्म महंगापुर निवासी हरमन सिंह शनिवार रात करीब 11 बजे स्कूटी से अपने घर जा रहा था। उसके साथ एक महिला अपने करीब आठ माह के बच्चे को गोद में लेकर बैठी थी। जैसे ही वे मंडी गेट के पास पहुंचे, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला ट्रक के नीचे आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गोद में मौजूद मासूम बच्चा छिटककर दूर जा गिरा और उसकी भी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

हादसे में हरमन सिंह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया, जिसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया ले जाया गया। वहां से हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला और मासूम का शव काफी देर तक सड़क पर पड़ा रहा। लोगों का कहना था कि यदि समय रहते बच्चे को अस्पताल पहुंचाया जाता, तो शायद उसकी जान बचाई जा सकती थी। फिलहाल मृत महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है और फरार अज्ञात ट्रक की तलाश शुरू कर दी है।

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत


मृतक निहाल गुप्ता।

**पलिया कलां। अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला बाजार द्वितीय निवासी 30 वर्षीय निहाल गुप्ता की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। निहाल गुप्ता रविवार सुबह थाना गौरीफंटा क्षेत्र के नेपाल सीमा के पास स्थित बनगवां मंडी गया था, जहां वह दुकान लगवाकर अपनी खराब बाइक को ठीक कराने के लिए भूड़ा गांव की ओर जा रहा था। रास्ते में डिगनिया के आगे किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में निहाल गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे आनन-फानन में पलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके साथ मौजूद एक अन्य व्यक्ति इस हादसे में बाल-बाल बच गया। निहाल की शादी करीब दो वर्ष पहले ही हुई थी। उसकी असमय मौत से परिवार पर दु:खों का पहाड़ टूट पड़ा है। पत्नी और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।


मृतकों के घर पर लगी ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार


पेड़ से बंधे चालक को बचाती पुलिस। ● अमृत विचार

# एक सफर, दो मौतें पीछे छूट गया रोता हुआ घर


- शादी में शामिल होने निकला था परिवार, खुशियां मातम में बदलीं

संवाददाता, बेहजम (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचारः** साधारण सा सफरजो खुशियों से भरा होना था, लेकिन कुछ ही पलों में जिंदगी का सबसे बड़ा दुःख बन गया। पठाननपुरवा गांव के इसराइल अपनी पत्नी सहमीन और मासूम बेटी सायस्ता के साथ रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। घर से निकलते वक्त किसी ने नहीं सोचा था कि यह सफर उनकी जिंदगी को हमेशा के लिए बदल देगा।

गांव में इसराइल के मामा पप्पू के घर शादी थी। कई दिनों से तैयारियां चल रही थीं। घर-आंगन में रौनक थी, लोग उत्साह में डूबे थे। सहमीन भी अपनी बेटी के साथ उसी खुशी को जीने निकली थीं, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। राजेपुर गांव के पास अचानक तेज रफ्तार डीसीएम ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।


मृतका सहमीन।


मृतका सायस्ता।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर जा गिरी और तीनों दूर जा गिरे।

सहमीन और उनकी मासूम बेटी वाहन की चपेट में आ गईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। राहगीर और ग्रामीण दौड़ पड़े, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। वहीं इस हादसे में एक ई-रिक्शा भी चपेट में आ गया, जिसमें सवार कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां से उनकी हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर किया गया। जैसे ही मां-बेटी की मौत की खबर गांव पहुंची, पूरे पठानन पुरवा में कोहराम मच गया। जो जहां था, वहीं से घटनास्थल की ओर दौड़ पड़ा। शादी की खुशियां देखते ही देखते मातम में बदल गईं।

घर में जहां शहनाइयों की तैयारी थी, वहां अब सिर्फ सिसकियां और चीखें गूंज रही हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। एक ही परिवार में दो मौतों ने सभी को अंदर तक झकझोर दिया है। गांव का माहौल गमगीन है। हर आंख नम, हर चेहरा मायूस है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि तेज रफ्तार और लापरवाह वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके। यह हादसा एक परिवार की त्रासदी ही नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़ा करता है।

### परिवार में कोहराम, गांव में पसरा मातमी सन्नाटा

**बेहजम।** हादसे में मां-बेटी की मौत की खबर जब गांव पहुंची तो जो जैसा था, वैसे ही मौके की तरफ दौड़ पड़ा। परिवार में चीख पुकार मच गई। पूरे गांव में मातम छा गया। एक ही परिवार में दो मौतों से हर कोई स्तब्ध है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। शादी की खुशियां कुछ ही पलों में गम में बदल गईं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# लोडर चालक की स्टेरिंग पर पकड़े ही हुई मौत

- हरदोई से सामान लोड कर उतरवा रहा था अवधेश

संवाददाता, पलिया कलां


मृतक अवधेश।

**अमृत विचारः** हरदोई से सामान लादकर पलिया आए एक लोडर चालक की रविवार को अचानक मौत हो गई। वह सामान उतरवाते समय लोडर के स्टेरिंग पर सिर रखकर बैठा था, तभी उसकी सांसें थम गईं। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

हरदोई जनपद के टड़ियावां क्षेत्र के ग्राम लोकापुरवा पाला निवासी 49 वर्षीय अवधेश पुत्र सुरेश लोडर वाहन चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। रविवार को वह लोडर में सामान लेकर पलिया पहुंचा था और नगर के बाईपास रोड स्थित एक दुकान के पास वाहन खड़ा कर पल्लेदारों से सामान उतरवा रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान वह स्टेरिंग पर सिर रखकर बैठ गया। सामान उतरने के बाद पल्लेदारों ने जब उसे वाहन आगे बढ़ाने को कहा तो उसने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इस पर लोगों ने उसे हिलाकर देखा, लेकिन तब तक उसकी हालत गंभीर हो चुकी थी। आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही उसके बुजुर्ग पिता सुरेश, पत्नी और अन्य परिजन अस्पताल पहुंच गए। इकलौते बेटे को मृत देख पिता फूट-फूटकर रो पड़े। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि अवधेश ही परिवार का एकमात्र कमाने वाला था, जिससे पूरे घर की जिम्मेदारी उसी पर थी। फिलहाल पुलिस को सूचना दे दी गई है। शव अस्पताल परिसर में रखा हुआ है।

# वार्षिक समारोह में प्रतिभाओं का सम्मान



सम्मान हासिल करने के दौरान मेधावी विद्यार्थी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** पं. दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज (यूपी बोर्ड), लखीमपुर खीरी में वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र ने किया। समारोह में प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। प्रधानाचार्य ने अतिथियों का परिचय कराया, जबकि परीक्षा प्रमुख प्रमोद कुमार मिश्र ने विद्यालय की वार्षिक प्रगति एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि विनोद कुमार मिश्र ने छात्र-छात्राओं को परिश्रम, अनुशासन और नैतिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। इसके अलावा अन्य लोगों ने भी विचार रखे।

इस दौरान कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष अजय भल्ला, उपाध्यक्ष रवि भूषण साहनी, कोषाध्यक्ष अभिजात मिश्र, सह प्रबंधक अनुराग अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य लोग, अभिभावक एवं नगर के विद्या भारती विद्यालयों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे। प्रबंधक डॉ. जय राम ने सभी अतिथियों के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत के साथ संपन्न हुआ।

# जिले के युवक की 3 मंजिल से गिरकर मुंबई में मौत

- गांव के 10 लोगों के साथ मजदूरी करने गया था मुंबई

संवाददाता, मझगईं


मृतक दिलीप कुमार।

**अमृत विचारः** रोजी-रोटी की तलाश में मुंबई गए मुन्नापुरवा निवासी 25 वर्षीय दिलीप कुमार का तीन मंजिला इमारत पर काम करते समय अचानक पैर फिसल गया, जिससे वह नीचे आ गिरा और उसकी ही मौत हो गई। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजन उसका शव लेकर गांव वापस पहुंच गए हैं।

छेदुई पतिया के मजरा गांव मुन्नापुरवा निवासी दिलीप कुमार तीन मार्च को गांव के ही प्रमोद, सूरज, मंजेश समेत करीब 10 लोगों के साथ मजदूरी के लिए मुंबई गया था। वहां 27 मार्च को वह एक निर्माणाधीन इमारत पर सीट लाइन का काम कर रहा था। बताते हैं कि काम के दौरान उसका पैर फिसल गया और संतुलन बिगड़ने से तीसरी मंजिल से नीचे आ गिरा। हादसा इतना गंभीर था कि उसकी रीढ़ की हड्डी, गर्दन, हाथ-पैर और पसलियां बुरी तरह टूट गईं। साथियों ने तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर आते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन शव लेने के लिए मुंबई रवाना हो गए। दिलीप अपने परिवार का मुख्य सहारा था।

परिवार में मां, तीन भाई और एक बहन हैं। उसकी असमय मौत से परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि कुछ महीने पहले ही वह दुबई से गांव लौटा था और फिर रोजगार की तलाश में मुंबई चला गया।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
नेत्र रोग विभाग | नाक, कान, गला रोग विभाग
यह सुविधा 23 मार्च 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों की सामान्य जाँचें मुफ्त
डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
भर्ती मरीजों सी.टी. 20% की छूट पर एवं ईको 500/- में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4- सी.ए.आई.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ESIC)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
9. प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान
10. सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (CAPF)
11. सेंट्रल गवर्मेन्ट हैल्थ स्कीम
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी मिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
9. युनिवर्सल सोम्पो जनरल इन्श्योरेन्स
10. एसबीआई इन्योरेन्स
11. आईसीआईसीआई लोम्बार्ड
12. रिलायन्स जनरल इन्योरेन्स कं. लि.
*इनवेजस रेडियोलॉजी की जाँचें छोड़ कर *T&C Apply
हैल्पलाइन नं. : 9520876140, 8534088093, 9520876145
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

# डबल इंजन सरकार में देश-प्रदेश का विकास

- मैलानी के होली मिलन समारोह में बोले भाजपा जिलाध्यक्ष

संवाददाता, मैलानी

**अमृत विचारः** भाजपा के जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा है कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार में देश और प्रदेश दोनों का विकास तेजी से हो रहा है।

नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी की ओर से एक स्कूल में आयोजित होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा के जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि भाजपा की सरकार में तमाम योजनाएं निर्धन और जरूरतमंदों के लिए चलाई जा रही हैं। इससे निचले तबके के लोगों को फायदा मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना से लाखों बेघरों को पक्के घर मिल चुके हैं। इसके अलावा भी तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं से लोग लाभान्वित हो रहे हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से नगर का विकास करने में वह निरंतर तत्पर हैं। समाजसेवी भवानी शंकर माहेश्वरी ने कहा कि भाजपा सरकार देश, प्रदेश ही नहीं बल्कि नगर के विकास में भी कोई कोर कसर नहीं रख रही है। संचालन राजेश राठौर ने किया।

इससे पहले भाजपा जिलाध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बालाजी धाम खुटार के नंदन जी महाराज, खुटार नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मन गुप्ता, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मंजूलता श्रीवास्तव, राजेश गोयल, द्वारका प्रसाद गोयल, अनीता कौर, भगवत स्वरूप बाथम, आशीष अग्रवाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


होली मिलन समारोह में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** थाना सिंधौली के मूढ़ा हारिश गांव निवासी जितिन गिरी, विष्णु गिरी और मीना देवी पत्नी विष्णु गिरी एक ही बाइक से शाहजहांपुर से हरदोई जनपद की ओर शनिवार को जा रहे थे। थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के गुंवारी गांव के पास अचानक गोवंश के रोड पर आने से बाइक और गोवंश की टक्कर हो गई, जिसके चलते बाइक सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर घायल मीना देवी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। जहां उसकी मौत हो गयी।

### आग से जली महिला ने दम तोड़ा

**मूड़ा सवारान, अमृत विचारः** कोतवाली गोला क्षेत्र के भैंठिया गांव निवासी रामगुनी (55) के परिजनों के अनुसार पहले से ही फालिज से पीड़ित रामगुनी शनिवार सुबह बिस्तर पर बैठकर बीड़ी पी रही थीं। जिसके कारण वह तुरंत उठकर आग से बच नहीं सकीं। आग लगने की जानकारी जब तक घरवालों को हुई, तब तक वह बुरी तरह झुलस चुकी थीं। परिजन और आसपास के लोगों ने किसी तरह आग बुझाई और एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस से घायल महिला को सीएचसी गोला ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। हालांकि हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# पूर्णागिरि जा रहे श्रद्धालुओं की बोलेरो ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराई, 7 लोग घायल

संवाददाता, खुटार


जोगेंद्र चालक


उमाशंकर

- खुटार-पूरनपुर रोड पर लौहंगापुर जंगल में हुआ हादसा
- ट्रॉली छोड़ ट्रैक्टर लेकर चालक फरार, दो की हालत गंभीर

**अमृत विचारः** पूर्णागिरि धाम जा रहे श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। हादसा शनिवार- रात साढ़े बारह बजे खुटार-पूरनपुर रोड पर लौहगांपुर जंगल में हुआ। चालक ट्रॉली छोड़कर ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया। घायलों को खुटार अस्पताल में भर्ती कराने के बाद डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन परिजन सीतापुर ले गए।

जनपद सीतापुर के कस्बा तालगांव के गांव लोधासा निवासी बोलेरो चालक योगेंद्र शनिवार रात को पूर्णागिरी धाम के लिए घरों से निकले थे। गाड़ी में उसी गांव के उपेंद्र, प्रेमचंद्र, लालचंद्र, नियामुपुर निवासी उमाशंकर, रतनापुर निवासी शिवम, शाहबाद निवासी प्रशांत अवस्थी बैठे थे। सभी श्रद्धालु पूर्णागिरि दर्शन करने जा रहे थे। शनिवार रात साढ़े बारह बजे खुटार-पूरनपुर रोड पर लौहंगापुर जंगल में गुरुद्वारा के समीप बोलेरो से ट्रैक्टर-ट्रॉली टकरा गई। घटना के बाद चालक ट्रॉली छोड़कर ट्रैक्टर लेकर चला गया।

राहगीरों की सूचना पर 108 सेवा एंबुलेंस कर्मी कीरत यादव, सुनील कुमार यादव की मदद से सभी घायलों को खुटार सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने हालत गंभीर देख मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हादसे की जानकारी पाकर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए और सीतापुर ले गए। घायल उपेंद्र, उमाशंकर की हालत गंभीर है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी फर्म विनायक इन्टरप्राईजेज पता मुडिया अहमद नगर, बरेली जिसका TIN No. 09507314777 का फार्म-C क्रम संख्या- 0958206 वास्तव में कहीं खो गया है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है।

आवश्यकता है
जे.पी. एकेडमी
सी.बी. गंज, बरेली
N.C. से कक्षा 8 तक
अध्यापिकाओं की
(बी.एड को प्राथमिकता)
साक्षात्कार 31.03.2026 मंगलवार
प्रातः 10 बजे से
जे.पी. गंगवार, प्रबंधक
9837634329

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### एसडीएम ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**बीसलपुर, अमृत विचार :** एसडीएम नागेंद्र पांडे ने रविवार शाम को कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। शस्त्रों की साफ सफाई देखी। उन्होंने कार्यालय में पहुंचकर मुंशी गौरव सिंह से कंप्यूटर पर अंकित अभिलेखों की जानकारी प्राप्त की।महिला डैक्स, सीसीटीएनएस पटल, मालखाना, मुकदमाती माल, कोतवाली में मौजूद पुलिस कर्मियों के आवास के बारे में जानकारी प्राप्त की। मैस का भी निरीक्षण किया। एसडीएम ने लंबित मुकदमो के बारे में जाना और निर्देश दिए।

### किशोरी ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली मे एक महिला ने बताया कि शनिवार शाम वह अपने परिवार के साथ घर पर थी। देर रात 17 वर्षीय पुत्री को कोई फुसलाकर ले गया। एक बार गुड्डू निवासी ग्राम दोदराजपुर तिलहर जनपद शाहजहांपुर से बात करते हुए पकड़ लिया था। वहीं उसकी नाबालिक पुत्री को अपने प्रेमजाल में फंसा कर ले गया है। पुलिस मामले को जांच कर रही है।

### महिला से रंजिशन घर में घुसकर की मारपीट

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली में दी तहरीर में ग्राम चौसर हरदोपट्टी निवासी स्वर्गीय बाबूराम मौर्य के पुत्र विशाल ने बताया कि 28 मार्च को वह घर से बाहर थे।मां रामदेई घर पर अकेली थी। इसी बीच आनंद, श्रीपाल, मनीष , मुकेश ने मा से मारपीट की। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### खेत पर जबरन कब्जा करने के विरोध पर पीटा

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोवल पतिपुरा निवासी बृजेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के पड़ोस में स्थित अपने खेत पर अपने भाई रवि प्रकाश के साथ पानी चला रहा था। इसी बीच अनुराग यादव, नरदेव, मुनेंद्र यादव, अभिषेक व विवेक खेत पर कब्जा करने के इरादे से लाठी डंडा व धारदार हथियार लेकर पहुंच गए। उन्होंने बृजेश है व उसके भाई रवि प्रकाश को धमका कर खेत जबरदस्ती अपने ट्रैक्टर से जोतने लगे। इसी दौरान रवि प्रकाश ने 112 नंबर पुलिस को डायल कर मौके पर बुला लिया। अवैध कब्जा कर रहे लोगों को पुलिस ने भगा दिया। शाम को दोबारा खेत पर पहुंच गए और उन्होंने पहुंचते ही बृजेश व उसके भाई रवि प्रकाश की पिटाई शुरू कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# घर में सो रहे युवक के हाथ-पैर बांधकर गला रेतकर की हत्या

## कोतवाली हसनपुर के गांव पिपलौती कला में शनिवार रात दिया वारदात को अंजाम

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपलौती कला में घर के आंगन में चारपाई पर सो रहे मजदूर की शनिवार रात गला रेतकर हत्या कर दी गई। रविवार सुबह उसका शव हाथ-पैर बंधी हालत में चारपाई पर पड़ा मिला। पिता ने आरोप लगाया है कि उसके बेटे की हत्या पुत्रवधू ने ही कराई है। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसपी अमित आनंद ने भी घटनास्थल का मौका मुआयना किया।



मृतक मेहराज।



जांच पड़ताल करते प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी। ● अमृत विचार

यह घटना हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपलौती कला की है। जानकारी के मुताबिक 27 वर्षीय मेहराज पुत्र शौकीन चौधरी दिल्ली में मजदूरी करता था। ईद पर वह घर लौटा था। शनिवार रात वह बीच गांव स्थित घर के आंगन में चारपाई डालकर सो गया। बराबर की चारपाई पर पत्नी रूही व सात व चार साल के बेटे सो रहे थे। पिता शौकीन का कहना है कि रविवार सुबह वह मेहराज के घर पहुंचा तो उसकी चारपाई के नीचे खून पड़ा हुआ था। लिहाफ हटाकर देखा तो मेहराज के हाथ-पैर बंधे हुए थे और गला रेतकर उसकी हत्या कर दी गई थी। हैरत की बात यह रही कि मेहराज की पत्नी रूही उस वक्त भी चारपाई पर आराम से सो रही थी। जब उसने चीख पुकार मचाई तो रूही उठी। परिवार व गांव के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। खबर लगते ही कोतवाली पुलिस भी पहुंच गई। शौकीन ने मेहाराज की पत्नी रूही पर हत्या कराने का शक जताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक 2 दिन पूर्व मेहराज का पत्नी रूही से विवाद हुआ था। पुलिस भी मेहराज की पत्नी रूही की भूमिका संदिग्ध मान रही है। हालांकि, रूही ने पुलिस को बताया है कि आधी रात कोई आया था और उसे बेहोश कर दिया। इसके बाद क्या हुआ, उसे पता नहीं। एसपी अमित कुमार आनंद, एएसपी अखिलेश भदौरिया ने मौका मुआयना किया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि हाथ-पैर बांधने के बाद गला रेतकर मेहराज की हत्या की गई है। शव पोस्टमार्टम को भेजा जा रहा है। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक घटनाक्रम से जुड़े क्लू हाथ लगे हैं, जल्द खुलासा किया जाएगा। बताया जा रहा है कि महराज की शादी करीब 8 वर्ष पूर्व सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव ढक्का निवासी रूही से हुई थी। मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है।

**गले, हाथ, पेट एवं पैरों को भी धारदार हथियार से काटा :** मृतक मेहराज की हत्यारों ने हाथ-पैर बांधकर गला रेत कर हत्या की थी। आरोपियों द्वारा मृतक के गले, हाथ, पेट एवं पैरों पर भी धारदार हथियार से वार किये थे। शव को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे किसी रंजिश में युवक की हत्या की गई हो।

**खर्चे को लेकर पति-पत्नी में चल रही थी अनबन :** सूत्रों के अनुसार पता चला है कि मृतक मेहराज के द्वारा अपनी पत्नी रूही को दिल्ली मजदूरी पर जाने से पूर्व बीस हजार खर्चे के लिए दिए गए थे। उसकी पत्नी ने रमजान माह में लगभग 18 हजार रुपये खर्च कर लिए थे, जब वह ईद पर घर आया तो उसने खर्च किए गए रुपयों का हिसाब मांगा तो इस बात को लेकर ईद से दोनों पति-पत्नी में झगड़ा हो गया था और जब से ही दोनों में अनबन चल रही थी।

## ट्रेन से गिरकर बदायूं के युवक की मौत

**आंवला, अमृत विचार :** चंदौसी-बरेली रेलवे लाइन पर आंवला रेलवे स्टेशन के नूरपुर रेलवे फाटक के समीप एक व्यक्ति का संदिग्ध अवस्था में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने ट्रेन से गिरकर मौत होने का मामला बताया है। हालांकि अन्य पहलुओं की भी जांच पुलिस कर रही है।

मृतक की पहचान 32 वर्षीय शाहरुख खान के रूप में हुई है, जो हतरा सैदपुर, थाना वजीरगंज, बदायूं का निवासी था। उसके पास से मिले दस्तावेजों के आधार पर पहचान सुनिश्चित की गई। परिजनों के मुताबिक, शाहरुख करीब 10-12 दिन पहले अपनी पत्नी नगमा के साथ गया था। दोनों के बीच किसी बात को लेकर अनबन हो गई थी। इसके बाद नगमा बस से घर लौट आई, जबकि शाहरुख ट्रेन से वापस आ रहा था। बताया गया कि मृतक सिलाई का काम करता था और उसके दो बेटे हैं। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। वहीं, मृतक के भाई ने शाहरुख के ससुराल पक्ष पर हत्या का शक जताया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। मामले में सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

# दो रोजा उर्स-ए-फरीदी का आगाज



दरगाह पर चादरपोशी को जाते जायरीन। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** हर साल की तरह इस साल भी बाबा फरीदी के पोते कुतबे बदायूं हज़रत मुफ्ती शाह मोहम्मद इब्राहिम फरीदी रहमतुल्लाह अलैह का दो रोजा सालाना उर्स पूरे अकीदत व एहतराम के साथ शुरू हुआ। उर्स के पहले दिन का आगाज सुबह कुरआन ख्वानी से हुआ, जिसमें उलमा-ए-कराम व हाफिज-ए-कुरआन ने तिलावत कर खास दुआएं कीं। बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत कर दरगाह शरीफ की फिजाओं को रूहानियत से भर दिया। सुबह से ही दूर-दराज़ इलाकों से जायरीन की आमद शुरू हो गई थी, जो दिनभर जारी रही।

जुहर की नमाज के बाद नियाज ग्यारहवीं शरीफ का इनकाद किया गया। गौस पाक का लंगर तकसीम किया गया। बाद नमाज ए असर साहिबे सज्जादा खानकाह आबादानिया फरीदिया हजरत मोहम्मद अनवर अली फरीदी (सोहिल फरीदी) ने दरसे हदीस में तफसीर से हदीस बयान कर कुरआन और हदीस पर चलने को कहा। जिसके बाद नातख्वां हजरात ने नात शरीफ पेश की। जुलूसे चादर शरीफ अकीदत व एहतिराम और रूहानी माहौल में शान-ओ-शौकत के साथ निकाला गया। जुलूस की सरपरस्ती सज्जादानशीन शैख़ ए तरीकत हज़रत शाह मोहम्मद अनवर अली सुहैल फरीदी साहब ने फरमाई। जुलूस खानकाहे फरीदिया कमानगरान बदायूं से शुरू होकर दरगाह शरीफ पर संपन्न हुआ।

## बंद दरवाजों में बंट रहा राशन

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** कुंवरगांव क्षेत्र के कसेर पनौटा गांव में राशन वितरण व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। एक युवक द्वारा राशन डीलर पर गंभीर आरोप लगाते हुए बनाया गया वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें युवक आरोप लगा रहा है कि राशन डीलर दरवाजा बंद कर अंदर ही अंदर राशन बांटता है। जबकि ग्रामीण घंटों बाहर इंतजार करते रहते हैं। आरोप है कि पारदर्शिता की अनदेखी कर मनमाने तरीके से वितरण किया जा रहा है। जिससे जरूरतमंदों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मामले को लेकर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अर्जुन सिंह ने भी नाराजगी जताई।

# जिला बदर युवक से मारपीट, वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कैंट क्षेत्र का बताया जा रहा वीडियो, ऋषभ को किया जा चुका है जिला बदर

**अमृत विचार :** खुद को हिंदू संगठन का नेता बताने वाले जिला बदर ऋषभ ठाकुर का एक और वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वह दूसरे समुदाय के युवक के साथ मारपीट करता नजर आ रहा है। पास में युवक व युवती भी दिख रहे हैं, जो अलग-अलग समुदाय के बताए जा रहे हैं।

राजेंद्र नगर स्थित कैफे में दोस्तों के साथ जन्मदिन मना रही छात्रा के साथियों के साथ ऋषभ ठाकुर और उसके साथियों ने लव जिहाद का आरोप लगाते हुए मारपीट की थी।

इसका वीडियो वायरल हुआ था। प्रेमनगर पुलिस मामले में ऋषभ को गिरफ्तार नहीं कर सकी थी, लेकिन ऋषभ ने कोर्ट में सरेंडर किया था। जमानत पर वह बाहर आया तो सुभाषनगर पुलिस ने जिला बदर कर उसे बदायूं की सीमा पर छोड़ा था।

बारादरी क्षेत्र में एक स्पा सेंटर से रंगदारी मांगने के आरोप में आरोपी ऋषभ को बारादरी पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेजा था।

बताते हैं कि ऋषभ ने कैंट क्षेत्र में दूसरे समुदाय के युवक के साथ मारपीट की और घटना का वीडियो खुद ही सोशल मीडिया पर साझा किया, जो रविवार को वायरल हो गया। हालांकि, वीडियो की सत्यता की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है।

वीडियो में कहा गया कि कैंट क्षेत्र में लव जिहाद के आरोपी को उसने सबक सिखाया है। कैंट इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि जिला बदर ऋषभ ठाकुर और उसके साथियों द्वारा ठिरिया निजावत खां निवासी लड़के की पिटाई करने का वीडियो वायरल हो रहा है। मामले में तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

## असमोली में चोरों का गिरोह पकड़ा

**संभल/असमोली, अमृत विचारः** थाना असमोली पुलिस ने चार चोरों को पांच हजार रुपये नकद, सोने-चांदी के जेवरात व चार लोहे की फर्म प्लेटों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। असमोली पुलिस 19 मार्च की रात हुई चोरी के दो मामलों के खुलासे किया है।

19 मार्च रात मिलक सैंधरी गांव में अज्ञात चोरों ने अनेश पाल के घर से पीतल के बर्तन व नकदी, सत्यभान पुत्र जगदीश व सचिन कुमार पुत्र मोहर सिंह के घरों से सोने-चांदी के जेवर चुराए थे। जिसमें पिड़ित ने पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी के संबंध में तहरीर दी थी। पुलिस पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी थी। 29 मार्च को असमोली शुगर मिल से बिलालपुर जाने वाली सड़क पर मनोहर चाय वाले की दुकान के पास खाली प्लॉट से चारों नई चोरी बारदात को अंजाम देने की योजना बनाते हुए पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी गौरव कुमार, रामरेश, अरविन्द्र और नूर मौहम्मद असमोली के रहने वाले है। पुलिस ने पकड़े चोरों से चोरी का माल बरामद किया है। सभी आरोपियों को जेल भेजा है।

# सेटेलाइट बस स्टैंड पर 'मौत के नाले' पर बिछाया लोहे का जाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- तौहीद की मौत के बाद जागे निगम के अफसरों ने शुरू कराया काम
- सुरक्षा दीवार बनाई, अब सफाई के लिए खुल और बंद होगा जाल

**अमृत विचार :** सेटेलाइट बस स्टैंड के नाले में गिरकर हरदोई निवासी ट्रक चालक तौहीद की मौत के बाद नगर निगम ने रविवार को सुरक्षा के इंतजाम शुरू कर दिए। नाले के स्थान को लोहे के मजबूत जाल से सुरक्षित करने का काम शुरू किया गया। श्रमिकों ने नाले के पास टूटे पत्थरों को हटाकर वहां लोहे का सुरक्षा कवच बिछाने का कार्य किया। निगम अब पुलिस चौकी के पीछे वाले हिस्से को भी लोहे के जाल से पूरी तरह कवर करने की तैयारी में है, ताकि भविष्य में कोई और राहगीर इस मौत के कुएं का शिकार न बने।

चीफ इंजीनियर मनीष अवस्थी के अनुसार सेटेलाइट स्थित इस नाले पर बना जंक्शन बॉक्स तकनीकी रूप से बेहद संवेदनशील है। यहां शाहजहांपुर रोड, पीलीभीत रोड और सिविल लाइन जैसे तीन प्रमुख इलाकों का पानी एक साथ आकर मिलता है, जिसके कारण बहाव की गति अत्यंत तीव्र हो जाती है। करीब नौ फुट गहरे इस नाले के जंक्शन बॉक्स को अब विशेष रूप से डिजाइन किए गए लोहे के कवर से ढका जा रहा है। नाले की सफाई के दौरान इस जाल को आसानी से खोला जा सकेगा। सफाई के बाद इसे दोबारा लॉक कर दिया जाएगा।

इसके साथ ही पुलिस चौकी के पीछे वाले हिस्से में भी सफाई के लिए अलग से बॉक्स बनाने की योजना है। सुरक्षा इंतजामों को और पुख्ता करने के लिए नगर निगम नाले के दूसरी ओर करीब डेढ़ फुट ऊंची सुरक्षा दीवार का निर्माण भी करा रहा है। नाले पर स्लैब डालने और अन्य खुले हिस्सों को पत्थर से पाटने का काम भी साथ-साथ चल रहा है। लंबे समय से खुले इस गहरे नाले और उससे उठने वाली दुर्गंध से स्थानीय दुकानदार और राहगीर बेहद परेशान थे, जो अब राहत की उम्मीद जता रहे हैं।

**तौहीद की मौत मामले में कमेटी आज सौंपेगी जांच रिपोर्ट:** सेटेलाइट बस स्टैंड के पास नाले में गिरकर ड्राइवर तौहीद की मौत के मामले में जांच अंतिम चरण में है। जांच कमेटी सोमवार को दोषियों की सूची के साथ अपनी विस्तृत रिपोर्ट नगर आयुक्त को सौंपेगी।

जांच अधिकारी के मुताबिक शुरुआती पड़ताल में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है कि पिछले साल निर्माण विभाग की निगरानी में हुई सफाई के दौरान ठेकेदार ने नाले का मैनहोल खोला था। कार्य पूरा होने के बाद ढकने की जहमत नहीं उठाई गई। अपर नगर आयुकत शशिभूषण राय का कहना है कि जांच में वह उन सभी पहलुओं को शामिल कर चुके हैं कि आखिर लंबे समय तक नाले का मैनहोन खुला क्यों रहा और विभाग के जिम्मेदारों ने इस पर ध्यान क्यों नहीं दिया। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य के कड़े रुख से लग रहा है कि रिपोर्ट मिलते ही संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार पर गाज गिर सकती है।


## सार्वजनिक सूचना

सूचित किया जाता है कि दिनांक 25.3.2026 को गंगा एक्सप्रेस वे के किनारे वहद ग्राम, कपरोल थाना इस्लाम नगर जनपद बदायूं गंगा एक्सप्रेस वे के किनारे एक अज्ञात शव, नीली



जींस, नीले स्पोर्ट्स शूज, गुलाबी शर्ट, अंदर काली बनियान पहने है शिनाख्त करने की कृपा करें।

थानाध्यक्ष इस्लामनगर जनपद बदायूँ 9450375060

## कार्यालय ग्रा.प. नूरपुर पिनौनी विकास खंड इस्लामनगर बदायूं

**अल्पकालीन निविदा** 29.03.2026

समस्त सामग्री आपूर्ति यथा (सीमेंट, रेता, बजरी, बजरफुट ईट, इन्टरलाक, सरिया, एंगिल, टीन, पेन्ट, रोडा) आदि को सूचित किया जाता है कि मनरेगा, राज्य वित्त, खाद एवं रसद विभाग योजना, केन्द्र वित्त योजना (2025-26) के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत नूरपुर पिनौनी विकास खण्ड इस्लामनगर बदायूं में निम्न कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। अतः समस्त संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है। कि निविदा की तारीख से सामग्री की दरे बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 01.04.2026 को शाम 3:00 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करें। व इसी दिवस को 4:00 बजे प्रधान व सचिव के सामने खोली जाएंगी कार्य का विवरण निम्न प्रकार है

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित धनराशि |
|---|---|---|
| 1. | अवनीश गुप्ता के घर से गजेंद्र ठाकुर के घर तक इंटरलॉकिंग मरम्मत कार्य | प्रा. के अनुसार |
| 2. | छत्रपाल सिंह के घर से संतोष शर्मा के घर तक इंटरलॉकिंग मरम्मत नि. कार्य | प्रा. के अनुसार |
| 3. | पुलिया से बंटी दीक्षित के घर तक इंटरलॉकिंग मरम्मत कार्य | प्रा. के अनुसार |
| 4. | बंटी दीक्षित के घर से शिवमदिर तक इंटरलॉकिंग मरम्मत कार्य कार्य | प्रा. के अनुसार |
| 5. | संजू दीक्षित के घर से मैंन रोड तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | प्रा. के अनुसार |
| 6. | ग्राम पंचायत में पुलिया मरम्मत कार्य | प्रा. के अनुसार |
| 7. | चिरंजी मौर्य के घर से अस्पताल तक नाला मरम्मत व निर्माण कार्य | प्रा. के अनुसार |
| 8. | अशोक शर्मा के घर से सचिवालय तक खड़ंजा मरम्मत कार्य | प्रा. के अनुसार |

सचिव प्रधान

## पब्लिक नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इशिता इण्टरप्राइजेज सावित्री इन्कलेव निकट बालियां होटल शेखपुर घरऊ नजीवाबाद जिला बिजनौर की एक अकृषक आराजी क्षेत्रफल 0.701 हे0, गाटा सं0 591 का अंश भाग स्थित ग्राम टिसुआ, तहसील फरीदपुर, जिला बरेली को बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा श्यामगंज, जिला बरेली से व्यापार हेतु लोन वास्ते बंधक रख रहें है। इस सम्पत्ति की बाबत एक पिछला मूल पंजीकृत इकरारनामा जिसकी रजिस्ट्री कार्यालय सब रजिस्ट्रार फरीदपुर, जिला बरेली में बुक नं0 1 वाल्यूम 2369 पेज नं0 367-372 सीरियल नं0 7344 दिनांक 25.11.2011एवं एक मूल विक्रय पत्र जिसकी रजिस्ट्री कार्यालय सब रजिस्ट्रार फरीदपुर, जिला बरेली में बुक नं0 1 वाल्यूम 2493 पेज नं0 217-250 सीरियल नं0 2798 दिनांक 19.05.2012 को हुयी है, कही खो गया है, जिसकी सूचना दिनांक 28.03. 2026 को पुलिस को LAR-20260000291231 के द्वारा दी जा चुकी है। इस विक्रय पत्र की अनुपलब्धता के विषय में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से समस्त दस्तावेजों व साक्ष्यों सहित मेरे कार्यालय में समान्य कार्य दिवस की समान्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुये कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है उपरोक्त ऋण जारी कर दिया जायेगा।

**द्वारा शरद चन्द्र मिश्रा एडवोकेट कार्यालय 52 विक्रमादित्यपुरी एस0बी0आई0 ऑफिसर्स कॉलोनी, बरेली । मो0नं0 9837659421**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, तिलहर (शाहजहाँपुर)

पत्रांक : 441/न.पा.परि.ति./ई.नि.सू./2025-26 दिनांक : 28.03.2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद तिलहर, शाहजहांपुर द्वारा मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना, पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना तथा नगरीय झील/तालाब/पोखर संरक्षण योजना के अन्तर्गत प्राप्त/स्वीकृत धनराशि के अन्तर्गत निर्माण कार्यो हेतु पात्र ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा तक पूर्ण प्रतिशत आधार दरों पर ई-निविदा पद्धति से ई-टेण्डर की वेबसाईट https://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्नलिखित टेण्डर शेड्यूल के अनुसार ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | विवरण | प्रारम्भ दिनांक व समय | अंतिम दिनांक व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा देखने/डाउनलोड/खरीदने की तिथि | 31.03.2026 समय 02:00 बजे से | 21.04.2026 समय सायं 05:00 बजे तक |
| 2. | बिड समाप्ति की तिथि व समय | - | 21.04.2026 समय सायं 05:00 बजे तक |
| 3. | बिड खोलने की तिथि | 22.04.2026 समय प्रातः 10:00 बजे से | - |

नोट :

1. कार्यो से संबन्धित निविदा सूचना एवं शर्ते नगर पालिका परिषद तिलहर कार्यालय में कार्य दिवस में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।
2. निविदादाता को वेबसाईट https://etender.up.nic.in में पंजीकृत होना अनिवार्य है। पंजीकरण न होने पर निविदा डालना संभव नहीं होगा।
3. ई-निविदा में कोई भी संशोधन/परिमार्जन/परिवर्तन की सूचना को वेबसाईट पर अपलोड कर प्रकाशित किया जायेगा।
4. एक अथवा सभी निविदाओं को कारण बताये अथवा बिना बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को निहित होगा।

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद तिलहर शाहजहांपुर

अध्यक्ष नगर पालिका परिषद तिलहर शाहजहांपुर


# लापता किशोरियां इज्जतनगर से बरामद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मां की डांट से नाराज होकर दो बहनें अपनी सहेलियों को लेकर पिता के साथ चली गईं थीं
- बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे देखे तो सच्चाई आ गयी सामने

**अमृत विचारः** सिकलापुर में शनिवार की रात मेला देखने गईं चार किशोरियां देर रात तक घर नहीं लौटीं। परिजनों के साथ पुलिस उनकी तलाश में जुट गई। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक किए जिसमें दो बहनें अपने पिता के साथ जाती हुई दिखाई दीं, साथ में दोनों अन्य लड़कियां भी थीं। तड़के 4 बजे बारादरी पुलिस ने उन्हें इज्जतनगर क्षेत्र से बरामद कर लिया।

बारादरी थाना क्षेत्र के गंगापुर की रहने वाली राहुल की पत्नी नेहा ने बारादरी पुलिस को सूचना दी थी कि उसकी 10 साल की बेटी रिद्धिमा व 7 वर्षीय बेटी महिमा सिकलापुर में मेला देखने गईं थीं, लेकिन वापस नहीं लौटीं। पड़ोस के ही रहने वाले विजय कुमार की दो लड़कियां 10 वर्षीय नायरा व 8 साल की पलक भी साथ में थीं। मां की सूचना के बाद पुलिस ने तलाश शुरू की। आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो नेहा की दोनों लड़कियां अपने पिता राहुल के साथ जाती दिखीं। उनके साथ दोनों अन्य लड़कियां भी थीं। इसके बाद पुलिस ने राहुल से संपर्क किया तो पूरा मामला खुल गया। राहुल के मुताबिक पत्नी नेहा से विवाद के कारण वह अलग रहता है। उसकी दोनों बेटियां मेले में मिलीं, उन्होंने बताया कि मां बहुत डांटती है, इसलिए वह उन्हें अपने साथ ले गया। साथ में मौजूद दो अन्य लड़कियां भी जाने की जिद करने लगीं। चारों को साथ लेकर वह थाना इज्जतनगर क्षेत्र स्थित अपने बहन-बहनोई के घर चला गया। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि सूचना मिलते ही रिपोर्ट दर्ज करके लड़कियों की तलाश शुरू की गई थी। पुलिस परिजनों के साथ जाकर लड़कियों को सुबह 4 बजे सकुशल ले आई।

## सीबीगंज थाना क्षेत्र में छह माह में डेढ़ दर्जन से अधिक चोरी

संवाददाता, सीबीगंज

- अभी तक भी घटना का खुलासा नहीं कर सकी पुलिस

**अमृत विचार :** सीबीगंज क्षेत्र में छह माह में डेढ़ दर्जन से अधिक चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। पुलिस एक भी घटना का खुलासा नहीं कर सकी है।

भारत हैवी इलेक्ट्रीकल लिमिटेड (भेल) में मैनेजर अभिषेक कुमार के सीबीगंज की आईटीआर कालोनी में बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने बीस लाख रुपये से अधिक के आभूषण आदि सामान चोरी कर लिया था। इससे पहले 24 फरवरी को जौहरपुर निवासी योगेश शर्मा के मकान का ताला तोड़कर चोर आभूषण आदि सामान ले गए। 6 मार्च को प्रेमनगर थाना क्षेत्र के सिद्धार्थ नगर निवासी नरेश जुनेजा की परसाखेड़ा स्थित एसजे फैक्ट्री से चोरों ने तार आदि सामान चोरी कर लिया था। 28 फरवरी की रात नदोसी निवासी रिटायर्ड इंजीनियर नरेश बाबू गंगवार के घर से 49 हजार रुपए, मोबाइल आदि सामान चोरी कर लिया गया। 27 जनवरी की रात सनईया रानी निवासी सुनील प्रसाद सिंह के मकान का ताला तोड़कर लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया। 18 दिसंबर की रात मथुरापुर निवासी इश्तियाक के घर का ताला तोड़कर आभूषण समते सामान चोरी कर लिया था। गत वर्ष 8 दिसंबर की रात वीना मिश्रा पत्नी स्व वीरेंद्र कुमार के घर से नगदी, जेवर चोरी कर लिया गया।

# बरेली एयरपोर्ट पर मुफ्त मिलेगी फ्लाइब्रेरी, वाई-फाई की सुविधा

**बरेली, अमृत विचारः** सिविल एन्क्लेव (बरेली एयरपोर्ट) पर यात्रियों के लिए फ्लाइब्रेरी में किताबें पढ़ने के साथ वाई-फाई सुविधा भी फ्री में मिलेगी। रविवार को केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु ने वर्चुअल माध्यम से नई सुविधाओं का उद्घाटन किया। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों को हवाई अड्डे पर प्रतीक्षा के दौरान पढ़ने की आदत को बढ़ावा देना और सकारात्मक अनुभव प्रदान करना है। यात्री अपनी पसंद की पुस्तक पढ़ सकते हैं और चाहें तो अपनी पुस्तकें दान कर अन्य यात्रियों के लिए उपलब्ध करा सकते हैं। इस अवसर पर टर्मिनल भवन में स्थित कार्यक्रम स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया और डिजिटल माध्यम से विभिन्न हवाई अड्डों पर चल रही सुविधाओं का भी प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में एयरपोर्ट निदेशक अवधेश अग्रवाल, उनकी टीम, यूपीएसएसएफ के सुरक्षा कार्मिक एवं इंडिगो एयरलाइन का स्टाफ उपस्थित रहा।

# ईरान-इजराइल युद्ध का दवाओं पर नहीं पड़ेगा असर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आईएमए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. शरद अग्रवाल ने पत्रकारों से की बातचीत

**अमृत विचार :** ईरान-इजराइल के बीच युद्ध को लेकर दवाओं की आपूर्ति पर उठ रही आशंकाओं को खारिज करते हुए आईएमए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. शरद अग्रवाल ने कहा कि भारत में दवाओं और सर्जिकल उपकरणों की कोई कमी नहीं है। देश इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर है और किसी भी अंतर्राष्ट्रीय स्थिति का सीधा असर आमजन पर नहीं पड़ेगा।

उन्होंने रविवार को आईएमए हॉल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि दवाओं के दाम बढ़ सकते हैं जैसी खबरें भ्रम पैदा कर रही हैं। भारत में दवा उद्योग मजबूत है और जरूरत के अनुसार उत्पादन करने में सक्षम है। भारत दवा और सर्जिकल सामान विदेशों में भेजता है। कहा कि आईएमए बरेली हर वर्ष कुछ नया और रचनात्मक कार्य करती है। यहां चुनने वाला हर नया अध्यक्ष नई सोच के साथ काम करता है। इससे मरीजों को फायदा भी पहुंचता है। हाल ही में आयोजित हिंदू नव वर्ष कार्यक्रम की सराहना करते हुए डॉ शरद ने कहा कि आयोजन भव्य और आकर्षक था। आईएमए यूपी के प्रेसिडेंट इलेक्ट डॉ. रवीश अग्रवाल, यूपी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. रवि मेहरा, आईएमए बरेली अध्यक्ष डॉ. अतुल श्रीवास्तव, डॉ. विमल भारद्वाज, डॉ. हिमांशु अग्रवाल, प्रेसिडेंट इलेक्ट डॉ. डीपी. गंगवार, सचिव डॉ. अंशु अग्रवाल, डॉ. अनूप आर्य समेत अन्य डॉक्टर मौजूद रहे।




लखनऊ के लोक भवन में आयोजित 665 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में चयनित अभ्यर्थियों से संवाद करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

# अभ्यर्थियों ने पारदर्शी चयन प्रक्रिया को सराहा

## मुख्यमंत्री योगी के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर भावुक हुए अभ्यर्थी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** राजधानी लखनऊ के लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में योगी आदित्यनाथ ने 665 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान चयनित अभ्यर्थियों की खुशी देखते ही बन रही थी। मंच से एक-एक कर उन्होंने अपने अनुभव साझा किए और चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता व निष्पक्षता की सराहना की।

अभ्यर्थियों ने कहा कि अब सरकारी भर्तियों में मेहनत और योग्यता को ही प्राथमिकता मिल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जाति, धर्म और क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर सभी को समान अवसर दिया जा रहा है। इस नियुक्ति प्रक्रिया ने युवाओं के बीच सिस्टम के प्रति विश्वास को मजबूत किया है। चयनित अभ्यर्थियों की बातों से साफ झलकता है कि अब सरकारी भर्तियों में पारदर्शिता और निष्पक्षता नई पहचान बन चुकी है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं शिक्षा अमित घोष, लोहिया संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह, केजीएमयू वाइस चांसलर डॉ. सोनिया नित्यानंद आदि उपस्थित थे।

> पारदर्शी परीक्षा के कारण मुझे प्रथम रैंक हासिल करने का अवसर मिला। परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष रही। मुख्यमंत्री से मिलना मेरे लिए सपने के सच होने जैसा है। – प्रियंका सिंह (मोहनलालगंज, लखनऊ)

> दो चरणों में हुई परीक्षा पूरी तरह पारदर्शी रही। इसमें वही सफल हुए जो वास्तव में योग्य थे। यह मेरे जीवन का गौरवपूर्ण क्षण है। – संध्या सिंह (सुल्तानपुर)

> परीक्षा केंद्रों पर इतनी कड़ी सुरक्षा थी कि किसी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना ही नहीं थी। यह सरकार की ईमानदार और पारदर्शी व्यवस्था का उदाहरण है। – अनामिका यादव (मैनपुरी)

> पहले मेरे मन में उत्तर प्रदेश को लेकर गलत धारणा थी, लेकिन अब राज्य तेजी से विकसित हो रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बदलाव साफ दिखता है। – शरिमा सिद्दीकी

> नियुक्ति पत्र मिलना मेरे जीवन का सबसे गर्वपूर्ण क्षण है। पारदर्शी प्रक्रिया से योग्य उम्मीदवारों को ही अवसर मिला। – आकांक्षा

## न्यूज ब्रीफ

### वादा करें नोएडा एयरपोर्ट नहीं बेचेंगे



**अमृत विचार, लखनऊ :** अखिलेश यादव की गौतमबुद्ध नगर के दादरी में आयोजित रैली से पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सियासत गरमा गई है। सपा प्रमुख ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इसका उद्घाटन "बेचने के लिए" किया गया है और सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि एयरपोर्ट का निजीकरण नहीं होगा। उन्होंने किसानों को उनकी जमीन का बाजार भाव से मुआवजा न मिलने का आरोप लगाते हुए वादा किया कि सपा सरकार बनने पर विकास परियोजनाओं के लिए ली जाने वाली जमीन का उचित मूल्य दिया जाएगा। दादरी के सम्राट मिहिर भोज कॉलेज मैदान में हुई रैली में अखिलेश यादव ने कहा कि सपा शासनकाल में किसानों को बेहतर मुआवजा मिलता था, जबकि वर्तमान सरकार में उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### बसपा सरकार में पड़ी थी नोएडा एयरपोर्ट की नींव



**अमृत विचार, लखनऊ :** जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को लेकर बसपा प्रमुख मायावती का दावा है कि इस परियोजना की आधारशिला उनकी बसपा सरकार के दौरान ही रखी गई थी। जरूरी बुनियादी कार्य बसपा सरकार के समय ही शुरू हो गए थे, लेकिन बाद में केंद्र की कांग्रेस सरकार के असहयोग से इसमें देरी हुई। बसपा प्रमुख ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर अपनी पोस्ट में आरोप लगाया कि उस समय केंद्र में रही कांग्रेस की सरकार ने इस परियोजना में बाधाएं डालीं। अगर, व्यवधान न खड़े किए गए होते तो यमुना एक्सप्रेसवे की तरह यह परियोजना भी उनकी सरकार में ही पूरी हो सकती थी।

### संगठन के विस्तार में जुटी आरपीआई (ए)

**अमृत विचार, लखनऊ :** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के केंद्रीय नेता रामदास अठावले के नेतृत्व और पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर प्रदेशभर से लोगों का पार्टी से जुड़ने का सिलसिला लगातार जारी है। रविवार को प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष पवन गुप्ता की अध्यक्षता में संगठन विस्तार को लेकर बैठक हुई। बैठक में कई पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। लखनऊ पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संगठन को ग्राम पंचायत, ब्लॉक और बूथ स्तर तक मजबूत किया जा रहा है। आने वाले समय में रैलियों और बैठकों के माध्यम से जनसमस्याओं को गहराई से समझा जाएगा।

### कन्या सुमंगला योजना से नई उड़ान

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी कन्या सुमंगला योजना बेटियों के सशक्तीकरण का मजबूत आधार बनती जा रही है। इसी क्रम में अमेठी जिले की 23 छात्राओं को स्नातक स्तर पर प्रवेश के बाद योजना की अंतिम किश्त जारी की गई, जिससे उनके उच्च शिक्षा के सपनों को नई मजबूती मिली है। योजना के तहत बेटियों को जन्म से लेकर स्नातक स्तर तक छह चरणों में आर्थिक सहायता दी जाती है। वर्ष 2024-25 में इस सहायता राशि को बढ़ाकर 25,000 रुपये कर दिया गया है, जो सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाती है।

# नए बजट की हर स्वीकृति पर रहेगी वित्त विभाग की नजर

## विधानमंडल से स्वीकृत बजट 2026-27 लागू करने का शासनादेश जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अंतिम तिमाही में फिजूल खर्च पर रोक, योजनाओं में चरणबद्ध किया जाएगा भुगतान
- पेंशन-छात्रवृत्ति सीधे खातों में नई योजनाओं पर बिना अनुमति खर्च नहीं

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को लागू करते हुए खर्च और वित्तीय स्वीकृतियों पर कड़ा नियंत्रण लागू कर दिया है। वित्त विभाग की ओर से जारी विस्तृत शासनादेश में साफ कहा गया है कि अब विधानसभा से पारित अनुदान और विनियोग को ही अंतिम बजट माना जाएगा और सभी विभाग उसी के अनुरूप खर्च करेंगे।

अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार ने स्पष्ट किया है कि नई योजनाओं, नई सेवाओं या अतिरिक्त व्यय से जुड़े किसी भी प्रस्ताव पर बिना वित्त विभाग की सहमति के स्वीकृति नहीं दी जाएगी। वहीं, पहले से चल रही योजनाओं में प्रशासनिक विभागों को सीमित अधिकार दिए गए हैं, लेकिन उन्हें भी तय नियमों का पालन करना होगा। शासनादेश में सामाजिक योजनाओं को प्राथमिकता दी गई है। वृद्धावस्था पेंशन, किसान पेंशन, निराश्रित महिलाओं और दिव्यांगजन को मिलने वाली सहायता अब सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजी जाएगी। इसी तरह छात्रवृत्ति की धनराशि भी सीधे छात्रों तक पहुंचेगी, जिससे बिचौलियों की भूमिका खत्म होगी।

निर्माण कार्यों में अनियमितता रोकने के लिए भी सख्त प्रावधान किए गए हैं। पांच करोड़ तक की परियोजनाओं में पूरी धनराशि कार्य की गुणवत्ता से संतुष्टि के बाद ही जारी होगी, जबकि बड़ी परियोजनाओं में चरणबद्ध किस्तों में भुगतान किया जाएगा। 25 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं में तीन चरणों में धनराशि दी जाएगी और हर चरण में गुणवत्ता की जांच जरूरी होगी। सरकार ने यह भी साफ कर दिया है कि लागत सीमा से बचने के लिए परियोजनाओं को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटने की अनुमति नहीं होगी। वहीं 50 करोड़ से अधिक लागत वाले भवन निर्माण कार्य ईपीसी मोड से कराए जाएंगे, जिससे समय और लागत दोनों पर नियंत्रण रहेगा।

### नए नियम एक नजर में

- विधानसभा से पारित बजट ही अंतिम, उसी के अनुसार खर्च
- नई योजनाओं पर वित्त विभाग की अनुमति जरूरी
- पेंशन और छात्रवृत्ति सीधे खातों में ट्रांसफर
- निर्माण कार्यों में चरणबद्ध भुगतान और गुणवत्ता जांच अनिवार्य
- अंतिम तिमाही में खर्च की सीमा तय
- एकमुश्त निकासी पर रोक, जरूरत के अनुसार ही धन जारी
- एसएनए-स्पर्श से केंद्र योजनाओं का संचालन
- सभी स्वीकृतियां ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य

### खर्च पर नियंत्रण के लिए कड़े निर्देश

खर्च पर नियंत्रण के लिए वित्त विभाग ने कड़े निर्देश जारी किए हैं। वित्तीय वर्ष के अंतिम तीन महीनों में कुल बजट का 30 प्रतिशत से अधिक और अंतिम महीने में 15 प्रतिशत से ज्यादा खर्च की अनुमति नहीं होगी। इसके साथ ही एकमुश्त धन निकासी पर रोक लगाते हुए जरूरत के अनुसार ही धनराशि निकालने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि राज्य के कैश मैनेजमेंट पर दबाव न पड़े। केंद्र प्रायोजित योजनाओं के संचालन के लिए एसएनए स्पर्श प्रणाली को लागू किया गया है। इस व्यवस्था के तहत केंद्रांश सीधे आरबीआई में खुले खाते में आएगा, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और भुगतान प्रक्रिया तेज होगी।

### वार्षिक कार्ययोजना के अनुरूप खर्च रहेगा संतुलित

वित्त विभाग ने सभी विभागों को वार्षिक कार्ययोजना तैयार करने और खर्च को पूरे साल संतुलित रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी वित्तीय स्वीकृतियों को अनिवार्य रूप से सरकारी पोर्टल पर अपलोड करना होगा, जिससे निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आज सौगात देंगे मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्मार्टफोन व ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस दिए जाएंगे और नियुक्ति पत्र भी
- नए केंद्रों व परियोजना कार्यालयों का शिलान्यास-लोकार्पण भी करेंगे योगी

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और मुख्य सेविकाओं को कई बड़ी सौगातें देंगे। प्रदेश में कुल 69,794 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन दिए जाएंगे, जिससे डिजिटल मॉनिटरिंग और योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी। साथ ही, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के इस कार्यक्रम में महिला सशक्तीकरण, बाल विकास और रोजगार सृजन से जुड़ी कई योजनाओं की शुरुआत होगी।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री आंगनबाड़ी सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस वितरित करेंगे। इसमें स्टैडियोमीटर, इन्फैंटोमीटर और मदर-चाइल्ड वेटिंग स्केल शामिल हैं। प्रदेश भर में कुल 1,33,282 स्टैडियोमीटर, 10,553 इन्फैंटोमीटर और 58,237 वेटिंग स्केल वितरित किए जाएंगे, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण की निगरानी और अधिक सटीक हो सकेगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम की भी शुरुआत करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र भी सौंपेंगे। वहीं, जनप्रतिनिधियों के माध्यम से 46 जिलों में 739 कार्यकर्ताओं और 42 जिलों में 15,203 सहायिकाओं को भी नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री इस अवसर पर नए आंगनबाड़ी केंद्रों के डिजाइन का विमोचन भी करेंगे। साथ ही 13 जिलों में 633 केंद्रों, 28 जिलों में 71 बाल विकास परियोजना कार्यालयों और 27 जिलों में 69 अन्य केंद्रों के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा। दूसरी ओर, 70 जिलों में 2,468 आंगनबाड़ी केंद्रों और 29 जिलों में 69 परियोजना कार्यालयों का लोकार्पण भी किया जाएगा।

## गन्ना विभाग और यूपीएसआरएलएम के बीच एमओयू

- महिला समूहों को मिलेगा रोजगार, करेंगी मार्केटिंग

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर गन्ना विभाग और उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूपीएसआरएलएम) के बीच एमओयू (समझौता ज्ञापन) किया गया है। इसके तहत अब महिला स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी गन्ना उत्पादन से लेकर वैल्यू एडिशन तक बढ़ाई जाएगी।

इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें कृषि आधारित गतिविधियों से जोड़ना है। गन्ना आयुक्त मिनिस्थी एस. के अनुसार, प्रदेश में करीब 47.5 लाख गन्ना किसान हैं, जिनमें लगभग 2.95 लाख महिला किसान शामिल हैं। वहीं, 57 हजार से अधिक महिलाएं 3,000 से ज्यादा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से गन्ने की उन्नत किस्मों की पौध तैयार कर रही हैं। एमओयू के तहत महिलाओं को केवल पौध उत्पादन तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि उन्हें गन्ना प्रसंस्करण, जैविक उत्पाद निर्माण, गुड़ और अन्य वैल्यू एडेड उत्पादों के निर्माण का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

# पांच करोड़ के स्टाम्प घोटाले में उप-लेखाकार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




आरोपी राजेश सगर

**अमृत विचारः** बदायूं के दातागंज उप कोषागार में हुए 5.08 करोड़ के स्टाम्प शुल्क की हेराफेरी में उप-लेखाकार को ईओडब्ल्यू की टीम ने गिरफ्तार किया है। टीम ने आठ वर्ष से फरार चल रहे आरोपी राजेश सगर को बदायूं के सिविल लाइन इलाके से दबोचा। स्टाम्प शुल्क घोटाले के समय वह दातागंज उपकोषागार में उप-लेखाकार के पद पर तैनात था।

ईओडब्ल्यू के अधिकारी के मुताबिक, दातागंज उप-कोषागार में स्टाम्प बिक्री से प्राप्त करीब 5,08,98,110 रुपये की धनराशि सरकारी कोष में जमा नहीं किया गया। इन रुपये का बंदरबांट किया गया था। इस मामले में वर्ष 2019 में दातागंज थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। जिसकी विवेचना बाद में शासन के निर्देश पर ईओडब्ल्यू को सौंपी गई। ईओडब्ल्यू की जांच में सामने आया कि तत्कालीन अधिकारी और कर्मचारियों ने मिलकर सुनियोजित तरीके से सरकारी धन का गबन किया। आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक साजिश और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में मामला दर्ज है।

## दुग्ध उत्पादन से दो वर्ष में कमाए 67 लाख

**अमृत विचार, लखनऊः** सोनभद्र की विनीता ने दुग्ध उत्पादन को अपनाकर महज दो वर्षों में 67 लाख रुपये की कमाई की और आज 'लखपति दीदी' के रूप में पहचान बना ली है। महिला सशक्तीकरण और आजीविका योजनाओं का लाभ उठाकर विनीता ने अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया। विनीता, जो पहले पति अविनाश के साथ 10-12 दुधारू पशुओं के जरिए काम करती थीं। निजी डेयरियों पर निर्भरता के कारण उन्हें समय पर भुगतान और उचित मूल्य नहीं मिल पाता था। हालात बदलने के लिए उन्होंने काशी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड से जुड़ने का निर्णय लिया। यहां उन्हें न केवल उचित मूल्य मिला, बल्कि तकनीक और प्रशिक्षण का लाभ भी मिला।



लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय में लोगों को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराते प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व सांसद राकेश राठौर।

## पूर्व सपा नेता अरुणेश यादव समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस की नीतियों और जन मुद्दों पर राहुल गांधी के संघर्ष से प्रेरित होकर सीतापुर के पूर्व सपा नेता अरुणेश यादव ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान परिवर्तन समाज पार्टी के राष्ट्रीय सचिव दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने भी अपने साथियों के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की मौजूदगी में कांग्रेस का दामन थाम लिया। माल एवन्यू स्थित प्रदेश कार्यालय में रविवार को आयोजित सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर लगातार लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं, जिससे संगठन को मजबूती मिलेगी। सांसद राकेश राठौर ने कहा कि अरुणेश यादव के अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा।

## झूठ और समाज को बांटने की राजनीति कर रही सपा : पंकज चौधरी

**अमृत विचार, लखनऊः** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दादरी में दिए गए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव का भाषण झूठ, भ्रम, हताशा और समाज को बांटने की राजनीति का दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में जनता ने सपा की कुशासन, भ्रष्टाचार और परिवारवाद की राजनीति को नकार दिया था और 2027 में भी प्रदेश की जनता भाजपा को ही चुनेगी। पंकज चौधरी ने आरोप लगाया कि पीडीए के नाम पर सपा सामाजिक न्याय नहीं, बल्कि राजनीतिक भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है।

**खुलासा** | दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाकर स्क्राइब (श्रुत लेखक) के रूप में सॉल्वर बैठाने का मामला

# दस वर्ष से चला रहे थे गिरोह, बैंक परीक्षा में भी किया था खेल

इंद्र भूषण दुबे, लखनऊ

- एसटीएफ पुराने रिकार्ड खंगालने में जुटी, गिरोह के सदस्यों की तलाश में दबिश

**अमृत विचारः** प्रतियोगी परीक्षाओं में फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाकर स्क्राइब (श्रुत लेखक) के रूप में सॉल्वर बैठाने वाले गिरोह की जांच कर रही एसटीएफ का मानना है कि उक्त गिरोह पिछले दस वर्षों से सक्रिय है। गिरोह ने इसी तर्ज पर बैंक पीओ की परीक्षा में भी खेल किया। करीब पांच दर्जन से अधिक युवक व युवतियों को नौकरी लगवा दी है। एसटीएफ ऐसे सभी अभ्यर्थियों के बारे में जानकारी जुटाकर संबंधित बैंक को सूची भेजने की तैयारी कर रही है। ताकि उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

एसटीएफ के अधिकारी के मुताबिक, पुलिस जांच में ऐसे गिरोह का पर्दाफाश हुआ है, जो विकलांग प्रमाण पत्र बनवाकर व पेशेवर स्क्राइब उपलब्ध कराकर अभ्यर्थियों को परीक्षाओं में पास कराने का काम करता था। इस गिरोह के जरिए बैंकिंग परीक्षाओं में चयन कराकर लाखों रुपये की उगाही की जा रही थी। पूछताछ के दौरान अभिषेक यादव ने खुलासा किया कि वह बीए स्नातक है और उसके परिचितों के माध्यम से फर्जी लो विजन (40 प्रतिशत दिव्यांगता) का प्रमाण पत्र बनवाया गया था। इस प्रमाण पत्र के आधार पर उसने विभिन्न परीक्षाओं में स्क्राइब की मदद ली। उसने बताया कि ईएमआरएस परीक्षा के टियर-1 और टियर-2 दोनों चरणों में फर्जी स्क्राइब के जरिए परीक्षा दी गई। जांच में यह भी सामने आया कि गिरोह के सदस्य अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जुटाकर उन पर हस्ताक्षर कराते थे। मौके से विभिन्न परीक्षाओं के दर्जनों प्रवेश पत्र बरामद हुए, जिनकी प्रिंट कॉपी लेकर पुलिस ने कब्जे में लिया है।

एसटीएफ के मुताबिक पूछताछ में आकाश अग्रवाल ने बताया कि वह पिछले करीब दस वर्ष से अपने साथियों सौरभ सोनी और मनीष मिश्रा के साथ मिलकर फर्जीवाड़ा कर रहे थे। उसने बताया कि वह झांसी में पीडब्ल्यूडी विभाग में कार्यरत है और शहर में संपर्कों का फायदा उठाकर फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाता था, स्क्राइब उपलब्ध कराकर अभ्यर्थियों को पास कराता था। इसके एवज में मोटी रकम वसूली जाती थी।

### बैंक पीओ के लिए वसूले थे 30-30 लाख

एसटीएफ की पूछताछ व जांच में सामने आया कि आरोपियों ने बैंक पीओ की परीक्षा पास कराने व नौकरी दिलाने के नाम पर गिरोह ने अभ्यर्थियों से 30-30 लाख रुपये वसूले थे। इसके बदले में बैंक ऑफ बड़ौदा व केनरा बैंक के पीओ पद पर अभ्यर्थियों का चयन कराया था। आकाश अग्रवाल, सौरभ सोनी और मनीष मिश्रा ने कुबूल किया था कि इन लोगों ने एक महिला अभ्यर्थी को बैंक ऑफ बड़ौदा में पीओ की नौकरी दिलाई। वह लखनऊ में ट्रेनिंग कर रही है। इसके अलावा एक महिला को केनरा बैंक में पीओ पद पर चयन कराया था। इसके बदले में दोनों ने 30-30 लाख रुपये दिये थे। इसी तरह करीब एक दर्जन से अधिक युवक व युवतियों की बैंक पीओ की नौकरी लगवाई है।

### खेत बेचकर एक लाख में बनवाया प्रमाण पत्र

पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों में शामिल झांसी के भरोसा मोंठ निवासी राजकिशोर ने नौकरी के लालच में आकाश, मनीष व सौरभ सोनी से संपर्क किया। तीनों ने नौकरी दिलाने का लालच दिया। उसे दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कहा। इसके लिए युवक ने खेत बेचकर एक लाख रुपये दिए। जिसके बदले में झांसी से दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाया था। इसके बाद स्क्राइब की मदद से परीक्षा दी थी। लेकिन परीक्षा के समय वह विकासनगर स्थित केंद्र से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से मिले दस्तावेजों और डिजिटल डाटा की जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेजा है। जल्द ही इसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मन की बात में पीएम ने की यूपी मॉडल की प्रशंसा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वाराणसी में रिकॉर्ड पौधरोपण और मेरठ का सोलर मॉडल बना प्रेरणा

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में वाराणसी में हुए "एक पेड़ मां के नाम" अभियान का उल्लेख करते हुए देशवासियों से अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास पर्यावरण संरक्षण के साथ भावनात्मक जुड़ाव भी मजबूत करते हैं। साथ ही मेरठ के सौर ऊर्जा मॉडल की विशेष सराहना की। इससे उत्तर प्रदेश की पर्यावरण और ऊर्जा क्षेत्र की पहलों की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बन गई।

वाराणसी में एक घंटे में 2.51 लाख से अधिक पौधे लगाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया, जिसे प्रधानमंत्री ने "जनशक्ति और पर्यावरण चेतना का अद्भुत संगम" बताया। वहीं मेरठ के निवासी अरुण कुमार की सौर ऊर्जा पहल को भी सराहा गया। उन्होंने अपने घर पर सोलर पैनल लगाकर न सिर्फ आत्मनिर्भरता हासिल की, बल्कि अतिरिक्त बिजली ग्रिड को देकर आय का स्रोत भी बनाया, जिससे वे 'ऊर्जादाता' के रूप में पहचान बना रहे हैं।

मंत्री नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग उप्र. एके शर्मा ने कहा कि प्रदेश में हरित विकास और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जो उत्तर प्रदेश को सतत और आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। प्रदेश में जनभागीदारी आधारित विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है।

# अमृत विचार

**सोमवार, 30 मार्च 2026**




हमेशा सही काम करो, इससे कुछ लोग प्रसन्न होंगे और बाकी लोग आश्चर्यचकित रह जाएंगे।
–मार्क ट्वेन, अमेरिकी लेखक

## उपलब्धि की उड़ान

उत्तर प्रदेश के जेवर में निर्मित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शुभारंभ केवल एक अवसंरचनात्मक उपलब्धि के साथ ही 'विकसित उत्तर प्रदेश' की परिकल्पना का सशक्त उद्घोष है। लगभग 11,200 करोड़ रुपये की लागत से बना यह हवाई अड्डा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के दबाव को कम करते हुए उत्तर भारत के एक नए एविएशन हब के रूप में उभरने की क्षमता रखता है। यह परियोजना 'विकसित भारत–2047' के लक्ष्य के अनुरूप है, जहां क्षेत्रीय संतुलित विकास, लॉजिस्टिक्स दक्षता और वैश्विक कनेक्टिविटी को प्राथमिकता दी जा रही है।

उत्तर प्रदेश में पहले से लखनऊ, वाराणसी, अयोध्या, कुशीनगर, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, आगरा, बरेली, हिंडन जैसे सक्रिय हवाई अड्डे हैं। छोटे-बड़े मिलाकर प्रदेश में एक दर्जन से अधिक सक्रिय एयरपोर्ट हो चुके हैं, जबकि कुछ हवाई पट्टियों से उड़ानें सीमित या अस्थायी रूप से बंद भी रही हैं, जिनका पुनरुद्धार 'उड़ान योजना' के तहत किया जा रहा है। जेवर एयरपोर्ट का कार्गो टर्मिनल विशेष महत्व रखता है। इसके संचालन से पश्चिमी उत्तर प्रदेश, विशेषकर नोएडा, ग्रेटर नोएडा, आगरा, अलीगढ़, मेरठ के उद्योगों, कृषि-उत्पादों और ई-कॉमर्स को वैश्विक बाजार तक तेज पहुंच मिलेगी। यदि उद्घाटन के पहले आवश्यक सुरक्षा और परिचालन मंजूरियां पूरी हो जातीं हैं, तो कार्गो ढुलाई शीघ्र शुरू हो सकती थी, अब इसमें कुछ समय लगेगा। सुरक्षा के दृष्टिकोण से ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी की मंजूरी अनिवार्य है। इसके बिना न तो नियमित टिकट बुकिंग शुरू हो सकती है और न ही पूर्ण पैमाने पर कार्गो संचालन। इन प्रक्रियाओं से पहले हुए उद्घाटन को पूर्ण संचालन की शुरुआत अथवा लोकार्पण के बजाए 'राजनीतिक-संकेतात्मक' उद्घाटन कहना बहुत अनुचित नहीं। 40 एकड़ में प्रस्तावित मेंटीनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल सुविधा इस परियोजना की सबसे दूरगामी उपलब्धियों में से एक है। भारत अब तक विमान रखरखाव के लिए विदेशों पर निर्भर रहा है। यह केंद्र उत्तर प्रदेश को एविएशन सेवा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगा, रोजगार सृजित करेगा और विदेशी मुद्रा की बचत भी करेगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की सबसे बड़ी चुनौती कनेक्टिविटी है। दिल्ली से मात्र 70 किमी दूरी के बावजूद यदि यात्री को महंगे टैक्सी किराए पर निर्भर रहना पड़े, तो 'हवाई चप्पल वाले' आम नागरिक के लिए हवाई यात्रा महंगी हो जाएगी। फिलहाल मेट्रो विस्तार, रैपिड रेल, एक्सप्रेसवे बस सेवाएं और रेलवे लिंक प्रस्तावित हैं, लेकिन ये कब पूरी होंगी, अनुमान लगाना मुश्किल है। फिर भी, इस उपलब्धि को कम करके नहीं आंका जा सकता।

यह एयरपोर्ट न केवल निवेश आकर्षित करेगा, बल्कि पर्यटन, उद्योग, लॉजिस्टिक्स और सेवा क्षेत्र में व्यापक आर्थिक गतिविधियों को गति देगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश, जो पहले दिल्ली पर निर्भर था, अब स्वयं एक आर्थिक केंद्र के रूप में उभर सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'उत्तम प्रदेश' की परिकल्पना में यह परियोजना एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, परंतु असली परीक्षा अब शुरू होती है, कनेक्टिविटी को किफायती बनाना, मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट को जोड़ना और संचालन को पारदर्शी व कुशल बनाना।

### प्रसंगवश

## बातें बची हैं, पर बातचीत क्यों खत्म हो रही है!

आज हमारे पास शब्दों की कोई कमी नहीं है, कमी है उस सच्चाई, उस गहराई और उस आत्मीय स्पर्श की, जो शब्दों को साधारण 'बात' से उठाकर सच्ची बातचीत में बदल देता है। हम दिन भर अनगिनत लोगों से बात करते हैं, संदेशों का आदान-प्रदान करते हैं, प्रतिक्रियाएं देते हैं, फिर भी जब रात की खामोशी उतरती है, तो भीतर एक अजीब-सा खालीपन रह जाता है। यह खालीपन यूं ही नहीं जन्म लेता, यह इस बात का साक्षी है कि 'बातें' तो बहुत हुईं, पर 'बातचीत' कहीं खो गई, क्योंकि बातचीत केवल शब्दों का मेल नहीं, बल्कि दो मनों, दो भावनाओं और दो आत्माओं का सच्चा जुड़ाव है और जब यह जुड़ाव नहीं बनता, तो शब्द केवल शोर बनकर रह जाते हैं। आज बातचीत के खत्म होने की सबसे बड़ी वजह यह है कि हमने उसे एक औपचारिकता, एक आदत और एक रूटीन बना दिया है। 'क्या हाल है?', 'सब ठीक?', 'खाना खाया?'— ये सवाल जरूरी जरूर हैं, लेकिन ये रिश्तों में जीवन नहीं भरते, ये सिर्फ उनकी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। असली बातचीत तब जन्म लेती है, जब हम सतह से नीचे उतरते हैं, जब हम सच में जानना चाहते हैं कि सामने वाला कैसा है, उसके भीतर क्या चल रहा है, कौन-सी बातें उसे चुप कर रही हैं और सबसे जरूरी, जब हम इन सवालों के जवाब सुनने के लिए ठहरते हैं, बिना जल्दबाजी, बिना औपचारिकता, पूरी संवेदनशीलता के साथ।



कृति जैन
लेखिका

हमारी सबसे बड़ी कमी यही है कि हम सुनना भूल गए हैं। हम सिर्फ जवाब देने के लिए इंतज़ार करते हैं। जब कोई अपनी बात कह रहा होता है, तब हमारा ध्यान उसकी भावनाओं पर नहीं, बल्कि अपने अगले शब्दों पर होता है। यही कारण है कि सामने वाला सुना हुआ नहीं, बल्कि अनदेखा और अनसुना महसूस करता है। यही अनदेखापन धीरे-धीरे एक गहरी दूरी में बदल जाता है, जो बिना शोर किए रिश्तों को कमजोर कर देता है और अंततः बातचीत को खत्म कर देता है। शायद अब समय आ गया है कि हम फिर से सीखें, कम बोलना नहीं, बल्कि सच में सुनना और दिल से जुड़ना।

डर और असुरक्षा भी बातचीत को गहराई तक पहुंचने से रोक देते हैं। हम अपनी सच्ची भावनाओं, अपने भीतर छिपे सच और अपनी नाज़ुक संवेदनाओं को व्यक्त करने से कतराते हैं। कहीं हमें गलत न समझ लिया जाए, कहीं हमारी कमजोरी उजागर न हो जाए, कहीं हमारी छवि टूट न जाए, इसलिए हम सुरक्षित शब्दों का सहारा लेते हैं, सतही बातें करते हैं और अपने असली भावों को भीतर ही दबाए रखते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि जहां जोखिम नहीं होता, वहां सच्ची गहराई भी नहीं होती। बातचीत तब जीवंत और अर्थपूर्ण बनती है, जब हम अपने भीतर की सच्चाई को, अपनी अपूर्णताओं और असहजताओं के साथ, साहसपूर्वक सामने रखने का हौसला करते हैं।

तकनीक ने बातचीत को तेज़, सुविधाजनक और हर पल उपलब्ध जरूर बना दिया है, लेकिन उसे गहराई और संवेदनशीलता नहीं दे पाई। टेक्स्ट, इमोजी और छोटे-छोटे संदेशों ने भावनाओं को सीमित और संक्षिप्त कर दिया है। हम तुरंत जवाब तो दे देते हैं, लेकिन उन शब्दों को महसूस करने, उन्हें समझने और उनके पीछे छिपे भावों को पकड़ने का समय नहीं लेते, जबकि सच्ची बातचीत को समय चाहिए, ठहराव चाहिए, और एक ऐसा धैर्य चाहिए जिसमें शब्दों के बीच की खामोशी भी सुनी जा सके। जब हर चीज़ जल्दबाज़ी में हो, तो बातचीत भी उसी जल्दबाज़ी की शिकार हो जाती है और यही कारण है कि आज हम एक-दूसरे से जुड़े तो हैं, लेकिन वास्तव में समझे नहीं जाते। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# ओली की गिरफ्तारी से सवालों के घेरे में बालेन सरकार





यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

नेपाल में सत्ता परिवर्तन की अनुभूति का आगाज आगजनी और प्रदर्शनों से होगा, नेपाल की जनता ने ऐसा नहीं सोचा था। ठीक है राजनीति में 'बदले की भावना' भी एक अध्याय है, लेकिन इसके लिए थोड़ा इंतजार ठीक था। माना कि पूर्व पीएम और कम्युनिस्ट विचारधारा के वरिष्ठ नेता केपी शर्मा ओली के खिलाफ की गई कार्रवाई कानून का हिस्सा है, लेकिन इसकी जो टाइमिंग है, वह बालेन सरकार पर सवाल खड़े करती है। अब इसे कोई नेपाल में कम्युनिस्ट विचारधारा पर प्रहार मान रहा है, तो कोई हिंदू राष्ट्र का आगाज। सच क्या है, यह जानने के लिए कयासबाजी और शंका-आशंका से बचना होगा।

बालेन शाह को जनता ने अटूट विश्वास के साथ सत्ता के सिंहासन तक पहुंचाया है। उन्हें जनता के हित को वरीयता देनी चाहिए थी। कानून तो अपना काम देर सबेर करता ही। पूर्व सांसद महेश बस्नेत और नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीपक खड़का को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। जिस तरह गिरफ्तारी अभियान चल रहा है, उससे ऐसा लगता है, अभी और बड़े नेताओं की गिरफ्तारी मुमकिन है।

शपथ ग्रहण के बाद जनता के हित के लिए कुछ निर्णय लिया गया होता, तो परिवर्तन की अनुभूति का यह अच्छा संकेत होता। ओली अथवा उनकी सरकार में गृह मंत्री रहे, रमेश लेखक तथा पूर्व आईजी चंद्र कुबेर खापुंग के खिलाफ कार्रवाई तय थी, क्योंकि जेन जी आंदोलन के समय हुई जनहानि और सरकारी संपत्तियों के नुकसान के कारणों की जांच के लिए गठित आयोग ने इन तीनों को जिम्मेदार ठहराया है।

सवाल केवल आंदोलन के समय नुकसान और जनहानि का ही नहीं है, ओली और उनके तत्कालीन सरकार के तमाम मंत्री और बड़े अफसरों के हाथ भ्रष्टाचार से सने हुए हैं। बड़े-बड़े धन्ना सेठों के करोड़ों-करोड़ बिजली बिल को भारी धनराशि वसूल कर रफा-दफा किया गया है। एक तरह से यह सरकारी खजाने की लूट है, जिसमें सत्ता दल के नेता और अफसरों ने जमकर लूट की। नकली भूटानी नागरिकता मामले में विभिन्न दलों के तमाम बड़े नेता और मंत्रियों पर आरोप लगे हैं। इनमें कई तो अभी भी जेल में हैं, जबकि कुछ जमानत पर बाहर आ गए।

नेपाली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी आरज़ू राणा के भी इस लूट में शामिल होने की चर्चा है। पूर्व गृह मंत्री रवि लामी छाने ने ऐसे तमाम भ्रष्टाचार की जांच की पहल की थी, लेकिन ओली सरकार ने ऐसा नहीं होने दिया। नतीजा रवि लामी छाने को गृह मंत्री पद छोड़ने को मजबूर होना पड़ा था। इस तरह देखें तो नेपाल में लोकतंत्र बहाली के बाद, जिसके भी नेतृत्व में सरकारों का गठन हुआ, सब के सब सिर्फ अपनी जेबें भरते रहे, अपने बेटी-बेटों और रिश्तेदारों का ख्याल करते रहे। कहना न होगा कि पूर्व की लोकतांत्रिक सरकारें जनता की सरकार न रहकर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की तरह काम कर रहीं थीं, बेशर्मी की हद पार करते हुए।

जिन आरोपों में ओली और उनके गृह मंत्री के खिलाफ कार्रवाई हुई है, देखें तो उसकी जद में पूर्व पीएम और माओवादी केंद्र के अध्यक्ष प्रचंड भी आ सकते हैं। राजशाही के खिलाफ चले जनयुद्ध में हजारों लोग मारे गए थे। प्रचंड ने कुछेक मौकों पर इस नरसंहार की जिम्मेदारी स्वयं अपने ऊपर ली थी। सार्वजनिक मंच से प्रचंड के इस कबूलनामे को अपराध स्वीकार करना मानते हुए ओली ने ही जांच आयोग गठित करने की बात कही थी। यदि बालेन सरकार ने ऐसा कर दिया, तो प्रचंड की भी मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू किए गए बालेन सरकार के इस जंग में अच्छे-अच्छों की मुसीबतें बढ़नी तय है और तब ऐसा हो सकता है कि अभी जो सारे दल अलग-अलग हैं, वे एक साथ मिलकर बालेन सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने को एक जुट हो जाएं। बालेन सरकार की कार्रवाई यदि ओली, रमेश लेखक की गिरफ्तारी तक ही रही, तो उन पर दुर्भावना का आरोप लग सकता है। इस तोहमत से बचने के लिए एक-एक करके सभी भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई मुमकिन है। इस बीच ओली की गिरफ्तारी के बाद उपजे आंदोलन और प्रदर्शन को लेकर नेपाली कांग्रेस में अलग-अलग मत उभर कर सामने आए हैं।

बालेन सरकार को सोचना होगा कि आंदोलन और प्रदर्शनों की दशा में उनके समक्ष जनता से किए गए वादों को पूरा कर पाना मुश्किल होगा, क्योंकि फिर उन्हें कानून-व्यवस्था से निपटने में ही वक्त जाया करना पड़ेगा। ओली की गिरफ्तारी के खिलाफ काठमांडू में जिस तरह की स्थिति उत्पन्न हुई, जाहिर है नवनियुक्त सरकार उससे असहज हुई है। हजारों की संख्या में एमाले कार्यकर्ता राजधानी की सड़कों पर उतर कर कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बन गए। काठमांडू की मुख्य सड़कों पर मशाल जुलूस निकाल कर बालेन और गृह मंत्री सुडान गुरूंग के स्तीफे की मांग करते रहे। यह आंदोलन कुछ दिन और चल सकता है।

एमाले के पूर्व सांसद मंगल प्रसाद गुप्ता कहते हैं कि जेन जी आंदोलन के उग्र होते ही ओली और गृह मंत्री ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। ऐसे में सरकारी संपत्तियों के नुकसान और जनहानि की जिम्मेदारी इन पर कैसे हो सकती है। वहीं इस घटना की जांच के लिए गठित आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हामी नेपाल के संचालक सुडान गुरूंग (जो अब गृह मंत्री हैं) ने काठमांडू जिला प्रशासन से शांतिपूर्वक आंदोलन की अनुमति ली थी, फिर भी ओली सरकार उग्र और हिंसक प्रदर्शन को काबू करने में नाकामयाब रही।

आयोग ने रिपोर्ट में जिन्हें आरोपित किया है। उनके खिलाफ और गहनता से जांच की आवश्यकता बताई है, हालांकि जांच आयोग ने ओली के खिलाफ तीन साल से दस साल तक कारावास के सजा की संस्तुति की है। यह जानते हुए भी कि ओली किडनी रोग के गंभीर मरीज हैं और उनका जीवन डायलिसिस पर निर्भर है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> नेपाल में सत्ता परिवर्तन का आगाज आगजनी और प्रदर्शनों से होगा, जनता ने ऐसा तो बिल्कुल भी नहीं सोचा था। राजनीति में 'बदले की भावना' भी एक अध्याय है, लेकिन इसके लिए थोड़ा इंतजार करना ठीक था।

### आमने



हमारे प्रदेश में (पीएम) मेहमान बनकर आए हैं, हम उनको मेहमान मानकर ही सम्मान सहित विदा करेंगे। जाने वालों की बात का बुरा नहीं माना जाता है। उम्र और पद का मान करना हमारे संस्कार में है और हमेशा रहेगा। सादर विदाई!

–अखिलेश यादव
सपा प्रमुख

### सामने



प्रधानमंत्री को 'मेहमान' बताने वालों, कान खोलकर सुन लो, उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता का हर घर उनका अपना घर है। मेहमान तो वो हैं, जो पांच साल में एक बार चुनाव देखकर एसी कमरों से बाहर निकलते हैं और हार दिखने पर संस्कारों का रोना रोते हैं।

–पंकज चौधरी
प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा

# महिला आरक्षण विधेयक में बदलाव की तैयारी



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण) के परिप्रेक्ष्य में केंद्र सरकार बड़े संवैधानिक बदलाव की तैयारी में जुट गई है। संसद के दोनों सदनों से पारित इस विधेयक के प्रारूप में परिसीमन की शर्त को विलोपित कर सरकार की इच्छा लोकसभा और विधानसभाओं में 2027 से ही महिलाओं को आरक्षण देने की है। परिसीमन की शर्त के साथ इस प्रावधान को लागू करना 2029 से पहले संभव नहीं है। इस विधेयक में 33 प्रतिशत महिलाओं के लिए संसद और विधानसभा की सीटें आरक्षित करना जरूरी है। सरकार चालू सत्र में संविधान संशोधन विधेयक कैबिनेट से पास कराकर संसद में पेश कर सकती है। यह सत्र दो अप्रैल तक ही है, इसलिए गृह मंत्री जरूरी बहुमत के लिए विपक्षी दलों से सहमति बनाने में जुट गए हैं।

केंद्र सरकार ने देश की आधी आबादी का अभिनंदन करते हुए सितंबर 2023 में 128वां संवैधानिक संशोधन विधेयक पारित किया था। लोकसभा में 27 साल से यह विधेयक लंबित था। इस विधेयक के पारित होने के बाद संसद के दोनों सदनों से लेकर विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी 33 प्रतिशत तय कर दी गई है। विधेयक के कानून में बदलने और क्रियान्वित होने के बाद वर्तमान स्थिति के हिसाब से लोकसभा में महिलाओं के लिए 181 और राज्य विधानसभाओं में 1374 सीटें आरक्षित हो गई हैं। इन सीटों पर महिला प्रत्याशी ही चुनाव लड़ सकेंगी। यह आरक्षण की सुविधा 15 वर्ष के लिए तय की गई है, लेकिन मांग के अनुसार इसे बढ़ाया भी जा सकता है। देश में इस समय करीब 44 करोड़ महिला मतदाता हैं।

तकरीबन 27 साल पहले महिला आरक्षण विधेयक का मूल प्रारूप संयुक्त मोर्चा सरकार के कार्यकाल के दौरान गीता मुखर्जी ने तैयार किया था, लेकिन अक्सर इस विधेयक को लोकसभा सत्र के दौरान अंतिम दिनों में पटल पर रखा गया। इससे यह संदेह हमेशा बना रहा कि एचडी देवगौड़ा, इंद्र कुमार गुजराल और अटल बिहारी वाजपेयी की सरकारें गठबंधन के दबाव और राजनीतिक असहमतियों के चलते ठोस इच्छा शक्ति नहीं जता पाईं थीं।

नौ मार्च 2010 में कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार ने जरूर इस विधेयक को राज्यसभा में पेश कर पास करा लिया था, लेकिन मनमोहन सिंह इसे लोकसभा से पारित नहीं करा पाए थे, जबकि उनके पास लोकसभा में स्पष्ट बहुमत था। इस सरकार को अपने ही सहयोगी दलों के जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा था। सहयोगी गठबंधन के सांसदों ने पिछड़ी और मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण देने के प्रावधान के बहाने, इस विधेयक को अटका दिया था। यहां तक कि समर्थक दलों ने कांग्रेस को समर्थन वापसी की धमकी भी दे दी थी, हालांकि प्रजातंत्र में तार्किक असहमतियां, संवैधानिक अधिकारों व मूल्यों को मजबूत करने का काम करती हैं, लेकिन असहमतियां जब मुट्ठीभर सांसदों की अतार्किक हठधर्मिता का पर्याय बन जाएं, तो ये संसद की गरिमा और सदन की शक्ति को ठेंगा दिखाने वाली साबित होती हैं।

उस समय विधेयक से असहमत दलों की प्रमुख मांग थी, '33 फीसदी आरक्षण के कोटे में पिछड़े और मुस्लिम समुदायों की महिलाओं को विधानमंडलों में आरक्षण का प्रावधान रखा जाए,' जबकि संविधान के वर्तमान स्वरूप में केवल अनुसूचित जाति और जनजाति के समुदायों को आरक्षण की सुविधा हासिल है। ऐसे में पिछड़े वर्ग की महिलाओं को लाभ कैसे संभव है? हमारे लोकतांत्रिक संविधान में धार्मिक आधार पर किसी भी क्षेत्र में आरक्षण की व्यवस्था नहीं है। लिहाजा इस बिना पर मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण की सुविधा कैसे हासिल हो सकती है? अब ऐसी जानकारी मिल रही है कि 33 प्रतिशत आरक्षित सीटों के अलावा अनारक्षित सीटों पर भी महिलाओं की उम्मीदवारी को प्राथमिकता देने का प्रावधान जोड़ दिया जाएगा। इससे एक तो संसद में महिलाओं की कुल हिस्सेदारी 38 प्रतिशत से बढ़कर करीब 40 फीसदी हो जाएगी।

हमारे देश में विकास को आंकड़ों और व्यक्तिगत उपलब्धि को संख्या बल की दृष्टि से देखने-परखने की आदत बन गई है। इस नाते हम मानकर चल रहे हैं कि 543 सदस्यीय लोकसभा में 181 महिलाओं की आमद दर्ज होने और 28 राज्यों की कुल 4123 विधानसभा सीटों में से महिलाओं के खाते में 1374 सीटें चली जाने से देश की समूची आधी आबादी की शक्ल बदल जाएगी। स्त्रीजन्य विषमताएं और भेदभाव समाप्त हो जाएंगे। फिलहाल लोकसभा में 74 महिलाएं सांसद हैं। यह भागीदारी लगभग 14 प्रतिशत बैठती है। वहीं राज्यसभा में 42 महिला सांसद हैं, जो मात्र 17 प्रतिशत है। एक तिहाई आरक्षण लागू होने के बाद लोकसभा में महिलाओं की संख्या बढ़कर 181 और राज्यसभा में 73 हो जाएगी। 1952 में गठित पहली लोकसभा में सिर्फ 4.4 प्रतिशत यानी 489 में से महज 22 महिलाएं सांसद थीं। विधानसभाओं में महिला विधायकों की उपस्थिति केवल 9 फीसदी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> महिला आरक्षण अधिनियम में केंद्र बड़े संवैधानिक बदलाव की तैयारी में है। सरकार की इच्छा लोकसभा और विधानसभाओं में 2027 से ही आरक्षण देने की है।

### सोशल फोरम

## इलाहाबाद की स्मृतियां

इलाहाबाद लंबे समय तक साहित्य के केंद्र में था। छायावाद के तीन प्रमुख स्तंभ पंत, महादेवी और निराला की कर्मभूमि यदि इलाहाबाद था तो फ़िराक़, बच्चन, धर्मवीर भारती, कमलेश्वर, भैरव प्रसाद गुप्त, मार्कंडेय, अमरकांत, शेखर जोशी, दूधनाथ सिंह, ज्ञान रंजन, नरेश मेहता, सतीश जमाली, रविंद्र कालिया... यह फेहरिस्त बहुत लंबी है। खुशी और उत्साह के इस माहौल में पिछले दिनों अचानक मुझे इलाहाबाद से संबंधित एक किताब 'इलाहाबाद पैसेंजर' (उपन्यास) पढ़ने का अवसर मिला।



प्रतुल जोशी
स्वतंत्र लेखन

युवा लेखक संजीव राय ने अपने इस पहले उपन्यास के माध्यम से पिछली सदी के 8वें दशक के इलाहाबाद को बेहद कलात्मकता, मांसलता और सजीवता के साथ चित्रित किया है। उपन्यास की भावभूमि इलाहाबाद विश्वविद्यालय है। 'पूरब का ऑक्सफोर्ड' कहे जाने वाले इलाहाबाद विश्वविद्यालय की विशेषता रही है कि यहां इलाहाबाद के आस-पास के ज़िलों से बड़ी संख्या में छात्र विद्याध्ययन के लिए आते रहे हैं। साथ ही अखिल भारतीय सेवाओं से लेकर प्रांतीय सेवाओं की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए इलाहाबाद के वातावरण को बेहद अनुकूल माना जाता रहा था।

'इलाहाबाद पैसेंजर' का मुख्य किरदार हरिप्रताप (एचपी) है, जो उत्तर प्रदेश के बलिया ज़िले से इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पढ़ने आया है। 1988 में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चयनित हरिप्रसाद 18-19 साल का नवयुवक है। उपन्यास की भूमिका में संजीव राय लिखते हैं (यात्रा की पृष्ठभूमि) 'एचपी की अपनी जीवन यात्रा में एक से एक बकलोल, बड़े बड़े बकैत और भौकाली लोग आते हैं, जिनमें से कुछ अपने सपनों को साकार करते हैं, तो कुछ टूटे सपनों के साथ कई साल इलाहाबाद में रहने के बाद घर वापस चले जाते हैं, इस सबके बीच जिन कुछ दोस्तों को प्यार हुआ, जिन कुछ का दिल टूटा, उनको भी इन कहानियों में सहज रूप से जगह मिली है।

हॉस्टल और लल्ला चुंगी के अलावा एचपी का संसार यूनिवर्सिटी रोड की पान- चाय की टपरी, ममफोर्डगंज, कटरा में किसी दोस्त के कमरे पर अंडा करी-चावल का निमंत्रण, लक्ष्मी टॉकीज में रात के शो में फ़्री की फ़िल्म और कभी कभार सिविल लाइंस घूमने तक सीमित है। एचपी के साथ वाले कुछ आईएएस और पीसीएस में सेलेक्ट हो गए, कुछ के घर से जब पैसे आने बंद हो गए तो वे छात्र राजनीति में उतर आए और कुछ हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करने लगे।

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## गैस संकट से निपटने को ठोस उपायों की जरूरत

खाड़ी देशों में चल रहे तनाव की वजह से उपजे गैस संकट ने रसोई के बजट और ऊर्जा सुरक्षा के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। सबसे बड़ी चुनौती स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का बंद होना है। ये करीब 167 किमी लंबा जलमार्ग है, जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। ईरान जंग के कारण यह रूट अब सुरक्षित नहीं रहा। दुनिया के कुल पेट्रोलियम का 20 फीसदी हिस्सा यहीं से गुजरता है। सऊदी अरब, इराक और कुवैत जैसे देश भी अपने निर्यात के लिए इसी पर निर्भर हैं। भारत अपनी जरूरत का 50 फीसदी कच्चा तेल और 54 फीसदी एलएनजी इसी रास्ते से मंगाता है। भारत दुनिया में एलपीजी का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार है, जिसका उपयोग खाना पकाने के लिए किया जाता है।

गैस-तेल संकट पर पीएम मोदी ने संसद में कहा कि सरकार इस मुद्दे पर संवेदनशील भी है, सतर्क भी है और हर सहायता के लिए तत्पर भी है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि सिलेंडर की डिलीवरी में देरी हो रही है, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। देशभर में सिलेंडर की कमी दिख रही है। खान-पान का कारोबार सीधे तौर पर प्रभावित हुआ है। इन सबके बीच एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग को लेकर एक बार फिर बड़ा बदलाव किया गया है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के अनुसार, अब जिनके यहां दो एलपीजी सिलेंडर हैं, उन्हें 35 दिन बाद गैस सिलेंडर की बुकिंग दी जाएगी, हालांकि सिंगल सिलेंडर वालों के लिए बुकिंग की अवधि फिलहाल 25 दिन ही रहेगी। इसके अलावा, उज्जवला योजना वाले उपभोक्ताओं की 45 दिन बाद बुकिंग स्वीकार की जाएगी। कॉमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति शासन के आदेशानुसार सिर्फ आपात सेवाओं और शिक्षण संस्थानों के लिए की जा रही है।



रोहित माहेश्वरी
स्वतंत्र पत्रकार

आंकड़ों के आलोक में बात की जाए तो 2014 तक देश में केवल 14 करोड़ एलपीजी कनेक्शन थे, जो अब दोगुने से भी अधिक बढ़कर 33 करोड़ हो गए हैं। भारत सरकार ने 'उज्ज्वला' या 'प्रकाश' स्वच्छ ऊर्जा योजना को बढ़ावा दिया है, जिसके तहत गरीब परिवारों को 10 करोड़ से अधिक एलपीजी कनेक्शन प्रदान किए हैं। बढ़ती जरूरतों के लिहाज से पिछले एक दशक में सरकार ने एलपीजी बॉटलिंग क्षमता को दोगुना कर दिया है, जबकि वितरण केंद्रों की संख्या 13,000 से बढ़कर 25,000 हो गई है।

भारत ने पिछले 11 साल में अपनी क्रूड ऑयल इंपोर्ट का डाइवर्सिफिकेशन किया है। पहले 27 देशों से एनर्जी इम्पोर्ट होता था, आज 41 देशों से इम्पोर्ट हो रहा है। वैश्विक संकट के आर्थिक असर को देखते हुए पीएम मोदी ने राज्यसभा में बताया कि भारत सरकार ने सात नए एंपावर्ड ग्रुप्स का गठन किया है। ये ग्रुप पेट्रोल, डीजल, गैस और सप्लाई चेन जैसी चुनौतियों पर 24 घंटे नजर रखेंगे। एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए देश भर में लगातार छापेमारी की जा रही है। भारत में रसोई गैस सिलेंडर की समस्या आज की नहीं है। पहले की सरकारों के समय भी यह समस्या रही है। इस समस्या की मूल वजह है, सरकार के पास गैस भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था न होना। चूंकि गैस का भंडारण महंगा पड़ता है, इसलिए भारत ने खुद को लगातार आपूर्ति पर ही निर्भर बनाए रखा। मौजूदा सरकार ने भी गैस के भंडारण की समुचित व्यवस्था करने की दिशा में कोई ठोस प्रयास नहीं किए। भारत में हर दिन 80 हजार टन एलजीपी की आवश्यकता है परन्तु भारत की भंडारण क्षमता सिर्फ डेढ़ लाख टन है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

**कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच इलेक्ट्रिक वाहन अब विकल्प से आगे बढ़कर बन रहे भविष्य की जरूरत बन रहे हैं। ईरान युद्ध के कारण मार्च माह में अब तक इलेक्ट्रिक कारों और दोपहिया वाहनों की बिक्री में दर्ज किया गया है बड़ा उछाल**

# ईंधन की महंगाई के डर ने ईवी की मांग बढ़ाई



पश्चिम एशिया में एक माह से ज्यादा समय से जारी अमेरिका-इजराइल और ईरान संघर्ष ने वैश्विक तेल बाजार और ऑटोमोबाइल उद्योग को बुरी तरह प्रभावित किया है। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और हॉर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से दुनिया भर में गहराते पेट्रोल-डीजल तथा गैस के संकट को देखते हुए लोगों की मांग इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की तरफ मुड़ती नजर आ रही है। भविष्य में ईंधन की कीमतें तेजी से बढ़ने की आशंका के कारण उपभोक्ता पेट्रोल-डीजल या सीएनजी कारों का मोह छोड़कर इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर रुख कर रहे हैं। हालांकि देश में पेट्रोल-डीजल या सीएनजी की खुदरा कीमतें नहीं बढ़ी हैं, लेकिन लोगों को डर है कि आने वाले दिनों में दाम बढ़ाए जा सकते हैं। उनकी इस आशंका की झलक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और कार डीलरों से मिल रही है। बीते 15 दिनों में नई ईवी के लिए पूछताछ में 30 फीसदी तक की वृद्धि दर्ज की गई है। आटो सेक्टर विशेषज्ञ भी मौजूदा हालात में ईवी और प्लग-इन हाइब्रिड-इलेक्ट्रिक वाहनों (पीएचईवी) के साथ इलेक्ट्रिक दो पहिया वाहनों की मांग बढ़ने से इंकार नहीं कर रहे हैं।



**30%**
नई ईवी की मांग में और पुरानी ईवी की मांग में 15 फीसदी की वृद्धि हुई है।

**20%**
की वृद्धि हुई है इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए होम चार्जर की मांग में

**1.38**
लाख यूनिट्स हो चुकी इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर की बिक्री मार्च माह में

**2025**
में लगभग 13 लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बिके थे देश में

**80%**

### बैटरी चार्ज करें, फास्ट चार्जिंग जरूरत पर ही अपनाएं

- इलेक्ट्रिक वाहन में सबसे जरूरी पार्ट उसकी बैटरी होती है। कई कार कंपनियां ईवी की बैटरी पर लाइफटाइम वारंटी देती हैं। इससे बड़ी खराबी आने पर परेशान होने की जरूरत नहीं होती है। लेकिन, फिर भी कुछ छोटी-मोटी बातों का ध्यान रखकर ग्राहक बैटरी की क्षमता और कार्यकुशलता बढ़ा सकते हैं। जैसे कार की बैटरी को हर समय 100 फीसदी चार्ज रखना जरूरी नहीं है। स्मार्ट फोन की तरह ही इसे आप 80 फीसदी तक चार्ज रख सकते हैं। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि बैटरी पूरी तरह डिस्चार्ज न होने पाए। 20 फीसदी से कम चार्जिंग होते ही बैटरी को चार्जर से कनेक्ट कर दें।
- कई इलेक्ट्रिक कारों में फास्ट चार्जिंग की सुविधा होती है, जिससे उन्हें आधा या पौन घंटे में ही चार्ज किया जा सकता है, जबकि साधारण चार्जर से कार को फुल चार्ज करने में सात घंटे का समय लगता है। फास्ट चार्जिंग की सुविधा अच्छी है लेकिन, इसका इस्तेमाल हमेशा नहीं करना चाहिए। फास्ट चार्जिंग में बैटरी को कम समय में बहुत ज्यादा पावर दी जाती है, जिससे हीट जेनरेट होती है और यह हीट समय के साथ बैटरी की क्षमता को प्रभावित करती है। ऐसे में समय नहीं हो और लंबी यात्रा पर जाना हो, तभी फास्ट चार्जर का इस्तेमाल करना चाहिए।

### ईवी कंपनियां जल्द ला सकती बैटरी-एज-ए-सर्विस मॉडल

- ईवी निर्माता कंपनियों ने भी लोगों का रुझान देखते हुए नई रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। इसमें बैटरी-एज-ए-सर्विस मॉडल को अपनाने की बात कही जा रही है, जिसमें ग्राहक को बैटरी की पूरी कीमत एक साथ नहीं देनी होगी। इस कदम से ईवी खरीदना पेट्रोल कार जितना सस्ता हो जाएगा। सरकार भी युद्ध की स्थिति को देखते हुए देश में ही बैटरी सेल बनाने पर अधिक जोर दे रही है ताकि बाहरी देशों पर निर्भरता कम की जा सके। वैसे भी भारत सरकार का लक्ष्य है कि 2030 तक सभी नए वाहनों की बिक्री का कम से कम 30 फीसदी हिस्सा ईवी हो, ऐसे में वर्तमान संकट इस बदलाव को और गति देगा, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है।

### 23 दिन में 11 हजार इलेक्ट्रिक कारों की ब्रिकी

- कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता के कारण मार्च माह के 23 दिनों में ही इलेक्ट्रिक वाहनों का पंजीकरण पिछले साल के मार्च माह के कुल आंकड़ों का 90 फीसदी से अधिक हो चुका है। आंकड़ों के अनुसार 11 हजार से अधिक इलेक्ट्रिक कारों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है, साल 2025 के मार्च माह में कुल 12,356 इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री हुई थी। इसी अवधि में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर की बिक्री करीब 1.38 लाख यूनिट्स हो चुकी है, जो पिछले साल इसी महीने में कुल बिक्री 1.31 लाख से काफी अधिक है।

### पिछले साल से 20% उछाल का अनुमान

- पुरानी कारों का कारोबार करने वालों की मानें तो युद्ध के कारण कार खरीदने का ट्रेंड भी बदलता नजर आ रहा है। बाजार में यूज्ड ईवी के लिए पूछताछ और मांग बढ़ गई है। युद्ध और लंबा खिंचता है, तो यह बदलाव आने वाले समय में और रफ्तार पकड़ सकता है। ऑटो बाजार के आंकड़ों के मुताबिक देश में साल 2025 में लगभग 13 लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बिके थे, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10 फीसदी से अधिक की वृद्धि थी। यदि खुदरा ईंधन की कीमतें बढ़ती हैं, तो इस वर्ष यह वृद्धि दर 20 फीसदी से अधिक रहने की उम्मीद लगाई जा रही है।

मनोज त्रिपाठी, कानपुर


## काम की बात

### ड्राइविंग टिप्स



- यू-टर्न लेते समय हमेशा पहले गियर का इस्तेमाल करें। मुड़ने से पहले गाड़ी को थोड़ा बाईं ओर (सफेद पट्टी के पास) ले जाएं ताकि मुड़ने के लिए पर्याप्त जगह मिल सके। इसी तरह टर्न सिग्नल्स पर मुड़ने से पहले हमेशा इंडिकेटर का प्रयोग करें और शीशों में पीछे से आने वाले वाहनों को देखें। हाईवे पर अपनी लेन में रहें और ओवरटेक करते समय सावधानी बरतें। लंबी यात्रा के दौरान हर तीन घंटे में ब्रेक जरूर लें।

### क्लच पैडल की सेटिंग



- अगर क्लच पैडल की हाइट और फ्री प्ले सही नहीं है तो कई तरह की समस्याएं हो सकती है, जैसे क्लच स्लिप होना, गियर बदलने में दिक्कत आना, इंजन पर एक्स्ट्रा दबाव और क्लच प्लेट और अन्य पाट्‌र्स जल्दी खराब होना। इन समस्याओं को नजरअंदाज करने पर क्लच पूरी तरह खराब हो सकता है। क्लच की लाइफ बढ़ाने के लिए बेवजह क्लच पर पैर रखकर न चलाएं, ब्रेक लगाते समय हर बार क्लच न दबाएं, सिग्नल पर गाड़ी न्यूट्रल में रखें। चढ़ाई पर क्लच की बजाय हैंड ब्रेक का इस्तेमाल करें।

### इस तरह रखें ख्याल



- गर्मियों में कार को कोशिश करें कि कवर्ड पार्किंग, पेड़ या बिल्डिंग की छाया में खड़ी करें। इससे कार का केबिन ज्यादा गर्म नहीं होगा। इसी तरह धूप में तपती कार में बैठते ही तुरंत एसी न चलाएं। पहले विंडो नीचे करें या डोर खोलकर एक मिनट रुकें, ताकि अंदर की गर्मी बाहर निकल जाए, इसके बाद एसी चालू करके उसे धीरे-धीरे बढ़ाएं। इसी तरह कार की विंडो पर सनशेड भी लगाकर बाहर की गर्मी रोक सकते हैं।

### गर्मियों में कार मेंटेनेंस



- कूलेंट स्तर, बैटरी, टायर प्रेशर और एसी की जांच नियमित रूप से करें। डैशबोर्ड को ढकें, और इंजन को ठंडा रखने के लिए सही कूलेंट का इस्तेमाल करें। इंजन को ओवरहीटिंग और पेंट को खराब होने से बचाएं।कूलेंट स्तर, बैटरी, टायर प्रेशर और एसी की जांच नियमित रूप से करें।

## रॉयल एनफील्ड की नई गुरिल्ला-450 स्मार्ट और स्पोर्टी

मिडसाइज मोटरसाइकल सेगमेंट में दुनिया की नंबर एक कंपनी रॉयल एनफील्ड ने देश में अपनी नई गुरिल्ला-450 लॉन्च कर दी है। यह अपडेटेड मॉडल बाइक हिमालयन 450 वाले दमदार प्लेटफॉर्म पर आधारित है, लेकिन इसे सड़क पर तेज और आरामदायक राइडिंग के लिए डिजाइन किया गया है। कंपनी ने ग्राहकों के फीडबैक को ध्यान में रखते हुए इसमें कई सुधार करके इस बाइक को पहले से ज्यादा आधुनिक बना दिया है। नया मॉडल ज्यादा अग्रेसिव लुक और बेहतर टायरों के साथ नई खूबियों से लैस है। इसमें पीछे की सीट पर एक सीट काउल दिया गया है, जिसे हटाकर आप पीछे सवारी बैठा सकते हैं। इस बार कंपनी ने लाइनअप में एक नया एपेक्स वेरिएंट भी जोड़ा है। यह उन लोगों के लिए है जिन्हें स्पोर्टी लुक और आक्रामक राइडिंग पोजीशन पसंद है। यह खासतौर पर उन युवाओं को आकर्षित करेगा जो शहर के भीतर एक पावरफुल और स्टाइलिश बाइक चलाना चाहते हैं। गुरिल्ला 450 की एक्स-शोरूम कीमत 2.49 लाख रुपये से 2.72 लाख रुपये के बीच रखी गई है। इसे चार मुख्य वेरिएंट्स एनालॉग, डैश, फ्लैश और एपेक्स में पेश किया गया है। बाइक की बुकिंग शुरू हो चुकी है और बिक्री 31 मार्च से शुरू करने के लिए कहा जा रहा है।



## केटीएम 350 ड्यूक और एडवेंचर अगले माह होंगी लॉन्च

आस्ट्रियाई मोटरसाइकिल ब्रांड केटीएम एक बार फिर बाइक बाजार में हलचल मचाने को तैयार है। नई केटीएम 350 ड्यूक और 350 एडवेंचर अगले माह लॉन्च होने वाली है। देश में 350 सीसी इंजन वाली मोटरसाइकिलों की मांग पिछले साल लागू किए गए संशोधित जीएसटी ढांचे के कारण अचानक बढ़ी है। नए कर कानूनों में 350 सीसी से अधिक इंजन क्षमता वाली मोटरसाइकिलों को विलासिता की वस्तु माना जाता है, और उन पर 40 फीसदी कर लगता है, जबकि 350 सीसी या उससे कम इंजन क्षमता वाली मोटरसाइकिलों पर 18 फीसदी कर देय है। केटीएम 390 ड्यूक में 399 सीसी का इंजन लगा होने से यह 40 फीसदी कर के दायरे में आती है। ऐसे में इंजन का डिस्प्लेसमेंट घटाकर 350 सीसी से थोड़ा नीचे लाकर केटीएम ने कर में 22 फीसदी की बचत की है। इससे कंपनी को कीमतों के मामले प्रतिस्पर्धी रुख अपनाने का मौका मिला है। कंपनी का कहना है कि दमदार परफॉर्मेंस बनाए रखकर, लागत कम की है। फिलहाल एक्स शो रूम कीमत 2.60 लाख से 2.80 लाख कर होना संभावित है। कंपनी का दावा है कि पॉवर क्षमता कम होने के बावजूद ये बाइक्स दिखने और चलाने में मौजूदा 390सीसी बाइक्स से काफी मिलती-जुलती होंगी। कंपनी स्टाइल, आक्रामक लुक और दमदार इंजन की खूबियां बरकरार रहने का भरोसा दिला रही है। बस इंजन का आकार थोड़ा छोटा (शॉर्ट स्ट्रोक) होगा, लेकिन केटीएम का मूल अनुभव बरकरार रहेगा। माना जा रहा है कि केटीएम ड्यूक 350 एडवेंचर बाइक प्रेमियों के लिए वह बेहतरीन विकल्प साबित हो सकती है, जिसकी उन्हें जरूरत थी।



## फरारी की सुपर लग्जरी कार ‘849 टेस्टारोसा’

भारत में लग्जरी और सुपरकारों की तेजी से बढ़ती मांग को देखते हुए फरारी ने अपनी नई फ्लैगशिप सुपर कार ‘849 टेस्टारोसा’ को देश में लॉन्च कर दिया है। यह कार कंपनी की पॉपुलर सुपरकार एसएफ 90 स्ट्राडेल की जगह लेगी। फरारी 849 टेस्टारोसा परफॉर्मेंस और लग्जरी दोनों मामलों में काफी खास रहने वाली है। इस नई सुपरकार को मॉडर्न टेक्नोलॉजी और प्रीमियम फीचर्स के साथ शानदार डिजाइन और पावरफुल इंजन के साथ पेश किया गया है। इस कार में 16 इंच का बड़ा डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर दिया गया है, जिससे ड्राइवर को सारी जरूरी जानकारी आसानी से मिल जाती है। इसके अलावा इसमें 9 इंच का टचस्क्रीन डिस्प्ले भी है। यह सिस्टम वायरलेस एन्ड्रायड ऑटो और एपल कारप्ले को सपोर्ट करता है, जिससे स्मार्टफोन आसानी से कनेक्ट किया जा सकता है। कार में 7 स्पीकर वाला ऑडियो सिस्टम भी दिया गया है, जो बेहतरीन साउंड क्वालिटी का अनुभव कराता है। प्रीमियम इंटीरियर, मॉडर्न डिजाइन और एलईडी हेडलाइट्स जैसे शानदार फीचर्स इस सुपरकार को लग्जरी और टेक्नोलॉजी का बेहतरीन कॉम्बिनेशन बनाते हैं। रफ्तार के मामले यह कार यह सिर्फ 2.3 सेकंड में 100 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड पकड़ लेती है। इसकी टॉप स्पीड 330 किलोमीटर प्रति घंटा है। माना जा रहा है कि फरारी 849 टेस्टारोसा का भारत में मुकाबला लैंबॉर्गिनी रेव्यूल्टो से होगा। फिलहाल फरारी ने अपनी इस कार की एक्स-शोरूम कीमत 10.38 करोड़ रुपये के आसपास रखी है। कार की डिलीवरी अगले दो माह के भीतर शुरू कर दी जाएगी।



## मारुति लाएगी नई मॉडर्न व स्टाइलिश 7-सीटर ई-कार



मारुति सुजुकी अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार ई-विटारा के बाद अब एक नई 7-सीटर इलेक्ट्रिक कार उतारने की तैयारी में जुट गई है। यह नई मॉडर्न और स्टाइलिश कार MPV सेगमेंट में उतारी जाएगी। कंपनी की योजना साल 2030 तक देश के बाजार में अपने मॉडल्स की संख्या बढ़ाकर बाजार में हिस्सेदारी बढ़ाने की है, जिसमें इलेक्ट्रिक कारों का बड़ा हिस्सा होगा। अपनी नई 7-सीटर ईवी को कंपनी YMC कोडनेम दिया गया है और यह 27पीएल प्लेटफॉर्म पर तैयार की जा रही है। माना जा रहा है कि इस कार में जापान में बिकने वाली सुजुकी स्पेसिया की झलक देखने को मिलेगी। इस नई इलेक्ट्रिक MPV का डिजाइन थोड़ा बॉक्सी हो सकता है, ताकि लोगों को अंदर थोड़ी ज्यादा जगह मिल सके। इसके लिए तीन पंक्तियों में इस तरह सीटिंग दी जाएगी, जिससे 7 लोग आराम से बैठ सकें। इस कार के बारे में जो जानकारी सामने आई है, उसके मुताबिक चौकोर हेडलाइट्स, बड़ी ब्लैक ग्रिल पर क्रोम फिनिश और बड़ा मजबूत बंपर दिया जाएगा। भले ही इस कार में स्लाइडिंग डोर न दिए जाएं, लेकिन डिजाइन में बलेनो और फ्रांक्स के कुछ फीचर्स देखने को मिल सकते हैं। इस कार में 49kWh और 61kWh बैटरी पैक के विकल्प मिल सकते हैं। छोटी बैटरी के साथ 440 किमी और बड़ी बैटरी के साथ 543 किमी की रेंज मिलने की उम्मीद है। इसमें वही पावरट्रेन इस्तेमाल किया जाएगा जो ई-विटारा में दिया गया है। मारुति की यह कार अगले साल लॉन्च होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## 36 हजार करोड़ से ज्यादा का ऑटो रिक्शा बाजार

कॉम्पैक्ट डिजाइन, संकरी गलियों में सुगमता और कम दूरी की यात्रा में उपयोगिता के कारण ऑटो रिक्शा (थ्री व्हीलर) अब देश के छोटे-छोटे शहरों में परिवहन का महत्वपूर्ण सर्व सुलभ साधन बन चुके हैं। बड़े शहरों में भी यातायात जाम वाले तथा बड़े वाहनों के लिए प्रतिबंध वाले इलाकों में आवाजाही और माल ढुलाई में ऑटो रिक्शा महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। आर्थिक और पर्यावरणीय लाभों के चलते देश में ऑटो रिक्शा का बाजार जो कि साल 2025 में लगभग 36,000 करोड़ रुपये था, इसके 2031 तक 70,000 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। इस बढ़ती मांग में मुख्य रूप से इलेक्ट्रिक ऑटो रिक्शा का रुझान तेजी से बढ़ रहा है। इलेक्ट्रिक ऑटो रिक्शा की हिस्सेदारी 2030 तक 65-75% तक होने का अनुमान है। बजाज ऑटो इस बाजार का अग्रणी ब्रांड है, जो 60% से अधिक हिस्सेदारी रखता है। इसके बाद महिंद्रा और पियाजियो का स्थान है। पिछले वित्त वर्ष में ऑटो रिक्शा की बिक्री ने करीब 8 लाख यूनिट्स के साथ एक नया रिकॉर्ड बनाया था। इस आंकड़े के साथ भारत दुनिया का सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर बाजार बन गया है। 2025 में वैश्विक इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर बिक्री में भारत की हिस्सेदारी करीब 60% रही है।



### दुनिया को ‘ऑटो रिक्शा’ शब्द भारत ने दिया

- ऑटो रिक्शा से हर किसी की यादें जुड़ी हैं। दुनिया को ‘ऑटो रिक्शा’ शब्द भारत की ही देन है। वर्ष 1947 में भारत को अंग्रेजों से आजादी मिली और कई उद्योगपतियों ने देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम शुरू किया। वर्ष 1948 में फिरोडिया ने देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को अपना ऑटो-रिक्शा दिखाया। फिरोडिया ने इसके लिए उस समय बछराज ट्रेडिंग कारपोरेशन के के साथ जॉइंट वेंचर बनाया था, बाद में यही कंपनी बजाज ऑटो के नाम से जानी गई। उस समय देश में उत्पादन के लिए लाइसेंस लेना होता था।

### बीएसपीटीसीएल को सूचीबद्ध कराने की योजना

**नयी दिल्ली।** बिहार सरकार अपनी बिजली पारेषण कंपनी को शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने की तैयारी कर रही है। बिहार के बिजली सचिव मनोज कुमार सिंह ने साक्षात्कार में कहा कि हम अपनी पारेषण कंपनी को शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने की योजना बना रहे हैं और मर्चेंट बैंकर की नियुक्ति के लिए रुचि पत्र (ईओआई) जारी किया है।

अमृत विचार
बरेली, सोमवार, 30 मार्च 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2625, राज श्री 1990, फ़ॉर्चून कि. 2645, रविन्द्रा 2515, फॉर्चुन 13kg 2320, जय जवान 2170, सचिन 2290, सूरज 2170, अवसर 2100, उजाला 2170, गृहणी 13 kg 2145, क्लासिक (kg) 2485, मोर 2375, चक्र टिन 2580, ब्लू 2395, आशीर्वाद मस्टर्ड 2485, स्वास्तिक 2565
**किराना**–निजामाबाद हल्दी 16600, जीरा 26500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 12000–13000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 900–1050
**चावल–(प्रति कु0)**डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200
**दाल दलहन**– मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7450–9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10300–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 12800
**चीनी**–पीलीभीत 4320, बहेड़ी 4280, धामपुर 4260

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम**– सोना पक्के आभूषण 149000, सोना गिन्नी 145000, चांदी पक्की 2300 (अनुमानित)

## बिजनेस ब्रीफ

### इंडिगो शुरू करेगी 30 नये मार्गों पर उड़ानें

**नयी दिल्ली।** देश की प्रमुख विमान सेवा प्रदाता कंपनी इंडिगो ने 29 मार्च से 23 अप्रैल के बीच नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से 30 से अधिक नये मार्गों पर उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है। एयरलाइंस ने रविवार को बताया कि नये मार्गों में नवी मुंबई से आगरा, अयोध्या, बागडोगरा, बेलगांव, चंडीगढ़, दीव, कन्नूर, कोलकाता, पटना, राजकोट, श्रीनगर, वाराणसी और विशाखापत्तनम् के लिए उड़ानें शामिल होंगी। इन उड़ानों के साथ नवी मुंबई से और नवी मुंबई के लिए इंडिगो की सप्ताह में 400 से अधिक उड़ानें हो जायेंगी।

# संकट प्रभावित क्षेत्रों के लिए और राहत पैकेज पर विचार कर रही सरकार

## मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा - मौजूदा हालात में प्रभावित व्यवसायों को तुरंत राहत देने की जरूरत

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के लंबा खिंचने की स्थिति में सरकार अर्थव्यवस्था के कमजोर वर्गों, खासकर सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के लिए और राहत पैकेज ला सकती है।

सूत्रों के अनुसार, सरकार पहले ही पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती जैसे कई कदम उठा चुकी है और जरूरत पड़ने पर आगे भी राहत उपाय करने से पीछे नहीं हटेगी। सरकार ने पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क घटाकर तीन रुपये प्रति लीटर कर दिया है और डीजल को इस कर से मुक्त कर दिया है, ताकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर आम लोगों पर कम पड़े।

साथ ही, देश में उपलब्धता बढ़ाने के लिए डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर फिर से शुल्क लगाया गया है। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमले और उसके बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई के कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। इस महीने की शुरुआत में कच्चे तेल की कीमत 119 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थी, जो बाद में घटकर करीब 100 डॉलर प्रति बैरल रह गई है। इससे पहले सरकार ने निर्यातकों को उनकी निर्यात प्रतिबद्धताएं पूरी करने के लिए कुछ रियायतें दी थीं।

पश्चिम एशिया संकट के बाद से कारोबारी समुदाय की दिक्कतें बढ़ी हैं। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा कि मौजूदा हालात में सरकार को सबसे अधिक प्रभावित व्यवसायों और परिवारों को तुरंत राहत देने की जरूरत है।

### एटीएफ पर टैक्स कम कराने के प्रयास में मंत्रालय

**नयी दिल्ली,एजेंसी।** नागर विमानन मंत्रालय एयरलाइन कंपनियों पर पश्चिम एशिया संघर्ष के प्रभाव को कम करने के लिए कई विकल्प तलाश रहा है। इसमें एक विकल्प राज्य सरकारों के साथ मिलकर विमान ईंधन (एटीएफ) पर कर को कम करना है। पश्चिम एशिया संघर्ष 28 फरवरी को शुरू हुआ था। उसके बाद हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंधों के चलते एयरलाइन कंपनियों की परिचालन लागत बढ़ रही है। एक उच्चस्तरीय सूत्र ने कहा कि मंत्रालय बड़े प्रयासों के हिस्से के रूप में एयरलाइंस पर पश्चिम एशिया संघर्ष के प्रभाव को कम करने के लिए कई विकल्पों पर विचार कर रहा है। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू और मंत्रालय ने जेट ईंधन पर कर कम करने की संभावना को लेकर मुख्यमंत्रियों और राज्य सरकारों के साथ चर्चाएं शुरू की हैं। एयरलाइन की कुल परिचालन लागत में एटीएफ का हिस्सा करीब 40% होता है। विभिन्न राज्यों में एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) पर टैक्स अलग-अलग होता है।

# पश्चिम एशिया संघर्ष और कच्चे तेल के दाम तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा




**नयी दिल्ली, एजेंसी**

- विदेशी निवेशकों का प्रवाह, रुपये का उतार-चढ़ाव और वृहद वैश्विक बाजार रुख तय करेंगे धारणा : विश्लेषक

स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह पश्चिम एशिया संघर्ष की वजह से कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ने वाले असर और वैश्विक रुझानों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा रुपये-डॉलर का रुख और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां भी इस कम कारोबारी सत्र वाले सप्ताह में धारणा को प्रभावित करेंगी।

शेयर बाजार मंगलवार को महावीर जयंती और शुक्रवार को गुड फ्राइडे के मौके पर बंद रहेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कह कि इस सप्ताह वैश्विक वृहद घटनाक्रम खासकर कच्चे तेल की कीमतें और अमेरिका-ईरान के बीच संघर्षविराम को लेकर बातचीत की प्रगति से बाजार की दिशा प्रभावित होगी। विदेशी संस्थागत निवेशकों का प्रवाह बढ़ाने के लिए रुपये की स्थिरता जरूरी है।

उन्होंने कहा कि घरेलू मोर्चे पर, फरवरी के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े और मार्च का एचएसबीसी विनिर्माण पीएमआई महत्वपूर्ण रहेगा। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और कमजोर होते रुपये के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने घरेलू शेयर बाजार से 1.14 लाख करोड़ रुपये (लगभग 12.3 अरब डॉलर) निकाले हैं।

पश्चिम एशिया संघर्ष 28 फरवरी को शुरू हुआ था। जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर हमला किया। वहीं ईरान ने इसके जवाब में अमेरिका के सहयोगी देशों और तेल अवीव पर हमले किए। ऑनलाइन ट्रेडिंग और संपदा प्रौद्योगिकी कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा कि आगे देखें तो, बाजार में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है और भूराजनीतिक घटनाक्रम इसकी प्रमुख वजह हैं। निवेशकों की निगाह पश्चिम एशिया की स्थिति पर रहेगी। संघर्ष बढ़ने या घटने का धारणा पर सीधा प्रभाव पड़ेगा।

विदेशी निवेशकों का प्रवाह, रुपये का उतार-चढ़ाव और वृहद वैश्विक बाजार रुख निकट भविष्य में धारणा तय करेंगे। बीते कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 949.74 अंक या 1.27 प्रतिशत नीचे आया। वहीं एनएसई निफ्टी 294.9 अंक या 1.27 प्रतिशत के नुकसान में रहा।लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के ने कहा-आने वाले सप्ताह में बाजार की दिशा काफी हद तक वैश्विक रुख से तय होने की उम्मीद है।

# ईंधन, एलपीजी आपूर्ति के लिए सरकार ने तेज किए प्रयास

## पश्चिम एशिया संकट के चलते घबराहट में खरीदारी से बचने की लोगों से की अपील

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने के बीच सरकार ने देश में ईंधन और गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कदम तेज कर दिए हैं। साथ ही लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और घबराकर ज्यादा खरीदारी से बचने की अपील की है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने बयान में कहा कि देश में रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता भी पूरे देश में पर्याप्त है और पेट्रोल पंप सामान्य रूप से काम कर रहे हैं।

मंत्रालय ने बताया कि कुछ राज्यों में अफवाहों के कारण लोगों ने घबराकर ज्यादा खरीदारी की, जिससे कुछ पेट्रोल पंप पर भीड़ और बिक्री में अचानक बढ़ोतरी देखी गई। हालांकि, देश के सभी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। साथ ही डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर शुल्क भी लगाया गया है।

गैस क्षेत्र में घरेलू जरूरतों को प्राथमिकता दी जा रही है। पाइप से मिलने वाली गैस (पीएनजी) और सीएनजी के लिए 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की गई है, जबकि उद्योगों को उनकी सामान्य जरूरत का करीब 80 प्रतिशत गैस मिल रही है। उर्वरक कारखानों को 70-75 प्रतिशत गैस दी जा रही है और अतिरिक्त एलएनजी की व्यवस्था भी की जा रही है। मंत्रालय ने कहा कि शहरों में गैस वितरण नेटवर्क का विस्तार तेज किया जा रहा है और एलपीजी की जगह पीएनजी को बढ़ावा दिया जा रहा है। मार्च में 2.9 लाख से अधिक नए पीएनजी कनेक्शन जोड़े गए हैं।

बयान में कहा गया कि एलपीजी की आपूर्ति पर अंतरराष्ट्रीय हालात का असर पड़ा है, लेकिन फिलहाल किसी तरह की कमी की सूचना नहीं है। रोजाना 55 लाख से अधिक सिलेंडर की डिलिवरी हो रही है और दुरुपयोग रोकने के लिए सख्ती बढ़ाई गई है।

मंत्रालय ने बताया कि व्यावसायिक एलपीजी की आपूर्ति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है और इसमें होटल, खानपान सेवाओं और जरूरी उद्योगों को प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार ने मिट्टी के तेल (केरोसिन) की आपूर्ति भी बढ़ाई है और जमाखोरी व कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई तेज की है। हाल ही में करीब 2,900 छापे मारे गए और लगभग 1,000 सिलेंडर जब्त किए गए।

बयान में कहा गया कि राज्यों को निगरानी बढ़ाने, रोजाना जानकारी देने, अफवाहों पर रोक लगाने और गैस से जुड़े ढांचे के काम को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर विश्वास न करें और पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की अनावश्यक खरीदारी से बचें।

### प. एशिया संकट पर सरकार की प्रतिक्रिया भरोसेमंद : सीआईआई

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने रविवार को पश्चिम एशिया संकट से पैदा हुई समस्याओं पर सरकार की तेज, समन्वित और संतुलित प्रतिक्रिया की सराहना की। साथ ही, उद्योग मंडल ने भारत के उद्योग जगत के लिए 12-सूत्रीय योजना भी पेश की, ताकि सरकार के प्रयासों को और मजबूत किया जा सके।

सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि हालांकि नीतिगत प्रतिक्रिया ने तात्कालिक जोखिमों को कम कर दिया है, लेकिन बदलती स्थिति के लिए सरकार और उद्योग के बीच निरंतर समन्वय की आवश्यकता है।

बनर्जी ने कहा कि नीतिगत दृष्टिकोण ने उत्पादन की निरंतरता बनाए रखने और व्यवहार्य उद्यमों का समर्थन करने पर ध्यान केंद्रित किया है। बनर्जी ने कहा कि सरकार की प्रतिक्रिया समय पर, संतुलित और भरोसेमंद रही है। यह सरकार के समग्र दृष्टिकोण को दर्शाती है, जिसका उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुचारू रखना, निर्यातकों का समर्थन करना, परिवारों की सुरक्षा करना और व्यापक आर्थिक स्थिरता बनाए रखना है।

# दिल्ली-एनसीआर में आवास बिक्री में 17 फीसदी की गिरावट: एनारॉक

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण नकारात्मक धारणा के चलते जनवरी-मार्च की अवधि में दिल्ली-एनसीआर में घरों की बिक्री तिमाही आधार पर 17 प्रतिशत घटकर लगभग 16,000 इकाई रह गई। रियल एस्टेट क्षेत्र की परामर्श कंपनी एनारॉक ने यह जानकारी दी।

हालांकि, सालाना आधार पर मांग में 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसका कारण पिछले साल का निचला आधार प्रभाव है। एनारॉक के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में जनवरी-मार्च की मौजूदा अवधि के दौरान घरों की बिक्री 15,985 इकाई रही, जो इससे पिछली तिमाही के 19,250 इकाई की तुलना में 17 प्रतिशत कम है। दिल्ली-एनसीआर में बिक्री पिछले वर्ष की जनवरी-मार्च अवधि में 11,120 इकाई की तुलना में 44 प्रतिशत बढ़ी है। एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा कि भारत के आवास क्षेत्र के दीर्घकालिक बुनियादी सिद्धांत मजबूत बने हुए हैं, लेकिन ईरान युद्ध के अल्पकालिक प्रभाव पहली तिमाही में स्पष्ट रूप से दिखाई दिए।

### ओला इलेक्ट्रिक को ग्राहक का स्कूटर बदलने या पैसा लौटाने का निर्देश

**मुंबई, एजेंसी।** ठाणे के एक उपभोक्ता आयोग ने ओला इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजीज को खराब इलेक्ट्रिक स्कूटर बदलने या पूरा पैसा ग्राहक को लौटाने का निर्देश दिया है। आयोग ने कहा कि यह कंपनी की ओर से 'गंभीर खामी' का मामला है। जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (अतिरिक्त ठाणे) ने हाल ही के एक आदेश में कहा कि बेंगलुरु की यह विनिर्माता कंपनी अनुचित व्यापार व्यवहार में शामिल है। आयोग ने कहा कि मामले को देखने पर पता चलता है कि उपयुक्त वाहन सही स्थिति में नहीं था और इसमें कई तरह की खामियां थीं।

# एआई से नहीं जाएंगी नौकरियां, काम होगा आसान

## भारत में 50,000 लोगों की भर्ती की योजना पर काम कर रही है डेलॉयट

**बेंगलुरु, एजेंसी**

- सीओओ ने बताया-जल्द ही शुरू करेंगे क्वांटम उत्कृष्टता केंद्र

कृत्रिम मेधा (एआई) से बड़े पैमाने पर नौकरियां खत्म होने की आशंकाओं को खारिज करते हुए डेलॉयट के दक्षिण एशिया के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) नितिन केनी ने कहा है कि कंपनी भारत में 50,000 लोगों की भर्ती की योजना पर काम कर रही है और इसमें कर्मचारियों को नई प्रौद्योगिकी के अनुरूप कौशल बढ़ाने पर खास जोर दिया जा रहा है। एक साक्षात्कार में केनी ने बताया कि डेलॉयट देश में तेजी से विस्तार और निवेश की योजना पर काम कर रही है और जल्द ही 'क्वांटम उत्कृष्टता केंद्र' शुरू करने की तैयारी है।

उन्होंने कहा कि एआई के कारण नियुक्तियों पर असर पड़ने की चिंता सही नहीं है। डेलॉयट एआई को नौकरियां कम करने वाला साधन नहीं मानती, बल्कि काम को ज्यादा आसान और प्रभावी बनाने का जरिया मानती है। केनी ने कहा कि नौकरियों में कटौती करना कोई समाधान नहीं है। जरूरी है कि लोगों के कौशल को बढ़ाया जाए, ताकि वे नई प्रौद्योगिकी के साथ मिलकर अधिक मूल्य वाले और जटिल काम कर सकें। उन्होंने बताया कि कंपनी अब तक करीब 30,000 कर्मचारियों को एआई का प्रशिक्षण दे चुकी है, जबकि लगभग 20,000 कर्मचारी कंपनी के अपने मंच पर काम करने के लिए तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि डेलॉयट के कुल वैश्विक कर्मचारियों में से लगभग एक-तिहाई भारत में काम करते हैं, जिससे भारत कंपनी के लिए एक अहम बाजार है। केनी ने कहा कि कंपनी अपनी आय का करीब नौ प्रतिशत हिस्सा कौशल विकास, क्षमता बढ़ाने और नए प्रयोगों पर खर्च करती है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# केरल: पीएम मोदी का त्रिशूर में रोड शो कहा-अगली सरकार हमारी

## एलडीएफ और यूडीएफ ने केरल को लूटा है, इनसे सावधान रहें

**त्रिशूर (केरल), एजेंसी**




केरल के त्रिशूर में रोड शो करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। साथ में प्रत्याशी पद्मजा वेणुगोपाल।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केरल विधानसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रचार अभियान के तहत रविवार को यहां एक रोड शो किया। वहीं पलक्कड़ में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने दावा किया कि केरल में अगली सरकार राजग ही बनाएगा।

रोड शो के दौरान बड़ी संख्या में लोग उनकी एक झलक पाने के लिए सड़कों पर कतार में खड़े थे। रोड शो की शुरुआत जिला अस्पताल के निकट हुई। भीषण गर्मी की परवाह किये बिना, लोग कई घंटे पहले सड़क के किनारे एकत्र हो गए थे और नारे लगा रहे थे और अपने मोबाइल फोन से उन पलों की फोटो खींच रहे थे जब प्रधानमंत्री ने एक खुले वाहन से उनका अभिवादन स्वीकार किया। त्रिशूर जिले में राजग के प्रमुख उम्मीदवारों पद्मजा वेणुगोपाल और लोकसभा में त्रिशूर का प्रतिनिधित्व करने वाले केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने रोड शो में हिस्सा लिया। पलक्कड़ में चुनाव रैली को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूडीएफ और एलडीएफ दोनों पर निशाना साधते हुए उन पर दशकों तक भ्रष्टाचार करने और राजनीतिक अवसरवादिता में लिप्त होने का रविवार को आरोप लगाया। मोदी ने कहा कि दशकों से वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) ने मिलकर केरल को लूटा है... इस व्यवस्था में हमारा केरल फंसा रहा है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस और वामपंथी... आपको दोनों से सावधान रहना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जनता के आशीर्वाद और आपके सहयोग से हम यहां सरकार बनाएंगे और केरल की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

### रैली में धुआं से दहशत

**पलक्कड़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी रैली में उस समय तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई जब एक एम्पलीफायर से धुआं निकलता देखा गया। पुलिस ने रविवार को बताया कि यह घटना प्रधानमंत्री के रैली स्थल कोट्टामैदानम पहुंचने से कुछ ही समय पहले घटी। ध्वनि प्रसारक का प्रबंधन करने वालों और पुलिसकर्मियों ने तुरंत हस्तक्षेप किया और एम्पलीफायर को हटा दिया।

# पुराने कृत्यों के लिए शाह पर चार्जशीट होनी चाहिए: ममता

**पुरुलिया (पश्चिम बंगाल),एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ राजनीतिक चार्जशीट (आरोपत्र) जारी किए जाने के एक दिन बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि खुद शाह के खिलाफ उनके पुराने कृत्यों के लिए चार्जशीट दाखिल होनी चाहिए। बनर्जी ने पुरुलिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि यदि भाजपा सत्ता में आती है तो वह महिलाओं के लिए शुरू की गई लक्ष्मीर भंडार योजना बंद कर देगी। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने यह भी आरोप लगाया कि यदि भाजपा राज्य में सत्ता में आई तो लोगों की खानपान संबंधी पसंद पर पाबंदियां लगा दी जाएंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव से पहले एसआईआर के जरिये 1.2 करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं।

### आयोग ने किया 83 अफसरों का तबादला

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल चुनाव से पहले एक नए फेरबदल में चुनाव आयोग ने रविवार को राज्य भर में प्रखंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों (एआरओ) सहित 83 अधिकारियों के स्थानांतरण का आदेश दिया। आयोग जारी आदेश के अनुसार, सबसे अधिक स्थानांतरण पूर्वी मिदनापुर जिले से हुए हैं, जहाँ 14 बीडीओ और एआरओ का तबादला किया गया है।

### हटाए गए मतदाताओं के लिए ट्रिब्यूनल पोर्टल शुरू

**कोलकाता।** चुनाव आयोग ने मतदाता सूची से नाम हटाए जाने की शिकायतों के समाधान के लिए उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद एक विशेष ट्रिब्यूनल प्रणाली और ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया है, जिसके तहत प्रभावित मतदाता रविवार से अपील दर्ज कर सकेंगे। ट्रिब्यूनल जल्द ही काम करना शुरू करेंगे, जिससे जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, उन्हें औपचारिक रूप से शिकायत दर्ज कराने और निवारण का अवसर मिलेगा। इससे पहले आयोग ने राज्य के 23 जिलों में ट्रिब्यूनल गठित किए थे, जिनकी देखरेख के लिए 19 पूर्व न्यायाधीशों और न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति की गयी है।

# असम: भाजपा लगाएगी हैट्रिक, लगातार तीसरी बार सत्ता में आएगी : नितिन नबीन

**तिनसुकिया (असम), एजेंसी**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने रविवार को दावा किया कि पार्टी असम में मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर हैट्रिक लगाएगी। मार्गेरिटा से उम्मीदवार एवं मौजूदा विधायक भास्कर शर्मा के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए नबीन ने पिछली कांग्रेस सरकारों पर राज्य के विकास के बजाय वोट बैंक की राजनीति में लिप्त होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस काले अध्याय को याद रखना जरूरी है।

कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा हैट्रिक लगाने वाली है। हमने पहली बार सर्वानंद सोनोवाल के नेतृत्व में सरकार बनाई थी, इसके बाद हिमंत विश्व शर्मा का कार्यकाल रहा। इस बार हम मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में अपनी तीसरी सरकार बनाएंगे। नवीन ने कहा कि वह 2009-10 से विभिन्न पार्टी कार्यों के सिलसिले में असम आते रहे हैं और राज्य भर में व्यापक दौरे कर चुके हैं। उस समय विकास की कोई चर्चा ही नहीं होती थी। जब मैं एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना चाहता था तो तनाव बना रहता था। जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सत्ता में आने के बाद पूरी स्थिति बदल गई और पूरा देश असम के विकास की बात करने लगा।

### हर अवैध प्रवासी को वापस भेजना होगा : शाह



**ढेकियाजुली (असम), एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 10 वर्षों में असम में घुसपैठ को रोका है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है, क्योंकि प्रत्येक अवैध प्रवासी को उनके देशों में वापस भेजा जाना चाहिए। सोनितपुर जिले के ढेकियाजुली विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने घुसपैठियों को संरक्षण देने के लिए राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध किया है। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि असम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई घुसपैठियों को संरक्षण देना चाहते हैं। शाह ने गोगोई से इस मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा।

### भाजपा ने असम को धोखा दिया: सैकिया

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम विधानसभा में निवर्तमान नेता प्रतिपक्ष देवव्रत सैकिया ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लोकप्रिय गायक जुबिन गर्ग को न्याय दिलाने में नाकाम रही है और इसने कई मोर्चों पर जनता के साथ विश्वासघात किया है। सैकिया ने भरोसा जताया कि नौ अप्रैल के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस एवं उसके सहयोगी दल बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा कि भाजपा के विश्वासघातों की सूची लंबी है, लेकिन अंतिम और सबसे गंभीर विश्वासघात जुबिन गर्ग के मामले में न्याय सुनिश्चित न कर पाना है। उन्होंने कहा कि मैं लगातार मांग करता रहा कि इस मामले की कार्यवाही की सार्वजनिक निगरानी हो, लेकिन सरकार ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। सैकिया ने कहा- असम की जनता शुरू से ही नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ थी, लेकिन भाजपा ने उनकी भावनाओं की अनदेखी करते हुए इसे लागू किया।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### लेबनान में पत्रकारों की हत्या वैश्विक चेतना के लिए चेतावनी : ईरान

**तेहरान/बेरूत।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने लेबनान में तीन पत्रकारों की मौत पर गहरी चिंता जताते हुए इसे सिर्फ मीडिया जगत की बड़ी क्षति ही नहीं, बल्कि वैश्विक चेतना के लिए एक गंभीर चेतावनी बताया है। रिपोर्ट के अनुसार, जेज्जीन शहर में एक हवाई हमले में अल मनार टीवी के पत्रकार अली शोएब और अल मयादीन की पत्रकार फातिमा और मोहम्मद फेटोनी की मौत हो गई। यह हमला इजराइल रक्षा बल द्वारा किया जाना बताया जा रहा है। अराघची ने इस हमले को स्पष्ट रूप से लक्षित हत्या करार दिया और कहा कि यह सच्चाई सामने लाने वाली आवाजों को खामोश करने की कोशिश है।

### गैस संकट: महाराष्ट्र के मंत्री के घर पर रिक्शा चालकों का प्रदर्शन

**छत्रपति संभाजीनगर।** पश्चिम एशिया युद्ध के कारण ऑटो रिक्शा के लिए ईंधन की आपूर्ति बाधित होने का आरोप लगाते हुए कई चालक रविवार को महाराष्ट्र के मंत्री संजय शिरसाट के आवास के बाहर एकत्रित हुए। रिक्शा चालकों ने बताया कि वे पिछले कुछ दिनों से पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें ईंधन नहीं मिल रहा है। इसी वजह से उन्होंने शिरसाट को अपनी परेशानी से अवगत कराने के लिए इस तरह का विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया। इसके जवाब में, शिरसाट ने जिला आपूर्ति अधिकारी को फोन किया और उन्हें ऑटो रिक्शा चालकों की मदद के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। शिरसाट ने जिला आपूर्ति अधिकारी से कहा, इन ऑटो रिक्शा चालकों को पिछले चार दिनों से ईंधन नहीं मिला है।

### विजयपत सिंघानिया का मुंबई में किया गया अंतिम संस्कार

**मुंबई।** उद्योगपति और रेमंड ग्रुप के पूर्व चेयरमैन विजयपत सिंघानिया का रविवार को मुंबई में अंतिम संस्कार किया गया। वर्ष 1980 से 2000 तक कंपनी की कमान संभालने वाले सिंघानिया का शनिवार शाम निधन हो गया। वह कुछ समय से बीमार थे। वह 87 वर्ष के थे। पद्म भूषण से सम्मानित सिंघानिया की अंतिम यात्रा दक्षिण मुंबई स्थित उनके आवास से शुरू हुई। उनके बेटे गौतम सिंघानिया और मधुपति ने अंतिम संस्कार का नेतृत्व किया। वर्तमान में रेमंड की कमान गौतम सिंघानिया के हाथों में है। अंतिम संस्कार चंदनवाड़ी श्मशान घाट पर किया गया। इस दौरान गौतम सिंघानिया की पत्नी नवाज मोदी भी मौजूद रहीं। नवाज मोदी ने बताया कि उन्होंने विजयपत सिंघानिया के साथ लंबा समय बिताया।

# नेपाल में पूर्व ऊर्जा मंत्री दीपक खड्का को भी किया गिरफ्तार

काठमांडू, एजेंसी

- धनशोधन के मामले में गिरफ्तारी पहले से थे भ्रष्टाचार के आरोप

नेपाल पुलिस ने पूर्व ऊर्जा मंत्री और नेपाली कांग्रेस के नेता दीपक खड्का को धन शोधन के मामले में रविवार को गिरफ्तार कर लिया।

‘द हिमालयन’ ने नेपाल पुलिस के के प्रवक्ता शिव कुमार श्रेष्ठ के हवाले से बताया कि सीआईबी ने रविवार सुबह खड्का को हिरासत में ले लिया। पिछले साल जनरेशन जी के विरोध प्रदर्शन के दौरान ऐसी तस्वीरें और वीडियो सामने आए जिसमें खड्का और पूर्व प्रधानमंत्रियों शेर बहादुर देउबा एवं पुष्प कमल दहल प्रचंड के आवास पर जले नोटों के टुकड़े दिख रहे थे। बाद में फोरेंसिक प्रयोगशाला से इन निष्कर्षों की पुष्टि की गई।

### ओली की गिरफ्तारी पर देशभर में प्रदर्शन

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को रविवार को काठमांडू जिला न्यायालय ने पांच दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उनकी गिरफ्तारी के विरोध में देश के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन जारी हैं। ओली और पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को पिछले साल आठ और नौ सितंबर को हुए जेन जी आंदोलन को दबाने में संलिप्तता के आरोप में शनिवार को गिरफ्तार किया गया था। ओली की पार्टी शनिवार से ही देशभर में विरोध प्रदर्शन कर रही है। पार्टी अपने अध्यक्ष ओली को तत्काल रिहा करने की मांग कर रही है।

## केंद्र के अभियान की उपलब्धियां

नक्सलवाद के खात्मे के लिए वैसे तो यूपीए की पूर्ववर्ती केंद्र सरकार के कार्यकाल में भी अभियान चलाए गए लेकिन एनडीए सरकार की ओर से वर्ष 2017 में शुरू किए गए अभियान ‘समाधान’ के काफी हद तक ठोस नतीजे सामने आए हैं। इस अभियान के तहत नक्सलमुक्त भारत का लक्ष्य तय करते हुए इसकी मियाद 31 मार्च 2026 तक निर्धारित की गई थी। दो दिन अभियान का समय पूरा होने जा रहा है। इस बीच सुरक्षा बलों ने सैकड़ों माओवादियों को मार गिराया है, साथ ही सैकड़ों को गिरफ्तार भी किया है। काफी संख्या में माओवादियों ने हथियार डालने की घोषणा करते हुए आत्मसमर्पण भी किया है। इसके बाद तमाम नक्सल प्रभावित जिले नक्सलमुक्त हो गए हैं और उनमें घटनाएं शून्य हो गई हैं। नक्सलवाद के खिलाफ इस लड़ाई में केंद्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वय ही सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरा।

# नक्सलमुक्त भारत



### बड़ा अभियान... समाधान

- मई 2017 में तत्कालीन गृह मंत्री ने इस व्यापक अभियान की घोषणा की थी। इस अभियान में एक बहुआयामी दृष्टिकोण निहित किया गया था। इसमें आठ बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित करने का निर्णय लिया गया था।
- अभियान में कुशल नेतृत्व, आक्रामक रणनीति, प्रोत्साहन और प्रशिक्षण, सटीक सूचनाएं, प्रगति की निगरानी, तकनीक, प्रत्येक क्षेत्र के लिए अलग कार्ययोजना और फंडिंग रोकने के बिंदु तय किए गए थे।

### अभियान के मुख्य लक्ष्य

- शून्य सहिष्णुता के तहत नक्सलियों के हिंसक हमलों को पूरी तरह रोकना सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्य था।
- उन इलाकों में नए सुरक्षा कैंप स्थापित किए जाने थे जहां पहले अक्सर पुलिस नहीं पहुंच पाती थी।
- सड़क निर्माण, मोबाइल टावर, बैंक और पोस्ट ऑफिस खोलना ताकि लोग मुख्यधारा से जुड़ सकें।
- नक्सलियों को अपने हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटने के लिए मदद करना और प्रोत्साहित देना।

2024 के शुरुआती 10 महीनों में छत्तीसगढ़ में 190 से अधिक नक्सली मारे गए थे। नक्सलियों के सुरक्षित गढ़ माने जाने वाले अबूझमाड़ जैसे इलाकों में अब सुरक्षा बलों के कैंप स्थापित हो चुके हैं।

### ऑपरेशन ग्रीन हंट

यह वर्ष 2009 में यूपीए सरकार के दौरान शुरू किया गया एक बड़ा सैन्य अभियान था जिसके तहत नक्सल प्रभावित राज्य छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा के जंगलों से नक्सलियों का सफाया कर प्रशासनिक नियंत्रण स्थापित किया जाना था।

### अभियान की उपलब्धियां

- सरकारी आंकड़ों के मुताबिक करीब 1,500 माओवादी मुठभेड़ों में मारे गए जो छत्तीसगढ़, झारखंड और महाराष्ट्र में सक्रिय थे।
- सरकार की पुनर्वास नीति के कारण 10,000 से अधिक नक्सलियों ने हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल होने का निर्णय लिया।
- सुरक्षा बलों ने घेराबंदी कर और इंटेलिजेंस के आधार पर 15,000 से अधिक माओवादियों को इस अभियान में गिरफ्तार किया।
- नक्सली हिंसा की घटनाओं में 73% की गिरावट और आम नागरिकों और सुरक्षा बलों की मृत्यु दर में लगभग 86% की कमी आई।

नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 126 थी, इनकी संख्या अब घटकर 38 रह गई है। | प्रभावित इलाकों में हिंसा की घटनाओं में करीब 70-80% तक की गिरावट दर्ज की गई है। | नक्सलवाद अब छत्तीसगढ़ के बस्तर जैसे देश के कुछ इलाकों तक सीमित रह गया है।

# अमेरिकी सैनिकों को आग के हवाले कर देंगे

## अमेरिका की ओर से जमीनी आक्रमण की तैयारियों के बीच ईरान के संसद अध्यक्ष ने दी चेतावनी

दुबई, एजेंसी

ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बगेर कलीबाफ ने अमेरिका को जमीनी आक्रमण के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा कि अमेरिकी सैनिकों को आग के हवाले कर दिया जाएगा। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है, जब महीने भर से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए पाकिस्तान में क्षेत्रीय विदेश मंत्री एकत्र हुए हैं।

ईरान की सरकारी मीडिया के मुताबिक, कलीबाफ ने कहा कि सप्ताहांत में हुई वार्ता केवल एक बहाना थी क्योंकि अमेरिका पश्चिम एशिया में अतिरिक्त सैनिक भेज रहा है। पाकिस्तान ने कहा है कि सऊदी अरब, तुर्किये और मिस्र के विदेश मंत्री पश्चिम एशिया युद्ध को समाप्त करने के मकसद से इस्लामाबाद में अमेरिका या इजराइल की भागीदारी के बिना बातचीत कर रहे हैं। हालांकि, प्रगति के बहुत कम संकेत मिले क्योंकि इजराइल और अमेरिका ने ईरान पर हमले जारी रखे जबकि तेहरान ने भी पूरे क्षेत्र में मिसाइलों और ड्रोन से जवाबी हमले जारी रखे। इजराइल ने रविवार को कहा कि ईरान की ओर से कई हमले किए गए। वहीं, तेहरान में भी कई जगह विस्फोट की आवाजें सुनी गईं।



तेहरान विश्वविद्यालय पर हमला

### ईरान में जमीनी युद्ध की तैयारी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा विभाग ईरान में जमीनी अभियान की तैयारी कर रहा है जो कई हफ्तों तक जारी रह सकती है। वाशिंगटन पोस्ट ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट दी है कि किसी भी संभावित जमीनी अभियान में विशेष ऑपरेशन बलों और पारंपरिक पैदल सेना इकाइयों की ओर से की जाने वाली कार्रवाई शामिल होगी। हालांकि यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि क्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पेंटागन की उन योजनाओं में से किसी को मंजूरी देंगे। इससे पहले, अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने पश्चिम एशिया में अमेरिकी नौसेना के युद्धपोत यूएसएस त्रिपोली के पहुंचने की घोषणा की थी।

### बातचीत में तनाव कम होने के अभी तक संकेत नहीं, अमेरिका बढ़ा रहा तैनाती

- युद्ध में अब तक 3,000 से ज्यादा लोगों की हो चुकी है मौत

**दुबई।** सप्ताहांत में हुई बातचीत से अमेरिका और ईरान के बीच मतभेद कम होने को लेकर संकेत नहीं मिले। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि युद्ध निर्णायक मोड़ पर पहुंच सकता है, लेकिन ईरानी नेता सार्वजनिक रूप से बातचीत को लगातार नकार रहे हैं।

इस बीच अमेरिका के लगभग 2,500 मरीन सैनिक इस क्षेत्र में पहुंच गए हैं और इसके साथ ही यहां पिछले दो दशकों में अमेरिका की सबसे बड़ी सैन्य तैनाती हो गई है। इसके अलावा, 82वीं एयरबोर्न डिवीजन के 1,000 पैराट्रूपर्स को भी पश्चिम एशिया भेजने का आदेश दिया गया है, जो दुश्मन के इलाके में उतरकर अहम ठिकानों और हवाई पट्टियों को सुरक्षित करने में सक्षम हैं।

अमेरिका और इजराइल लगातार ईरान पर हमले कर रहे हैं, जवाबी कार्रवाई में ईरान इजराइल और खाड़ी के पड़ोसी अरब देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डों को निशाना बना रहा है। इस संघर्ष में अब तक 3,000 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। अमेरिका का कहना है कि इस युद्ध के दौरान उसने ईरान के 11,000 ठिकानों पर हमले किए हैं।

### ईयू की चेतावनी, यमन जलक्षेत्र में न जाएं जहाज

हूती विद्रोहियों के हमले की आशंका

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) की ओर से जहाजों को यमन के क्षेत्रीय जलक्षेत्र में प्रवेश न करने की चेतावनी देते हुए ईरान समर्थित हूती विद्रोही समूह की ओर से व्यापारिक जहाजों पर हमले फिर शुरू करने की आशंका जताई गई है। हूती विद्रोहियों ने शनिवार को इजराइल पर मिसाइल हमले किए और आगे भी इन्हें जारी रखने की घोषणा की थी। यूरोपीय संघ नौसैनिक बल ‘एस्पिडीज’ मिशन ने कहा कि विशेष रूप से लाल सागर और अदन की खाड़ी में खतरा बना हुआ है। रिपोर्ट में इजराइली हितों से जुड़े जहाजों के लिए उच्चस्तर का खतरा आंका गया है, जबकि अमेरिका या इज़रायल से असंबद्ध जहाजों के लिए यह मध्यम स्तर का है।

### रूस ने की अपील, ईरान संकट में मदद करने वाले बाहरी पक्ष सिर्फ अपने एजेंडे को न दें महत्व

**मॉस्को।** रूस ने कहा है कि ईरान संकट का समाधान निकालने में मदद करने की कोशिश कर रहे बाहरी पक्षों को सिर्फ अपने संकीर्ण एजेंडे पर ध्यान नहीं देना चाहिए। रूस के विदेश मंत्री के पश्चिम एशिया शांति प्रक्रिया के लिए विशेष प्रतिनिधि व्लादिमीर सैफ्रोनकोव ने कहा, यहां मुझे यह बताना जरूरी लगता है कि कुल मिलाकर खाड़ी में मौजूदा संकट के साथ-साथ अन्य संघर्षों का समाधान बाहरी पक्षों की समन्वित कार्रवाई पर निर्भर करता है। यह जरूरी है कि हर कोई खेल के एक ही नियम के अनुसार काम करे और सिर्फ अपने संकीर्ण एजेंडे से निर्देशित न हो।

# बिना मुकदमा जेल सजा के समान : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुनवाई शुरू न होने पर दो साल से जेल में बंद शख्स को किया रिहा

सुप्रीम कोर्ट ने बिना मुकदमे के कारावास को सजा के समान बताते हुए हत्या के प्रयास के मामले में पंजाब के एक व्यक्ति को जमानत दे दी। अदालत ने कहा कि यह व्यक्ति दो साल से जेल में है, जबकि मुकदमे की सुनवाई तक शुरू नहीं हुई है।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति पीवी वराले की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि प्रदीप कुमार उर्फ बानू के खिलाफ फरवरी 2024 में हत्या के प्रयास सहित विभिन्न अपराधों के लिए मामला दर्ज किया गया था, लेकिन अभियोजन पक्ष ने अभी तक मामले से संबंधित 23 गवाहों में से किसी से भी कोई सवाल-जवाब नहीं किए हैं। पीठ ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के 11 जुलाई, 2025 के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। पीठ ने 13 मार्च के अपने आदेश में कहा, अभियोजन पक्ष ने अपीलकर्ता के खिलाफ आरोपों को साबित करने के लिए मामले से संबंधित 23 गवाहों में से किसी से भी सवाल-जवाब नहीं किए हैं। इसलिए, मुकदमे को पूरा होने में कुछ समय लग सकता है।

मामले का समग्र रूप से अवलोकन करते हुए, न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि मुकदमे की सुनवाई तक अपीलकर्ता को आगे हिरासत में रखना आवश्यक नहीं है।

### पाकिस्तानी ध्वज वाले 20 और जहाजों को होर्मुज जलडमरू से गुजरने की मंजूरी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने रविवार को कहा कि ईरान ने पाकिस्तानी ध्वज वाले 20 और जहाजों को व्यस्त होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दे दी है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन दो जहाज इस क्षेत्र से गुजरेंगे। डार ने कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि ईरान सरकार ने पाकिस्तानी ध्वज वाले 20 और जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति देने पर सहमति जताई है।

# अमेरिका तक मार करेंगी उत्तर कोरिया की मिसाइलें

सियोल, एजेंसी



- किम जोंग उन की मौजूदगी में मिसाइल के इंजन का परीक्षण
- कहा- नए परीक्षण से सर्वोच्च स्तर पर पहुंची सामरिक ताकत

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने हथियारों के लिए उन्नत, उच्च-शक्ति वाले, ठोस ईंधन चालित इंजन के परीक्षण का जायजा लिया और इसे देश की सामरिक सैन्य क्षमता को मजबूत करने वाला बताया। इस मौके पर दावा किया गया कि इस इंजन से युक्त मिसाइलें मध्य अमेरिका तक मार करने में सक्षम होंगी।

यह परीक्षण अमेरिका और उसके सहयोगियों को निशाना बनाने वाली उन्नत मिसाइलें हासिल करने के किम के घोषित लक्ष्य के अनुरूप है लेकिन कुछ विशेषज्ञों का अनुमान है कि उत्तर कोरिया ने इस परीक्षण के बारे में बढ़ा-चढ़ाकर दावा किया है। ‘कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी’ (केसीएनए) के यह जानकारी देने से कुछ दिन पहले ही, किम जोंग उन ने संसद में अपने भाषण में कहा था कि वह उत्तर कोरिया को स्थायी तरीके से परमाणु शक्ति संपन्न देश के रूप में स्थापित करेंगे और सबसे बड़े दुश्मन दक्षिण कोरिया के खिलाफ कड़ा रुख अपनाए रहेंगे। किम ने पश्चिम एशिया में जारी युद्ध का जिक्र करते हुए अमेरिका पर आतंकवाद और आक्रामकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था।

केसीएनए के अनुसार, किम ने मिश्रित कार्बन फाइबर सामग्री से बनाए गए नए उन्नत इंजन का ग्राउंड जेट परीक्षण देखा। एजेंसी ने बताया कि इंजन का अधिकतम थ्रस्ट 2,500 किलोटन है, जो सितंबर में इसी तरह के ठोस ईंधन चालित इंजन के एक परीक्षण में बताए गए लगभग 1,971 किलोटन से अधिक है। केसीएनए की खबर में बताया कि यह परीक्षण देश के पांच वर्षीय सैन्य विस्तार कार्यक्रम के तहत किया गया। इस योजना के उद्देश्यों में सामरिक हमले के साधनों को उन्नत करना शामिल है। केसीएनए की खबर के अनुसार किम ने कहा कि नवीनतम इंजन परीक्षण का देश की सामरिक सैन्य ताकत को सर्वोच्च स्तर पर पहुंचाने में बहुत महत्व है। पर्यवेक्षकों का कहना है कि इंजन की

# पालघर : एसी फैक्टरी में विस्फोट से तीन की मौत

पालघर, एजेंसी

- तीनों से काम लेने वाले ठेकेदार के खिलाफ दर्ज किया गया मामला

महाराष्ट्र के पालघर जिला स्थित एयर कंडीशनिंग (एसी) इकाई में हुए विस्फोट में घायल हुए तीन लोगों की मौत हो गई। इस मामले में तीनों लोगों से काम लेने वाले ठेकेदार के खिलाफ लापरवाही के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है।

एक अधिकारी के मुताबिक शनिवार को यहां आबिटघर-अभंग पाड़ा क्षेत्र स्थित विस्तार मेटल इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड में विस्फोट हुआ। मृतकों की पहचान मोहम्मद अली अंसारी (32), अखिलेश कुमार मोतीलाल जायसवाल (45) और किसन भीवा निकम (57) के रूप में हुई है। घटना के समय वे सभी रखरखाव कार्य कर रहे थे। घायल हो जाने के बाद तीनों की स्थानीय अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि तीनों से काम करवाने वाले ठेकेदार के खिलाफ लापरवाही की वजह से मौत और अन्य अपराधों के लिए भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया। महेर ने कहा, हम इस बात की जांच कर रहे हैं कि मरम्मत कार्य के दौरान उचित सुरक्षा नियमों का पालन किया गया था या नहीं। अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। वाडा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज नया काम शुरू न करें। भाई-बहनों से सहायता लेने में संकोच न करें। व्यापार के विस्तार में कुछ रुकावट आ सकती है।

**तुला** – आज यदि आपने एकाग्रचित्त होकर कार्य किया तो आप काफी शानदार परिणाम प्राप्त कर सकते हैं।

**वृष** – आज कार्यक्षेत्र में आप बोरियत महसूस कर सकते हैं। तकनीक के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए समय बहुत ही अच्छा है।

**वृश्चिक** – आज काम की अधिकता के बावजूद ऊर्जावान रहेंगे। राजनीतिक लोग अपने विरोधियों के ऊपर भारी पड़ेंगे।

**मिथुन** – आज केवल अपने काम पर फोकस करें। चतुराई के कारण आप व्यापार में अच्छा लाभ कमायेंगे। नकारात्मकता में कमी आयेगी।

**धनु** – आज कामकाज में आपका अधिक मन नहीं लगेगा। किन्तु दूरदर्शी सोच के कारण आपको व्यापार में लाभ मिलेगा।

**कर्क** – आज किसी पुरानी बात को याद करके आप खुश होंगे। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। उल्टी व दस्त के कारण डिहाइड्रेशन जैसी समस्या हो सकती है।

**मकर** – आज जीवनसाथी के साथ मतभेद उभर सकते हैं। अहंकार की वजह से अपने संबंधों को खराब न करें। अनचाही यात्रा करनी पड़ सकती है।

**सिंह** – आज आप अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहेंगे। मन में नये-नये विचार आते रहेंगे। विद्यार्थी अपनी शिक्षा को लेकर अत्यन्त जागरूक रहेंगे।

**कुंभ** – आज आपकी दिनचर्या अत्यधिक व्यवस्थित रहेगी। कार्यक्षेत्र में आप अत्यन्त सरलता से अपने काम करेंगे।

**कन्या** – आज विरोधियों से सावधान रहना चाहिए। बहुत आवश्यक न हो तो लोगों से अपनी बातें एवं सूचनाएं शेयर करने से बचें।

**मीन** – आज नए कारोबार की आप शुरूआत कर सकते हैं। दांपत्य संबंधों में मधुरता रहेगी। बच्चों को ऑनलाइन गतिविधियों से दूरी बनाकर रखें।

### रूसी वायु रक्षा बलों ने रात भर में नष्ट किए 200 यूक्रेनी ड्रोन

- यूक्रेन ने रूस के अलग-अलग इलाकों में दागे थे ड्रोन

**मॉस्को।** रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि रूसी वायु रक्षा बलों ने शनिवार रात रूसी क्षेत्रों के ऊपर मंडरा रहे 203 यूक्रेनी ड्रोन नष्ट करने में सफलता हासिल की है।

मंत्रालय ने मीडिया एजेंसी मैक्स को बताया, पिछली रात वायु रक्षा चेतावनी तंत्र ने बेलगोरोड, ब्रायन्स्क, वोल्गोग्राद, वोरोनेज, कलुगा, कुर्स्क, लेनिनग्राद, नोवगोरोड, ओरयोल, पेन्जा, प्सकोव, रोस्तोव, समारा, सारातोव, स्मोलेंस्क, टवर, तुला क्षेत्रों, मॉस्को क्षेत्र, क्रास्नोदार क्षेत्र, क्रीमिया गणराज्य और काला सागर के ऊपर 203 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) को नष्ट कर दिया। यह भी कहा गया है कि इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई है और इन्हें नष्ट कर सुरक्षा बलों ने काफी उपलब्धि हासिल की है। यूक्रेन कई दिन से लगातार रूसी इलाकों में ड्रोन दागकर हमले कर रहा है।

### गुजरात के अमरेली में आया 3.1 तीव्रता का भूकंप

- सौराष्ट्र में छह दिन के अंदर दूसरी बार महसूस किए गए झटके

**अमरेली(गुजरात)।** गुजरात के अमरेली जिले में रविवार को 3.1 तीव्रता का भूकंप आया। हालांकि, इससे किसी के हताहत होने या संपत्ति को नुकसान पहुंचने की कोई खबर नहीं है।

अधिकारियों ने बताया कि गांधीनगर स्थित भूकंपीय अनुसंधान संस्थान के अनुसार, भूकंप का यह झटका शाम 4.10 बजे दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि भूकंप का केंद्र सौराष्ट्र क्षेत्र में अमरेली से लगभग 42 किमी दक्षिण-दक्षिण-पूर्व में सतह से 11.6 किमी की गहराई पर स्थित था। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप से न तो कोई घायल हुआ और न ही संपत्ति को कोई नुकसान पहुंचा। उन्होंने बताया कि मंगलवार को सौराष्ट्र क्षेत्र के राजकोट जिले में भी इसी तरह का 3.2 तीव्रता का भूकंप आया था।

सावरकुंडला विधानसभा के सदस्य महेश कसवाला ने कहा, पिछले कुछ दिनों में अमरेली में कई हल्के झटके महसूस किए गए हैं। मित्याला गांव के सरपंच ने कहा कि रविवार का झटका काफी तेज महसूस किया गया था।

### जर्मनी के डांस क्लब में आग लगने के बाद भगदड़

**बर्लिन।** दक्षिण-पश्चिमी जर्मनी में रविवार तड़के एक डांस क्लब में आग लग गई। डांस क्लब में मौजूद सैकड़ों लोगों को अपनी जान बचाने के लिए यहां से भागना पड़ा। आपातकाल सेवाओं ने बताया कि यह घटना फ्रांस की सीमा के पास स्थित केहल शहर में हुई और घटना के समय वहां 750 लोग मौजूद थे, हालांकि इनमें से कोई भी घायल नहीं हुआ। पुलिस ने बताया कि तीन लोगों को घटना से गहरा सदमा पहुंचा और उनका मौके पर ही इलाज किया गया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। दमकल विभाग, पुलिस और आपातकाल चिकित्सा सेवाओं के करीब 80 कर्मी घटना स्थल पर मौजूद थे।

**अभियान** — अधिकारियों ने किया दावा, कहा– खत्म हो चुका है नक्सलवादियों का शीर्ष नेतृत्व

# एक दशक में 10,000 से ज्यादा माओवादियों ने डाले हथियार

नई दिल्ली, एजेंसी

सुरक्षाबलों के दबाव और पुनर्वास योजनाओं के चलते पिछले एक दशक में 10,000 से अधिक माओवादियों ने हथियार डाले हैं, इसके साथ नक्सलियों का शीर्ष नेतृत्व खत्म कर दिया गया है। नक्सलवाद के खिलाफ चल रहे अभियान से खत्म होने से पहले अधिकारियों ने यह दावा किया।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देश से नक्सलवाद को खत्म करने के लिए 31 मार्च तक की समयसीमा निर्धारित कर रखी है। वर्ष 2025 में 2,300 माओवादियों ने हथियार डाले और 2026 के पहले तीन महीनों में 630 से अधिक नक्सलियों ने सशस्त्र विद्रोह के बजाय मुख्यधारा में लौटने का विकल्प चुना। ये आंकड़े 2014 से 2026 की शुरुआत तक माओवादियों के आत्मसमर्पण से संबंधित हैं। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ एकीकृत, बहुआयामी और निर्णायक रणनीति अपनाई है। इसका एक उदाहरण रेड कॉरिडोर में सड़कों का निर्माण है।




### नक्सलप्रभावित इलाकों में पहुंचा योजनाओं का लाभ

अधिकारियों के अनुसार, जिन क्षेत्रों में शासन व्यवस्था कमजोर थी और माओवादियों ने अपना दबदबा बनाया हुआ था, वहां सरकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचने लगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत घरों की संख्या मार्च 2024 में 92,847 से बढ़कर अक्टूबर 2025 में 2,54,045 हो गई। इसी अवधि में आधार पंजीकरण भी 23 .5 लाख से बढ़कर 24 .85 लाख हो गया और 21 .44 लाख आयुष्मान कार्ड जारी किए गए। पिछले 10 वर्षों में 250 से अधिक एकलव्य विद्यालयों को मंजूरी दी गई, जिनमें से 179 चालू हैं, साथ ही 11 केंद्रीय स्कूल और छह नवोदय स्कूल भी खोले गए हैं।

केंद्र ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) को पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) के प्रभाव वाले क्षेत्रों में सड़कें बनाने का काम सौंपा, जिसमें नक्सलवाद के इन गढ़ों में पांच प्रमुख सड़कों और छह महत्वपूर्ण पुलों का निर्माण शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि भाकपा (माओवादी) के प्रभाव वाले क्षेत्रों में 15,000 किमी से अधिक सड़कों का निर्माण किया गया, जिनमें से 12,250 किमी सड़कें पिछले 10 वर्षों में पूरी हुई हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में इन क्षेत्रों में सिर्फ 66 थाने थे जबकि पिछले 10 साल में 586 थानों का निर्माण किया गया।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 30 मार्च, सोमवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, द्वादशी 07 .09 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-मघा 14 .48 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

### सुडोकू - 103 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 8 | 4 | 5 | 7 | 2 | 9 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 9 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 | 7 |
| 9 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 |
| 2 | 8 | 3 | 1 | 6 | 5 | 9 | 7 | 4 |
| 6 | 1 | 7 | 9 | 8 | 4 | 3 | 5 | 2 |
| 7 | 6 | 1 | 8 | 2 | 9 | 4 | 3 | 5 |
| 8 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 1 | 6 | 9 |
| 3 | 9 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 | 2 | 8 |

### सुडोकू -104

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | | 4 | | 2 |
| 2 | 7 | | | | 3 | | 9 | |
| | | 5 | | | | | 7 | |
| | 9 | | | 5 | | 8 | | 1 |
| | | | 9 | | 7 | | | |
| 3 | 4 | 6 | | 2 | | | 5 | |
| | 8 | | 1 | | | 6 | | |
| | | | 3 | | | | 2 | 5 |
| 9 | | 7 | | 4 | | | | |



"विराट कोहली का अभी और भी बहुत कुछ आना बाकी है। पूरी पारी के दौरान कोहली अभी भी थोड़े रस्टी लग रहे थे। जैसे-जैसे वह और सेट होंगे, उनसे बहुत कुछ और देखने को मिलेगा।
-अंबाती रायुडू

स्टेडियम
बरेली, सोमवार, 30 मार्च 2026
अमृत विचार
www.amritvichar.com

**IPL 2026**

**आज का मुकाबला**

चेन्नई सुपर किंग्स
बनाम
राजस्थान रॉयल्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

# रोहित और रिकलटन की विस्फोटक पारियों से मुंबई ने कोलकाता को हराया

## आईपीएल-2026 : दोनों बल्लेबाजों ने 148 रनों की विशाल ओपनिंग साझेदारी की

**मुंबई, एजेंसी**

रायन रिकलटन (81) और रोहित शर्मा (78) की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत मुम्बई इंडियंस ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के दूसरे मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को छह विकेट से हराया।

रायन रिकलटन और रोहित शर्मा की सलामी जोड़ी ने आतिशी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए पहले विकेट के लिए 148 रन जोड़ कर मुम्बई इंडियंस को अच्छी शुरुआत दिलाई। 12वें ओवर में वैभव अरोड़ा ने रोहित शर्मा को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। रोहित शर्मा ने 38 गेंदों में छह चौके और छक्के उड़ाते हुए 78 रनों की पारी खेली। इसके बाद 15वें ओवर में कार्तिक त्यागी ने सूर्यकुमार यादव (16) को आउट किया। अगले ही ओवर में रायन रिकलटन सीधे थ्रो पर रनआउट हो गये। रिकलटन ने 43 गेंदों में चार चौके और आठ छक्के लगाते 81 रन बनाये। 19वें ओवर में तिलक वर्मा 14 गेंद में 20 रन बनाकर कैच आउट हुए। मुम्बई इंडियंस ने 19.1 ओवरों में चार विकेट पर 224 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से अपने नाम कर लिया। कप्तान हार्दिक पंड्या 11 गेंदों में 18 रन बनाकर नाबाद रहे। केकेआर के लिए वैभव आरोड़ा, कार्तिक त्यागी और सुनील नारायण ने एक-एक विकेट लिये। इससे पहले आज यहां अजिंक्य रहाणे (67), अंगकृष रघुवंशी (51) और फिन ऐलन (37) की विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने मुम्बई इंडियंस के खिलाफ चार विकेट पर 220 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। मुम्बई इंडियंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी केकेआर के लिए कप्तान अजिंक्य रहाणे और फिन ऐलन की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 69 रन जोड़े। छठें ओवर में शार्दुल ठाकुर ने फिन ऐलन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। फिन ऐलन ने 17 गेंदों में छह चौके और दो छक्कों की मदद से 37 रनों की पारी खेली। नौवें ओवर में शार्दुल ने कैमरुन ग्रीन (18) का शिकार कर लिया। 14वें ओवर में शार्दुल ठाकुर ने अजिंक्य रहाणे को आउट कर केकेआर को तीसरा झटका दिया। रहाणे ने 40 गेंदों में तीन चौके और पांच छक्के उड़ाते हुए 67 रनों की पारी खेली। 19वें ओवर में हार्दिक पंड्या ने अंगकृष रघुवंशी को कैच आउट करा दिया। अंगकृष रघुवंशी ने 29 गेंदों में छह चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 51 रन बनाये। केकेआर ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 220 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। रिंकू सिंह ने 21 गेंदों में चार चौकों की मदद से नाबाद 33 रन बनाये। मुम्बई इंडियंस के लिए शार्दुल ठाकुर ने तीन विकेट लिये। एक बल्लेबाज को हार्दिक पंड्या ने आउट किया।



पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी के दौरान रोहित शर्मा और रायन रिकलटन।

**कोलकाता**

**220/4** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| अजिंक्य रहाणे का हार्दिक बो शार्दुल | 67 |
| फिन एलेन का तिलक बो शार्दुल | 37 |
| कैमरन ग्रीन का रदरफोर्ड बो शार्दुल | 18 |
| रघुवंशी का तिलक बो हार्दिक | 51 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 33 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 04 |

**गेंदबाजी** : ट्रेंट बोल्ट 4-0-38-0, हार्दिक पंड्या 3-0-39-1, एएम गजनफर 4-0-51-0, जसप्रीत बुमराह 4-0-35-0, शार्दुल ठाकुर 4-0-39-3, मयंक मार्कंडेय 1-0-16-0

**मुंबई**

**224/4** (19.1 ओवर)

| | |
|---|---|
| रेयान रिकलटन रन आउट | 81 |
| रोहित शर्मा का अनुकूल बो वैभव | 78 |
| सूर्यकुमार यादव का रिंकू बो त्यागी | 16 |
| तिलक वर्मा का सब बो नारायण | 20 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 18 |
| नमन धीर नाबाद | 05 |

**गेंदबाजी** : वैभव अरोड़ा 4-0-52-1, ब्लेसिंग मुजारबानी 3-0-34-0, वरुण चक्रवर्ती 4-0-48-0, कार्तिक त्यागी 4-0-43-1, सुनील नारायण 3-0-30-1, अनुकूल रॉय 1.1-0-15-0

### अजिंक्य रहाणे लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर निकले

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे को रविवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले की दूसरी पारी में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैदान छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। रहाणे की गैरमौजूदगी में भारत के ऑलराउंडर रिंकू सिंह ने कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली। रिंकू को आईपीएल 2026 शुरू होने से पहले उप-कप्तान बनाया गया था। मुंबई इंडियंस के 221 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे ओवर के खत्म होने के बाद रहाणे मैदान पर गिर पड़े थे। टीम के फिजियोथेरेपिस्ट से इलाज मिलने के बावजूद यह 37 वर्षीय खिलाड़ी खेल जारी नहीं रख सका।



गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होने वाले मैच से एक दिन पहले बारिश के कारण मैदान को कवर कर दिया गया। एजेंसी

# धोनी के बिना उतरेगी चेन्नई सैमसन पर रहेंगी निगाहें

- राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबला आज

**गुवाहाटी, एजेंसी**

पिछले एक दशक से अधिक राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रहे संजू सैमसन अब आईपीएल के मैच में सोमवार को उसी टीम के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स की जर्सी में नजर आएंगे जबकि चेन्नई टीम का हिस्सा रहे रविंद्र जडेजा अब रॉयल्स के लिए खेलने जा रहे हैं।

पिछले दस साल से अधिक समय से सैमसन रॉयल्स टीम के कप्तान और स्टार बल्लेबाज रहे हैं। उनकी कप्तानी में रॉयल्स 2022 में फाइनल तक पहुंची थी। जिस तरह से चेन्नई की पहचान महेंद्र सिंह धोनी हैं, वैसे ही रॉयल्स की पहचान सैमसन बन गए थे, लेकिन इस सत्र से पहले हुई अदला बदली में अब जडेजा रॉयल्स के लिए खेलेंगे और भारत की टी20 विश्व कप जीत के नायक रहे सैमसन चेन्नई टीम का हिस्सा होंगे।

सैमसन ने टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी तीन मैचों में 50 से अधिक रन बनाकर भारत की खिताबी जीत में सूत्रधार की भूमिका निभाई। वह चेन्नई के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ के साथ पारी की शुरुआत करेंगे और टीम के कोर नेतृत्व का भी हिस्सा होंगे चूंकि धोनी फिटनेस कारणों से कम से कम दो सप्ताह नहीं खेल पायेंगे। चोट के कारण एमएस धोनी टीम के साथ गुवाहाटी नहीं आये हैं। उनकी गैर मौजूदगी में सैमसन व गायकवाड़ पर नजरें रहेंगी।

**टीम**

**चेन्नई सुपर किंग्स** : रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), संजू सैमसन, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, आयुष म्हात्रे, मैट हेनरी, अकील हुसैन, नूर अहमद, जैमी ओवर्टन, मैथ्यू शॉर्ट, खलील अहमद, जाक फोकेस, अंशुल कम्बोज, नाथन एलिस, सरफराज खान, राहुल चाहर, कार्तिक शर्मा, उर्विल पटेल, अमन खान, रामाकृष्णा घोष, प्रशांत वीर, श्रेयस गोपाल, गुरजपनीत सिंह और मुकेश चौधरी।

**राजस्थान रॉयल्स** : रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायेर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जायसवाल, रविंद्र जडेजा, सैम कुरेन, एडम मिल्ने, बृजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा।

**हाईलाइट**

### कोको गाफ को हराकर एरिना सबालेंका ने मियामी ओपन जीता



**मियामी गार्डन्स।** एरिना सबालेंका ने मियामी ओपन महिला एकल फाइनल में कोको गाफ को 6-2, 4-6, 6-3 से हराकर खिताब जीता। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका चौथी रैंकिंग वाली गाफ को हराकर 'सनशाइन डबल' पूरा करने वाली पिछले चार साल में पहली खिलाड़ी बनी। उन्होंने इंडियल वेल्स खिताब भी जीता था। मियामी ओपन में यह उनकी लगातार दूसरी जीत है।

### विश्व वुशू चैंपियनशिप में भारतीय चमके

**तियानजिन (चीन)।** भारतीय खिलाड़ियों ने रविवार को यहां 10वीं विश्व वुशू चैंपियनशिप में दो कांस्य पदक जीते जबकि चार अन्य भी अलग-अलग वर्ग में फाइनल में पहुंच गए। भारत की अनु लड़कियों के वर्ग के सेमीफाइनल में चीन की झांग लिनिंग के सामने थीं लेकिन वह कड़े मुकाबले में हार गईं जिससे उन्हें कांस्य पदक मिला। वहीं लड़कों के सेमीफाइनल में गौतम मनकास अपने प्रतिद्वंद्वी से हार गए, जिससे उन्हें भी कांस्य पदक मिला। इसके अलावा चार भारतीय खिलाड़ियों ने जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। उपेंद्रो थौगम ने मिस्र के अहमद मोहम्मद को हराकर फाइनल में प्रवेश किया जबकि पामा हेइबा सिंह ने सेनेगल के अलीमौसी को हराकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की की।

### मर्सिडीज के एंटोनेली ने फिर जीती एफवन रेस

**सुजुका।** मर्सिडीज के 19 वर्षीय ड्राइवर किमी एंटोनेली ने रविवार को जापानी ग्रांप्री में मैकलारेन के ऑस्कर पियास्त्री को पछाड़ते हुए लगातार दूसरी फॉर्मूला वन (एफ1) रेस जीत ली। इटली के एंटोनेली ने ऑस्ट्रेलिया के ड्राइवर को 13.7 सेकंड के अच्छे अंतर से पछाड़ा। फेरारी के चार्ल्स लेक्लर्क तीसरे और मर्सिडीज के जॉर्ज रसेल चौथे स्थान पर रहे। मैकलारेन के लैंडो नॉरिस पांचवें और फेरारी के लुईस हैमिल्टन छठे स्थान पर रहे। एंटोनेली ने अपने करियर की पहली एफवन रेस दो सप्ताह पहले चीन में जीती थी और वह इतिहास के दूसरे सबसे कम उम्र के विजेता हैं। सबसे कम उम्र के विजेता का रिकॉर्ड मैक्स वेरस्टैपेन के नाम है। उन्होंने 2016 में 18 साल की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी।

# ब्रेक से तरोताजा होकर वापसी में मदद मिली : विराट कोहली

**बेंगलुरु, एजेंसी**

आईपीएल के 2026 सत्र की शुरुआत नाबाद अर्धशतक से करने वाले महान बल्लेबाज विराट कोहली का मानना है कि नियमित अंतराल पर खेल से ब्रेक लेने से उन्हें थकान से बचने और मानसिक रूप से तरोताजा होकर वापसी करने में मदद मिली।

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल के इस सत्र के पहले मैच में गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को छह विकेट से मिली जीत में कोहली ने 38 गेंद में पांच चौकों और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 69 रन बनाए। कोहली ने मैच के बाद कहा वापिस यहां आकर अच्छा लग रहा है। आखिरी मैच मैने पिछले साल आईपीएल फाइनल खेला था लेकिन हाल ही में वनडे श्रृंखलाओं में जिस तरह से बल्लेबाजी की, उससे मुझे लय हासिल करने में मदद मिली।
अंतरराष्ट्रीय टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके कोहली ने कहा मैं वह शॉट्स नहीं खेल रहा था जो आम तौर पर नहीं खेलता। मुझे पता है कि मैं लय में हूं और मैने फिटनेस पर भी काफी मेहनत की है तो प्रदर्शन अच्छा ही रहेगा। हमारे पास अच्छी शुरूआत का मौका था और हमने वही किया। सिर्फ एक ही प्रारूप खेलने के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा पिछले 15 साल से जिस तरह का कार्यक्रम रहा है और हमने जितनी क्रिकेट खेली है, मेरे लिये तैयारी की कमी की बजाय जरूरत से ज्यादा खेलने की थकान का जोखिम अधिक रहा है।



### हमने देवदत्त, कोहली को रन बनाने के मौके दिए : कोच विटोरी

**बेंगलुरु।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ अपनी टीम की गेंदबाजी को खराब बातते हुए कहा कि गेंदबाजों ने आईपीएल के पहले मैच में विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल को रन बनाने के काफी मौके दिए। सनराइजर्स ने सत्र के पहले मैच में नौ विकेट पर 201 रन बनाये लेकिन आरसीबी ने लक्ष्य 15.4 ओवर में ही हासिल कर लिया। विटोरी ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा आपको गेंदबाजी से अच्छी शुरूआत की जरूरत थी जो फिल साल्ट का विकेट लेकर की भी, लेकिन हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके।

### इस उम्र में कोहली की ऊर्जा और जोश बेजोड़ : अश्विन

**बेंगलुरु।** विराट कोहली की जमकर तारीफ करते हुए भारत के पूर्व आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि टेस्ट और वनडे क्रिकेट से संन्यास लेने के बावजूद अपनी बेजोड़ ऊर्जा और जोश के दम पर जो कहते हैं, वह करके दिखाते हैं।

पिछले साल तीन जून को आईपीएल फाइनल जीतने के बाद पहली बार टी20 प्रारूप खेलते हुए कोहली ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 38 गेंद में नाबाद 69 रन बनाये जिसकी मदद से गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने आईपीएल 2026 के पहले मैच में छह विकेट से जीत दर्ज की। अश्विन ने एक शो पर कहा वह जो कहते हैं, करके दिखाते हैं। उन्होंने कहा ऐसा लगता है कि वह लोगों को दिखा रहे हैं कि कैसे खेला जाता है। इसे जोरदार ढंग से खेलो और वैसे ही खेलो, जैसे खेला जाना चाहिए। विराट ने जो कुछ भी किया, उस लिहाज से यह बात मेरे लिए सबसे खास रही। कोहली ने आईपीएल से पहले जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला में 93, 23 और 124 रन बनाए थे।

# पिछली जीत को हम पीछे छोड़ चुके : पाटीदार


- आरसीबी के कप्तान बोले-हम कुछ बचाने के लिए नहीं खेल रहे

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कप्तान रजत पाटीदार ने कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पिछले साल आईपीएल में मिली जीत को पीछे छोड़ चुकी है और अब फोकस इस साल फिर खिताब जीतने के लिये बेहतरीन प्रदर्शन पर है। आरसीबी ने इस सत्र के पहले मैच में शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद को छह विकेट से हराकर शानदार शुरूआत की। पाटीदार ने हालांकि कहा कि वह टीम के अभियान को खिताब बचाने की मुहिम नहीं मानते।

उन्होंने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा हम इस मानसिकता के साथ नहीं खेल रहे हैं कि कुछ बचाना है। हमने 2025 में जो किया, वह बीती बात है। हम इस बार फिर खिताब जीतने के लिये सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के इरादे से खेल रहे हैं।

आरसीबी की जीत में विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल और जैकब डफी का अहम योगदान रहा। पाटीदार ने कहा लक्ष्य का पीछा करने में कोहली नंबर एक हैं। मुझे हमेशा से उनकी बल्लेबाजी पसंद है और डगआउट से उन्हें खेलते देखना



बहुत शानदार रहता है। उन्होंने कहा कोच एंडी फ्लावर की तरह मुझे भी लगता है कि वह अपने खेल के शिखर पर है। उसकी पारी को बयान करने के लिये मेरे पास समय नहीं है। वह मेरे आदर्श है और मैने उन्हें नेट्स पर उसी ऊर्जा और तत्परता के साथ खेलते देखा है। मैं उन्हें नेट्स पर बल्लेबाजी करते देखकर बहुत कुछ सीख रहा हूं। सनराइजर्स के शीर्ष तीन विकेट लेने वाले डफी के बारे में उन्होंने कहा वह टी20 का विशेषज्ञ गेंदबाज है और हमें उस पर काफी भरोसा है। जिस तरह से वह खेल रहा है, जबर्दस्त है।

### डीआरएस रेफरल के लिए ऑटोमैटिक डबल चेक नहीं होगा

**मुंबई।** बीसीसीआई ने आईपीएल की टीमों से कहा कि डीआरएस रेफरल के दौरान कोई भी ऑटोमैटिक डबल चेक नहीं होगा। खास तौर पर, रिव्यू केवल अपील के मूल बिंदु तक ही सीमित रहेगा, और कोई भी अतिरिक्त चेक तभी किया जाएगा जब दूसरी टीम ने तय समय के अंदर रिव्यू किया हो। अगर गेंदबाजी करने वाली टीम कैच-बिहाइंड के लिए रिव्यू करती है, तो अंपायर उसके बाद वाइड के लिए चेक नहीं करेंगे। यह तभी चेक किया जाएगा जब बल्लेबाजी करने वाली टीम रिव्यू का विकल्प चुने। हाइट वाइड के लिए कोई ऑटोमैटिक चेक नहीं होगा। अब से, इसका रिव्यू तभी किया जाएगा जब बल्लेबाजी करने वाली टीम तय 15 सेकंड के अंदर रिव्यू का विकल्प चुने। बल्लेबाज को अतिरिक्त 15 सेकंड नहीं दिए जाएंगे। बीसीसीआई के मैच रेफरी प्रमुख जवागल श्रीनाथ और अंपायर प्रमुख नितिन मेनन कार्यालय में हाल ही में हुई कप्तानों की बैठक के दौरान टीमों को संबोधित कर रहे थे। पारी का टाइमर और 60 सेकंड की घड़ी : पारी का टाइमर तीसरे गेंद पर और हर ओवर के खत्म होने के बाद स्कोरबोर्ड पर दिखाया जाएगा। 60 सेकंड की घड़ी हर ओवर के खत्म होने के बाद बड़ी स्क्रीन पर दिखाई जाएगी।

**एशियाई चैंपियनशिप**

वर्ष के आखिर में होने वाले बहु-खेल टूर्नामेंटों के लिए सीधे कोटा हासिल करने की करेंगे कोशिश

# भारतीय मुक्केबाजों की नजरें में मजबूत शुरुआत पर

**उलानबटोर (मंगोलिया), एजेंसी**

भारतीय मुक्केबाज सोमवार से यहां शुरू हो रही एशियाई चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करके आगामी व्यस्त सत्र में हर मौके का पूरा फायदा उठाते हुए साल के आखिर में होने वाले बहु-खेल टूर्नामेंटों के लिए सीधे कोटा हासिल करने की कोशिश करेंगे। इस टूर्नामेंट के जरिए नए व्यस्त सत्र की शुरुआत होगी, जिसमें जुलाई-अगस्त में ग्लास्गो में राष्ट्रमंडल खेल, सितंबर-अक्टूबर में जापान में एशियाई खेल और उजबेकिस्तान में विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स होने हैं।

इस चैंपियनशिप के जरिए मुक्केबाजों को राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिए सीधे



क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा। भारतीय टीम पिछले 15 दिन से मंगोलिया में है और मंगोलिया, चीन, जॉर्डन और थाईलैंड के मुक्केबाजों के साथ अभ्यास कर रही है। महिला वर्ग में भारतीय चुनौती की अगुवाई ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा), दो बार की विश्व चैम्पियन निकहत जरीन (51 किग्रा), मौजूदा विश्व चैम्पियन मीनाक्षी हुड्डा (48 किग्रा) और जैस्मीन लंबोरिया (57 किग्रा) करेंगी। लवलीना ने फरवरी में स्पेन में बॉक्सेम इंटरनेशनल जीता था। वहीं, निकहत, मीनाक्षी और जैस्मीन नवंबर के बाद पहला टूर्नामेंट खेलेंगी।

भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच सैंटियागो नीवा ने कहा एशियाई चैम्पियनशिप कठिन परीक्षा होगी। हमें पता है कि पिछले एक दशक में एशियाई मुक्केबाजी का स्तर काफी बेहतर हुआ है और दुनिया की सबसे मजबूत टीमों में से कई एशिया से हैं। हमारा इतिहास बताता है कि हम पदक जीत सकते हैं। हमारी नजरें कई पदकों पर हैं, जिसके लिए हमारे मुक्केबाजों का फाइनल में पहुंचना जरूरी है। महिला वर्ग में प्रीति पवार 54 किग्रा भार वर्ग में कजाखस्तान की एलिना बाजारोवा से भिड़ेंगी, जबकि 60 किग्रा में प्रिया का मुकाबला कजाखस्तान की मुक्केबाज रिम्मा वोलोसेन्को से होगा। मीनाक्षी का सामना जापान की युका सदामात्सु से होगा, जबकि पूजा रानी कजाखस्तान की नादेज्दा रायाबेत्स के खिलाफ उतरेंगी। जरीन, जैस्मीन, अंकुशिता बोरो, अरुंधति चौधरी, बोरगोहेन और अल्फिया पठान को पहले दौर में बाई मिली है। महिला खिलाड़ियों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है, लेकिन भारतीय पुरुष टीम पिछले साल विश्व चैम्पियनशिप में मिली नाकामी का गम दूर करना चाहेगी, जहां 12 साल में पहली बार एक भी भारतीय पुरुष मुक्केबाज पदक नहीं जीत सका था।

**टीम**

**महिला** : मीनाक्षी (48 किलो), निकहत जरीन (51 किलो), प्रीति पवार (54 किलो), जैसमीन लंबोरिया (57 किलो), प्रिया (60 किलो), अंकुशिता बोरो (65 किलो), अरुंधति चौधरी (70 किलो), लवलीना बोरगोहेन (75 किलो), पूजा रानी (80 किलो), अल्फिया तरन्नुम (80 प्लस किलो)

**पुरुष** : विश्वनाथ सुरेश (50 किलो), जादूमणि सिंह (55 किलो), सचिन (60 किलो), आदित्य प्रताप यादव (65 किलो), दीपक (70 किलो), आकाश (75 किलो), अंकुश (80 किलो), लोकेश (85 किलो), हर्ष चौधरी (90 किलो), नरेंदर बेरवाल (90 प्लस किलो)।

